- न्यायधीशों पर आरोप लगाने की प्रवृत्ति से सुप्रीम कोर्ट चिंतित
-12

- इंटरकनेक्शन नियमों की समीक्षा करेगा ट्राई, परिचर्चा पत्र जारी
-12

- फिलीपींस मे तूफान फंग वोंग से आठ लोगों की मौत, 14 लाख बेघर
- 13

- इंग्लैंड में खेलने से इन्कार करने पर शमी की वापसी की संभावना पड़ सकती है क्षीण
- 14

आज का मौसम

26.0° अधिकतम तापमान

09.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.24

सूर्यास्त 05.21

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

लखनऊ

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष सप्तमी 11:09 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 11 नवंबर 2025, वर्ष 35, अंक 282, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

लाल किला के पास कार में धमाका

8 की मौत, कई राज्यों में हाईअलर्ट

विस्फोट से कई मीटर दूर तक खड़े वाहनों के शीशे टूटे, एनआईए ने जुटाए सुबूत, 24 घायल

- विस्फोट में छह कारें, दो ई-रिक्शा और एक ऑटोरिक्शा हुआ खाक

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास एक कार में सोमवार शाम 6:52 बजे जबरदस्त विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। भीड़भाड़ वाले इलाके में व्यस्त समय में हुए विस्फोट से कई वाहनों में आग लग गई, जबकि कई की खिड़कियों के शीशे टूट गए। दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने कहा, धमाका यातायात सिग्नल के पास धीमी गति से चल रहे एक वाहन में हुआ। विस्फोट में घायलों को एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया। विस्फोट के बाद यूपी, उत्तराखंड, बिहार, हरियाणा व अन्य राज्यों में हाईअलर्ट जारी किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट स्थल के पास शवों के अंग बिखरे हुए दिखाई दे रहे थे। विस्फोट के बाद दिल्ली पुलिस ने पूरे शहर के लिए हाई अलर्ट जारी कर दिया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के मुताबिक, दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। दमकल अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के कारण लगी आग पर देर शाम 7.29 बजे तक काबू पा लिया गया। आग में छह कारें, दो ई-रिक्शा और एक ऑटोरिक्शा जलकर खाक हो गए। एनआईए की एक टीम घटनास्थल पर पहुंचे कर साक्ष्य जुटाए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि कई मीटर दूर खड़े वाहनों की खिड़कियों के शीशे टूट गए। धमाके की आवाज आईटीओ तक भी सुनी गई। चांदनी चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय भार्गव, जिनकी दुकान घटनास्थल से लगभग 800 मीटर दूर है, ने बताया कि विस्फोट के कारण पूरी इमारत हिल गई। दिल्ली विस्फोट में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति प्रधानमंत्री ने संवेदना व्यक्त की।

लालकिला के पास हुए विस्फोट के बाद लगी आग से खाक हुई कारें। दाएं : विस्फोट के बाद कार में लगी आग। ● एजेंसी

यूपी में अलर्ट, सीएम ने दिए सख्त निर्देश

लखनऊ। दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क मोड पर आ गई हैं। मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशभर के अफसरों को फील्ड में उतरने के निर्देश दिए हैं। कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि को बख्शा न जाए और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए। योगी ने प्रमुख सचिव गृह समेत डीजीपी और एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) को निर्देश दिया है कि सभी जिलों में गश्त बढ़ाई जाए और इंटेलिजेंस यूनिट लगातार अलर्ट रहे। रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, बाजार, धार्मिक स्थलों पर चेकिंग अभियान चले।

हालात की समीक्षा के बाद घायलों से मिलने पहुंचे शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लाल किले के निकट हुए धमाके के बाद हालात का जायजा लेने के लिए दिल्ली पुलिस प्रमुख और खुफिया ब्यूरो के निदेशक से बात की। इसके बाद वह घायलों का हाल जानने एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे। शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी), राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और फॉरेंसिक विज्ञान के प्रमुखों को जांच में सहायता करने और साक्ष्य एकत्र करने के लिए विस्फोट स्थल पर विशेषज्ञ टीम भेजने का भी निर्देश दिया था।

2900 किलोग्राम विस्फोटक बरामद

तीन डॉक्टर समेत आठ गिरफ्तार

श्रीनगर/फरीदाबाद, एजेंसी

देश के विभिन्न हिस्सों से तीन चिकित्सकों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री जब्त की गई। पुलिस का दावा है कि इन गिरफ्तारियों और जब्ती से जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवातुल हिंद के आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है। गिरफ्तार आतंकियों में कश्मीर के डॉ. मुजम्मिल गनी और लखनऊ के डॉ. शाहीन शामिल हैं, जिन्हें हिरासत में पूछताछ के लिए श्रीनगर लाया गया। डॉ. शाहीन की कार से एक एके-47 राइफल मिली है।

जम्मू- कश्मीर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस बलों के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों का संयुक्त अभियान एक बड़ी सफलता है। जम्मू पुलिस ने बताया कि 2,900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री में अमोनियम नाइट्रेट, पोटैशियम नाइट्रेट और सल्फर शामिल हैं, जिसमें फरीदाबाद में गनी के किराए के मकान से बरामद 360 किलोग्राम ज्वलनशील सामग्री शामिल है। इस विस्फोटक सामग्री के अमोनियम नाइट्रेट होने का शक है। विभिन्न स्थानों से की गई बरामदगी में एक चीन की स्टार पिस्तौल, एक बरेटा पिस्तौल, एक एके-56 राइफल, एक एके क्रिंकॉव राइफल, विस्फोटक, रसायन, रिएजेंट्स, ज्वलनशील सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट, बैटरियां, तार, रिमोट कंट्रोल, टाइमर और धातु की शीट शामिल हैं। हरियाणा के अल फला विश्वविद्यालय में शिक्षक मुजम्मिल उर्फ गनी श्रीनगर में जैश-ए-मोहम्मद के समर्थन में पोस्टर लगाने के मामले में वांछित था। शैक्षणिक नेटवर्क के जरिए धन जुटाया गया।



पुलिस ने आतंकियों से बरामद किए हथियार।

डॉ. आदिल

- गिरफ्तार लोगों में कश्मीर के डॉ. मुजम्मिल गनी और लखनऊ के डॉ. शाहीन

तीन राज्यों की पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, डॉ. शाहीन की कार से एके-47 राइफल मिली

गिरफ्तार आठ लोगों में से सात कश्मीर से

गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में से सात कश्मीर से हैं। इनमें श्रीनगर के नौगाम के निवासी अरिफ निजार डार उर्फ साहिल, यासिर-उल-अशरफ और मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद, शोपियां का निवासी मौलवी इरफान अहमद, गंदेरबल के वकुरा का निवासी जमीर अहमद आहंगर उर्फ मुतलशा, पुलवामा के कोइल क्षेत्र का निवासी डॉ. मुजम्मिल अहमद गनी उर्फ मुसैब, कुलगाम के वनपोरा क्षेत्र का रहने वाला डॉ. आदिल और लखनऊ का निवासी डॉ. शाहीन शामिल है।

गनी और आदिल के फोन पर कई पाकिस्तानी नंबर

अधिकारियों ने दावा कि गनी और आदिल के फोन पर कई पाकिस्तानी नंबर पाए गए थे और वे नेटवर्क के संभावित हैंडलर हो सकते हैं। श्रीनगर के बुनपोरा नौगाम क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बलों को धमकाने के लिए 19 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर जैश-ए-मोहम्मद के कई पोस्टर चिपके हुए पाए गए थे। यह जांच की शुरुआत थी, जिससे अंतर-राज्यीय आतंकवादी नेटवर्क का खुलासा हुआ। जांच में एक सफेदपोश आतंकवादी ईकोसिस्टम का पता चला, जिसमें कट्टरपंथी पेशेवर और छात्र पाकिस्तान और अन्य देशों से काम कर रहे विदेशी आकाओं से संपर्क में थे।

सरदार पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर

राष्ट्रीय एकता यात्रा

विशाल जनसभा

-: मुख्य अतिथि :-

मा. योगी आदित्यनाथ जी महाराज

मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार

का हार्दिक स्वागत, वंदन एवं

अभिनंदन

बृजेश शर्मा

कार्यकारी क्षेत्रीय संयोजक अवध क्षेत्र, भाजपा

सुशासन तथा केंद्र एवं राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वय विभाग

राजीव नयन तिवारी

M.A., L.L.B., L.L.M., जिला सह संयोजक, भाजपा

सुशासन तथा केंद्र एवं राज्य शासकीय कार्यक्रम समन्वय विभाग

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?

जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए

प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए

आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 11 नवंबर 2025

प्रदेश में हाई अलर्ट : धार्मिक स्थलों व सीमावर्ती इलाकों की बढ़ाई गई सुरक्षा

दिल्ली में लालकिला मेट्रो स्टेशन धमाके के बाद डीजीपी ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को किया अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस कमिश्नर व एसपी को दिए निर्देश, पूरे प्रदेश में सड़कों पर उतरी पुलिस, चेकिंग शुरू

अमृत विचार : दिल्ली में लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके के बाद मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर डीजीपी राजीव कृष्ण ने प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। सभी पुलिस कमिश्नर, एसएसपी, एसपी और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने को कहा है। संवेदनशील स्थानों, धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, बस स्टेशन व बाजारों समेत सभी मॉल में चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं। पूरे प्रदेश में पुलिस ने चेकिंग अभियान देर शाम से शुरू कर दिया है।

लखनऊ में मल्टी लेवल पार्किंग में डॉग स्क्वॉड के साथ चेकिंग करते सुरक्षाकर्मी।

दिल्ली में धमाके के बाद राजधानी लखनऊ के हजरतगंज क्षेत्र में सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी। अमृत विचार

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी फील्ड में उपस्थित रहने के साथ ही तथा संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, बाजारों, सार्वजनिक आयोजनों एवं धार्मिक स्थलों का स्वयं भ्रमण, निरीक्षण एवं पेट्रोलिंग करने को कहा है। साथ ही महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले स्थानों व अन्य संवेदनशील बिंदुओं की सुरक्षा व्यवस्था की पुनः समीक्षा के निर्देश दिए है। इसके अलावा वाहनों की चेकिंग, मेट्रो, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, मॉल, सिनेमा हॉल तथा अन्य सार्वजनिक परिवहन और भीड़भाड़ वाले जगहों पर सघन सतर्कता बरतने को कहा है। इसके अलावा डीजीपी ने एटीएस, क्यूआरटी, बम निरोधक दस्ते व डॉग स्क्वॉड को तत्पर मोड में रखा जाए तथा फुट पेट्रोलिंग और एरिया डोमिनेशन बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सीसीटीवी फ़ीड्स का रीयल-टाइम विश्लेषण कर तथा स्थानीय खुफिया तंत्र तथा नागरिक सूचना नेटवर्क को सक्रिय कर संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों की तुरंत रिपोर्टिंग करने के लिए कहा है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लावारिस वस्तुओं और संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग के भी निर्देश दिए है। वहीं यूपी 112 पीआरवी निरंतर संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण करने और सोशल मीडिया की लगातार निगरानी करते हुए हर इनपुट को गंभीरता से लेते हुए अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए है।

> यूपी के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को संवेदनशील धार्मिक स्थलों, संवेदनशील जिलों और सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। सभी सुरक्षा एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया गया है। प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। लखनऊ से संवेदनशील इलाकों में गश्त और जांच बढ़ाने का आदेश जारी किया गया है। **-अमिताभ यश, एडीजी कानून-व्यवस्था, उप्र.**

बेटियों के सशक्त होने से विकसित होगा देश : प्रतिभा कुशवाहा

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा सोमवार को प्रतापगढ़ पहुंची। निरीक्षण भवन में कुछ देर रुकने के बाद वह वन स्टाप सेंटर भुलियापुर का निरीक्षण करने पहुंचीं। दोपहर में राजकीय बालिका इंटर कालेज में निरीक्षण व मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुईं।

जीजीआईसी के जागरूकता कार्यक्रम में बोलतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा।

- राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का प्रतापगढ़ आगमन, बेटियों को किया जागरूक

यहां उन्होंने बेटियों को मोबाइल के दुरुपयोग से बचने व साइबर अपराध से सतर्क रहने को प्रेरित किया। कहा कि बेटियां अब सशक्त हो रही हैं। उन्होने कहा कि मोदी व योगी सरकार ने बेटियों के बारे में केवल सोचा ही नहीं, कई योजनाएं चलाईं। बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का नारा देकर उसे साकार भी किया। वर्ष 2047 में भारत तभी सही मायने में विकसित होगा, जब बेटी सुरक्षित, शिक्षित व आत्मनिर्भर होगी। कहा कि इस दिशा में भाजपा सरकारें काम कर रही हैं। इसके बाद महिला आयोग की सदस्य ने महिला चिकित्सालय का निरीक्षण करके नवजीवन उत्सव-मां और शिशु सम्मान समारोह कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गीता यादव, उप प्रधानाचार्य डा. मोहम्मद अनीस, संदीप मिश्र, राम अचल मौर्य, अभिषेक द्विवेदी, जया यादव आदि मौजूद रहे।

पीसीएफ गोदाम का ताला बंद होने पर किसानों ने किया हंगामा

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़।

अमृत विचार : बाबागंज के मनगढ़ में किसानों को खाद उपलब्ध कराने को पीसीएफ की गोदाम है। सोमवार को खाद लेने पहुंचे किसान गोदाम में ताला बंद देख आक्राशित हो गए। हंगामा करते हुए जमकर नारेबाजी करने लगे। किसानों ने आरोप लगाया कि पीसीएफ के गोदाम में खाद रखी है उसके बाद भी किसानों को खाद नहीं दी जा रही है। किसान खाद के लिए रोज चक्कर लगा रहे हैं। विदासिन के शिवबरन, मतरजापुर के अर्जुन, मुरैनी के मुन्नालाल यादव, बनवारीलाल, शेखपुर के उमेश यादव, लरु के संतलाल पासी आदि किसानों ने खाद नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। एआर देवेन्द्र वर्मन का कहना है कि पीसीएफ प्राइवेट कंपनी से है, उसमें उनका कोई हस्तक्षेप नहीं है।

लखनऊ से महिला डॉक्टर को किया गिरफ्तार, एके-47 बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- फरीदाबाद से पकड़े गए आतंकी डॉ. मुजम्मिल की गर्लफ्रेंड है गिरफ्तार महिला डॉक्टर

अमृत विचार : जम्मू कश्मीर पुलिस ने लखनऊ में बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को गिरफ्तार किया। उनका कनेक्शन आतंकी गिरोह से था। पुलिस ने शाहीन की कार से एके-47 भी बरामद किया है। गिरफ्तारी के तत्काल बाद आरोपी डॉक्टर को पुलिस जम्मू-कश्मीर लेकर चली गई।

पुलिस के अनुसार डॉक्टर शाहीन फरीदाबाद आतंकी साजिश में गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल की गर्लफ्रेंड बताई जा रही है। मुजम्मिल इस महिला डॉक्टर की कर का इस्तेमाल करता था। शाहीन का पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और अंसार-गजवत-उल-हिंद से जुड़े होने के आरोप है। फिलहाल पुलिस महिला डॉक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने एक गुप्त ऑपरेशन के तहत इस मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। जांच में सामने आया है कि डॉक्टर शाहीन शाहिद का संपर्क कई संदेश नेटवर्क से था। डॉक्टर शाहीन की डोर पाकिस्तान में बैठे आतंकियों से जुड़ी है। पुलिस का दावा है कि माड्यूल भारत के विभिन्न हिस्सों में आतंकी गतिविधियों को संचालित करने का साजिश रच रहा था। डॉक्टर शाहीन का नाम अलीगढ़ स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां अब यह जांच कर रही है कि क्या इस विश्वविद्यालय के माध्यम से किसी तरह का आतंकी फंडिंग से इस नेटवर्क का संचालन किया जा रहा था। पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसी शाहीन के डिजिटल डिवाइस बैंक लेनदेन और विदेश के कनेक्शन की जांच कर रही है।

उर्वरक वितरण में अनियमितता पर सचिव निलंबित

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा के निर्देश पर एआर कोऑपरेटिव देवेन्द्र वर्मन ने बी-पैक्स मझिलहा के सचिव संदीप कुमार को निलंबित कर दिया है। मालूम हो कि सीडीओ ने छह नवंबर को बी-पैक्स मझिलहा का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण में स्टॉक रजिस्टर, ईपॉस मशीन और गोदाम में उपलब्ध उर्वरक की मात्रा में अनियमितता पाई गई थी। इस बाबत सीडीओ ने सचिव संदीप कुमार से स्पष्टीकरण मांगा था। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं मिलने पर सोमवार को एआर कोऑपरेटिव ने सचिव को निलंबित कर दिया।

भारत पर्व में दिखेगी यूपी की संस्कृति

लखनऊ : गुजरात में आयोजित होने वाले 'भारत पर्व' में शामिल होने के लिए प्रदेश के विभिन्न अंचलों से चयनित कलाकारों एवं विभाग के कर्मचारियों का दल दो बसों द्वारा रवाना हो गया है। सांस्कृतिक दलों को संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को अपनी शुभकामनाओं के साथ विदा किया। कलाकारों द्वारा लोकसंस्कृतियों की प्रस्तुति से उत्तर प्रदेश की 'उन्नत संस्कृति एवं समग्र विकास' की झलक पूरा देश देखेगा।

पश्चिम यूपी का गिरोह कर रहा ऑक्सीटोसिन का काला कारोबार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मेरठ व बागपत से लेकर लखनऊ तक फैला है गिरोह का नेटवर्क

अमृत विचार : राजधानी लखनऊ में ऑक्सीटोसिन के अवैध कारोबार का बड़ा खुलासा हुआ है। एसटीएफ ने रविवार को गोमतीनगर के उजरियांव गांव में छापेमारी कर ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया, जो बिना लाइसेंस ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बनाकर सप्लाई कर रहा था। एसटीएफ ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीसरा सदस्य नौशाद फरार है।

जांच में सामने आया है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई गिरोहों ने लखनऊ में ठिकाना बना रखा है और मुस्लिम बस्तियों को आधार बनाकर अवैध कारोबार चला रहे हैं। गिरोह का नेटवर्क मेरठ, बागपत से लेकर लखनऊ तक फैला है। ये लोग बिहार से ऑक्सीटोसिन का पाउडर मंगवाकर इंजेक्शन तैयार करते और बेचते थे। एसटीएफ अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह के मुताबिक, गोमतीनगर के उजरियांव गांव में छापेमारी कर बागपत बड़ौत निवासी कयूम अली और मदेयगंज कदम रसूल निवासी मो. इब्राहिम को गिरफ्तार किया गया है। तीसरा आरोपी नौशाद, जो लक्ष्मी गार्डन मदीना मस्जिद, इंदिरापुरी थाना लोनी, जिला गाजियाबाद का रहने वाला है, फरार है। टीम उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनके पास किसी प्रकार का लाइसेंस नहीं है। वे बिना बिल और बाउचर के ऑक्सीटोसिन खरीदते और बेचते हैं।

फल और सब्जियों में करते हैं इस्तेमाल

आरोपियों ने स्वीकार किया कि ऑक्सीटोसिन का प्रयोग न केवल पशुओं में, बल्कि फलों और सब्जियों के विकास को तेज करने के लिए भी किया जाता है, ताकि उन्हें समय से पहले बाजार में बेचा जा सके। इसकी किसानों और उत्पादकों के बीच बड़ी मांग है। कयूम ने बताया कि वह, इब्राहिम और नौशाद मिलकर ऑक्सीटोसिन पाउडर, पैकिंग बोतलें और ढक्कन गाजियाबाद से लाते हैं। नौशाद सप्लाई की जिम्मेदारी संभालता है।

राजधानी में पहले भी पकड़े जा चुके हैं कई गिरोह : डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि राजधानी में ऑक्सीटोसिन बनाकर बेचने वाले कई गिरोह सक्रिय हैं। बीते एक वर्ष में एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने करोड़ों रुपये के ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन जब्त किए हैं। 30 अगस्त 2025 को एसटीएफ ने पारा इलाके से चार तस्करों को गिरफ्तार किया था, जिनके पास से करीब दो करोड़ रुपये का ऑक्सीटोसिन बरामद हुआ था। पकड़े गए आरोपियों में ठाकुर इरफान, दिलदार, शाहनवाज और मो. साहेब शामिल थे।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा एवं जनजागरण महोत्सव का शुभारंभ

मानधाता के खूझी गांव में कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

प्रतापगढ़। अमृत विचार : मानधाता ब्लॉक के खूझी गांव में सोमवार को भव्य कलश यात्रा से श्रीमद्भागवत कथा एवं जनजागरण महोत्सव का शुभारंभ किया गया। भूमि एवं कलश पूजन के बाद विभिन्न मंदिरों में पूजन - अर्चन किया गया। संयोजन कर रहीं स्तुति चैरिटेबल सोसाइटी की अध्यक्ष डा. निरुपमा सिंह ने कहा कि कथा से समाज में संस्कार और सेवा से सशक्तीकरण ही कार्यक्रम का उद्देश्य है। यह भक्ति, सेवा एवं जनचेतना का जीवंत मेल है। मुख्य यजमान शान्ती सिंह, ददई सिंह एवं डा .निरुपमा सिंह, कुंवर प्रदीप सिंह यात्रा में कलश लेकर आगे चल रहे थे। उनके पीछे बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। गाजे-बाजे के साथ मंगलगीत एवं जयकारें गूंजते रहे। कथा व्यास आचार्य राजन दीक्षित जी महाराज, कुंवर ऋषि सिंह, डा. प्रकाश सिंह कुंवर ऋषि सिंह, एडवोकेट दिवाकर सिंह, कुंदन सिंह, राजन सिंह, कुंजन गुप्ता, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बबऊ, सुरेश सिंह, गुड्डू सिंह, अजीत सिंह, दीपक श्रीवास्तव, प्रवीण शुक्ल, संतलाल, अनिल सिंह, अजय प्रताप, राम भरत मिश्र, गुलाब सिंह, छोटे लाल सिंह, अखिलेश सरोज समेत लोग शामिल हुए।

एल्कोहल चोरी में सहायक आबकारी आयुक्त बर्खास्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार: बीते साल मे. स्टार लाईट ब्रुकेम लि., नवाबगंज आसवनी, गोंडा से 27610 ली. एल्कोहल चोरी हुआ था। इस मामले में छानबीन के बाद सहायक आबकारी आयुक्त रामप्रीत चौहान को सीधे सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। इससे पूर्व दिसंबर 2024 में शासन ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए रामप्रीत चौहान को निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए थे। इस मामले में सहायक आबकारी आयुक्त रामप्रीत चौहान की तरफ से ही एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। साथ ही इसकी पूरी रिपोर्ट आबकारी आयुक्त को भेजी थी। बाद में जब आबकारी मंत्री ने विभागीय जांच के आदेश दिए तो जांच अधिकारी की जांच में रामप्रीत चौहान को ही दोषी पाया गया। मालूम हो कि, नवम्बर 2024 में 27,610 लीटर बल्क लीटर ईएनए (एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल) के बह जाने/चोरी हो जाने का प्रकरण प्रकाश में आया था। इसके बाद फैक्ट्री का लाईसेंस रद्द करते हुए उसको सील करा दिया गया था। मामले में फैक्ट्री के चेयरमैन समेत 6 लोगों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इस चोरी के चलते राज्य सरकार को 2.73 करोड़ रुपये के आबकारी राजस्व की हानि हुई। वहीं, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि आबकारी विभाग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। जो भी भ्रष्टाचार या अनियमितता में लिप्त पाया जाएगा उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आज बाराबंकी में, तैयारियों में जुटे रहे अफसर

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार: लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ आज बाराबंकी में फतेहपुर तहसील क्षेत्र के झांसापुरवा गांव आ रहे हैं। उनका हेलीकाप्टर सुबह 10 बजे आयोजन स्थल पर बने हेलीपैड पर उतरेगा। सोमवार को डीएम व एसपी समेत अलाधिकारी पूरे दिन मौके पर डंटे रहे और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ब्रीफिंग की।

मुख्यमंत्री मंगलवार को भगौली रोड पर ग्राम झांसापुरवा में बने हेलीपैड पर हेलीकाप्टर से उतरेंगे। इसके बाद 10 बजकर 5 मिनट पर कार्यक्रम स्थल के पास ही डा. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद जनसभा स्थल पर जायेंगे। जहां सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी। 10 बजकर 20 मिनट पर क्षेत्रीय विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, सात मिनट बाद राज्यमंत्री सतीश शर्मा का उद्बोधन, 10 बजकर 32 मिनट पर बाराबंकी में हुए विकास कार्यो का वीडियो के माध्यम से प्रदर्शन होगा। 10 बजकर 34 मिनट पर सीएम बाराबंकी की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। 10 बजकर 36 मिनट पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक एवं स्वीकृति पत्र वितरित होंगे। 10 बजकर 42 मिनट पर भारत रत्न लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित एक डाक्यूमेन्ट्री फिल्म का प्रसारण होगा। 10 बजकर 45 मिनट पर मुख्यमंत्री अपना उद्बोधन देंगे। डीएम शशांक त्रिपाठी व एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने भ्रमण करते हुए तैयारियां परखीं। एएसपी उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि साढे नौ बजे यह मार्ग प्रातः कार्यक्रम के समापन तक बंद कर दिया जायेगा।

सीतापुर की महमूदाबाद तहसील से बेलहरा की ओर डायवर्जन देर रात्रि से लागू हो गया। इसी क्रम में पटेल चौराहे से पहले ही इस पर डायवर्जन लागू हो जाएगा। किसी भी मार्ग पर गाड़ी नहीं खड़ी होगी। सभी लोग निर्धारित पार्किंग में ही वाहन खड़ा करेंगे।

ब्रीफिंग करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

दीपदान करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा, विधायक साकेंद्र वर्मा व अन्य। अमृत विचार

विशेष सुरक्षा दस्ते ने संभाली कमान

सीएम के कार्यक्रम को लेकर चाक-चौबंद सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। विशेष सुरक्षा दस्ते ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा की कमान अपने हाथ में ले ली है। वहीं गैर जिलों से बड़ी संख्या में एएसपी, पीएसी व पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सीएम की सुरक्षा व्यवस्था की कमान चूंकि विशेष सुरक्षा दस्ते के हाथों में रहेगी, इसलिए एक दिन पूर्व ही टीम ने मौके का जायजा लेकर सुरक्षा के इंतजाम की पड़ताल की और सुरक्षा घेरा तय कर दिया है। एएसपी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया मंच छोड़कर सुरक्षा व्यवस्था के लिए 4 एएसपी, 14 सीओ, 75 इंस्पेक्टर, 250 एसआई, एक हजार जवान, पांच कंपनी पीएसी लगाई गई है।

सरदार पटेल की प्रतिमा पर किया दीपदान

फतेहपुर, बाराबंकी: फतेहपुर में सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन की पूर्व संध्या पर पटेल प्रतिमा पर दीपदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नगरवासी उपस्थित रहे और उन्होंने श्रद्धा भाव से दीप प्रज्ज्वलित किया।

न्यूज ब्रीफ

विवाहिता को भगा ले गया युवक, रिपोर्ट दर्ज

निन्दूरा, बाराबंकी: बड़ूपुर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता को लेकर युवक फरार हो गया। वह अपने साथ जेवरात भी लेकर चली गई। क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी को 5 नवम्बर की रात करीब 12 बजे विपक्षी मयाराम पुत्र सियाराम निवासी इसरौली थाना फतेहपुर बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़ित के अनुसार, उसकी पत्नी जाते समय अपने साथ 15 हजार नकद तथा करीब 30 हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात भी ले गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। मनीष कुमार ने काफी तलाश के बाद भी कुछ पता न लगने पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बाराबंकी व उन्नाव के बीच फाइनल आज

बाराबंकी, अमृत विचार: 10वीं वाहिनी पीएसी में चल रही 28वीं लखनऊ जोन अन्तर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 का दूसरा दिन रोमांच से भरा रहा। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों बाराबंकी, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर और हरदोई ने हिस्सा लिया। सोमवार को खेले गए तीन मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। पहले मैच में ग्रुप-बी के तहत रायबरेली ने सीतापुर को हराकर जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले यानी प्रथम सेमीफाइनल में ग्रुप-ए की उन्नाव टीम ने सुल्तानपुर को मात दी। वहीं द्वितीय सेमीफाइनल में मेजबान बाराबंकी की टीम ने रायबरेली पर शानदार जीत हासिल की। इस तरह ग्रुप-ए से उन्नाव और ग्रुप-बी से बाराबंकी की टीमों ने फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 11 नवम्बर को बाराबंकी और उन्नाव के बीच खेला जाएगा।

करियर गाइडेंस सत्र के दौरान मौजूद जेलर, छात्र व कॉलेज के स्टाफ। अमृत विचार

छात्राओं को समझाई कैदियों की दिनचर्या

देवा, बाराबंकी: राजकीय हाईस्कूल मित्तई में सोमवार को करियर गाइडेंस फॉर गर्ल्स कार्यक्रम के तहत एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एवं जिला नोडल अधिकारी दीपमाला वर्मा ने की। सत्र में विशेषज्ञ के रूप में सेंट्रल जेल आगरा के जेलर संतोष कुमार वर्मा ने छात्राओं को जेल विभाग की कार्यप्रणाली, कैदियों की दिनचर्या और जेल की अर्थव्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जेलर वर्मा ने छात्राओं को अपराध, ट्रायल और सजा की प्रक्रिया के साथ-साथ जेल विभाग में करियर के अवसर, अर्हता, परीक्षा प्रक्रिया और तैयारी के तरीकों की जानकारी भी दी। प्रधानाध्यापिका दीपमाला वर्मा ने विशेषज्ञ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में पंख नोडल अनीता रावत, अंजू शुक्ला, आरती चौधरी, आरती वर्मा, भावना तथा कार्यालय सहायक विपिन कुमार जायसवाल सहित पूरा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

पुराने सिक्के बेचने के नाम पर ठगी, खातों से अवैध लेन-देन

बाराबंकी, अमृत विचार: पुराने सिक्के बेचकर मोटी रकम दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति से लाखों की ठगी कर ली गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। मोहननगर ओबरी निवासी शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया अप्रैल 2024 में फेसबुक पर पुराने सिक्कों की ऊंची कीमत बताने वाले एक विज्ञापन पर उन्होंने संपर्क किया। उक्त व्यक्ति ने खुद को राकेश कुमार दशोरा निवासी भीलवाड़ा, बताया। उसने पीड़ित से पुराने सिक्कों की फोटो मंगाई और कीमत 82,40,900 बताई। राकेश ने रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 1,250 और बाद में विभिन्न बहानों से 60,000 से अधिक की रकम अलग-अलग खातों में जमा कराई। इसके बाद राकेश ने पीड़ित का संपर्क एक अन्य व्यक्ति अजय सिंह, जो खुद को ट्रांसफर मैनेजर डायमंड मार्केट बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई बताता था से कराया। अजय सिंह के कहने पर पीड़ित ने अपने नाम से कई बैंक खाते खुलवाकर पासबुक, एटीएम आदि दस्तावेज़ वेरिफिकेशन के नाम पर पश्चिम बंगाल के पते पर भेज दिए। पीड़ित के अनुसार, बाद में बैंक से जानकारी मिली कि उन खातों से भारी मात्रा में धनराशि का लेन-देन किया जा रहा है।

प्रेम विवाह से झल्लाए मां-बाप का बेटी पर जानलेवा हमला

रामसनेहीघाट, बाराबंकी: प्रेम विवाह करने पर जन्मदाता माता पिता ही जान के लिए खतरा बन जाएंगे, यह बेटी ने शायद ही सोंचा होगा। कोतवाली क्षेत्र के बीरगांव मजरे उमरापुर रायसाहब में सोमवार को प्रेम विवाह से नाराज़ मां-बाप ने अपनी ही बेटी पर धारदार हथियार से हमला कर उसे मौत के घाट उतारने की कोशिश की। जानकारी के मुताबिक बीरगांव निवासी पूजा ने वर्ष 2022 में अजय कुमार से प्रेम विवाह किया था। दोनों की दो बेटियां हैं, तीन वर्षीय मानवी और एक वर्षीय जानवी। बताया जा रहा कि पूजा के पिता रामबाबू और मां अंजू देवी इस विवाह से खासे नाराज़ चल रहे थे। सोमवार को दोनों अचानक बेटी के घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद गुस्से में आकर उन्होंने पूजा पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में पूजा घायल हो गई। उसकी चीख-पुकार सुनकर सास-ससुर और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे हमलावरों से बचाया।

रैली निकालते कॉलेज के छात्र और स्टाफ। अमृत विचार

रैली निकाल यातायात के समझाए नियम

बाराबंकी, अमृत विचार: पीएल मेमोरियल पीजी कॉलेज सागर कैंपस एवं एसआईटीएम डिपार्टमेंट ऑफ फार्मेसी के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। छात्र-छात्राओं ने हाथों में पोस्टर और स्लोगन लेकर हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। वन्देमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं ने सामूहिक गायन भी प्रस्तुत किया। रैली का शुभारंभ प्रबंधक सुनील कुमार झुनझुनवाला, प्राचार्य डॉ. एस पी द्विवेदी और निदेशक डॉ. पूजा ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम रामनगर तिराहा से शुरू होकर भीमराव अंबेडकर पार्क, सतरिख नाका चैराहा पर समापन हुआ।

खेल और शिक्षा में संतुलन अनिवार्य

बाराबंकी, अमृत विचार: राजकीय इण्टर कॉलेज बाराबंकी के ऑडिटोरियम में 69वीं विद्यालयीय प्रदेशीय कुराश प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल केवल विरोधी को हराने का माध्यम नहीं, बल्कि स्वयं को चुनौती देकर क्षमताओं के विकास का जरिया भी है। उन्होंने खेल में आत्म अनुशासन और गरिमा बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेल और शिक्षा दोनों में संतुलन आवश्यक है। इस अवसर पर सहायक शिक्षा निदेशक जय शंकर, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सामूहिक गायन भी हुआ।

स्पर्धा में 11 मण्डलों के 225 से अधिक छात्र-छात्राएँ भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षाविद और अधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष अशोक त्रिपाठी, वित्त एवं लेखाधिकारी संतोष मौर्य, बीईओ सुषमा सेंगर, जिला क्रीड़ा सचिव अनंत अस्थाना सहित अन्य शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन नेशनल इण्टर कॉलेज के प्रवक्ता आशीष पाठक ने किया। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने छात्रों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने पर भी जोर दिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन करते पार्थ सारथी सेन शर्मा। अमृत विचार

महादेवा महोत्सव में बिचौलियों की सक्रियता से बढ़ी चुनौती

रामनगर, बाराबंकी: महादेवा महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन इस बार भी मेला प्रशासन के सामने बिचौलियों से निपटना बड़ी चुनौती बन गया है। कार्यक्रमों की सूची जारी होने के बावजूद कुछ दलाल अन्य कार्यक्रमों की सेटिंग-गेटिंग में जुटे हुए हैं। यही वजह रही है कि बीते वर्षों में कई अच्छे कार्यक्रम परवान नहीं चढ़ पाए। मेला प्रशासन द्वारा 17 नवंबर से शुरू होने वाले सात दिवसीय महोत्सव की कार्यक्रम सूची सोशल मीडिया पर साझा की जा चुकी है। इसमें नामचीन कवियों, प्रख्यात बॉलीवुड और भोजपुरी गायकों, गजल कलाकारों तथा स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ दो दिवसीय दंगल और वॉलीबॉल प्रतियोगिता को शामिल किया गया है। महोत्सव को सफल बनाने के लिए आईएएस संयुक्त मजिस्ट्रेट एवं मेला सचिव गुंजिता अग्रवाल, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी सहित पूरा तहसील प्रशासनिक अमला पूरी मेहनत से जुटा है। हालांकि, प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी बिचौलियों की सक्रियता चिंता का विषय बनी हुई है। ये लोग मोटी रकम के लालच में मेला प्रशासन और प्रभावशाली व्यक्तियों से साठगांठ कर कार्यक्रमों में अपनी हिस्सेदारी जमाने की कोशिश में हैं।

विवाहिता को तलाक की दी धमकी, भाई पर हमला

जैदपुर/मसौली, बाराबंकी: घरेलू विवादों और पारिवारिक कलह से उपजे अलग-अलग मामले सामने आए हैं। एक ओर वैवाहिक विवाद के चलते भाई पर जानलेवा हमला हुआ, वहीं दूसरी ओर एक विवाहिता ने सास-ससुर पर मारपीट का आरोप लगाया है। पहला मामला ग्राम टिकरा उस्मां का है। यहां के मोहम्मद उमर पुत्र मोहम्मद शहीम ने कोर्ट में गुहार लगाते हुए कहा है कि उसकी बहन सबीना खातून की शादी नौ वर्ष पूर्व ओसामा से हुई थी। विवाह के बाद से ही सबीना को ससुराल पक्ष से प्रताड़ना झेलनी पड़ी। 22 अगस्त को ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। जब उमर अपनी बहन का हाल जानने गया तो ओसामा ने उसे थप्पड़ मारकर भगा दिया और धमकी दी कि यदि कार्यवाही की तो बहन को तलाक दे देगा। दूसरा मामला थाना मसौली क्षेत्र के ग्राम बांसा का है। विवाहिता सुमित्रा देवी पत्नी मनोज कुमार ने थाने में तहरीर देकर सास लज्जावती और ससुर छोटे लाल मौर्या पर लंबे समय से प्रताड़ना, मारपीट के आरोप लगाए हैं।

लेखपाल को फोन पर गोली मारने की दी धमकी

हैदरगढ़, बाराबंकी: तहसील हैदरगढ़ क्षेत्र में सरकारी भूमि पर पट्टाधारकों को कब्जा दिलाने गई राजस्व टीम को धमकी देने का मामला सामने आया है। टीम की सदस्य लेखपाल रुबी यादव को स्थानीय व्यक्ति ने फोन पर गोली मारने की धमकी दी। लेखपाल रुबी यादव ने थाना सुबेहा में दी तहरीर में बताया कि 7 नवंबर को तहसीलदार हैदरगढ़ के आदेश पर गठित राजस्व टीम जिसमें राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, खिचड़ू सिंह, लेखपाल शनिकान्त जैसवार, विमलेन्द्र प्रताप और भूपेन्द्र यादव शामिल थे, ने गाटा संख्या 7 पर मौके पर पैमाइश कर कब्जा दिलाने की कार्रवाई की थी। रुबी यादव के मुताबिक, इसी कार्रवाई से नाराज़ होकर जितेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह निवासी ग्राम तिलहा मजरे रतौली ने 9 नवंबर को सुबह उनके मोबाइल नंबर पर फोन कर धमकी दी कि "अगरकोईभीपट्टेदारकब्जाकरनेआयातोउसेगोलीमारदूंगा, और गोली चली तो इसके जिम्मेदार एसडीएम और लेखपाल होंगे।

भागवत कथा के समापन के दौरान मौजूद कथावाचक व यजमान। अमृत विचार

भंडारे के साथ सात दिवसीय भागवत कथा संपन्न

बाराबंकी, अमृत विचार: शहर के मोहल्ला दीनदयालनगर स्थित बड़ा पार्क में चल रही श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का सोमवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर हुए भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद का स्वाद लिया। इससे एक दिन पूर्व नैमिषारण्य तीर्थ से आए धनंजय भाई ने श्री कृष्ण की महिमा का वर्णन करने के साथ ही द्वारिकाधीश और द्रोपदी का प्रसंग सुनाया, कहा कि पता ही नहीं चल रहा था कि नारी बीच साड़ी है कि साड़ी बीच नारी है। उन्होने सुदामा चरित्र और श्री कृष्ण -सुदामा लीला का सुन्दर वर्णन कर सबका मन मोह लिया। इस कार्यक्रम का आरंभ 3 नवंबर को हुआ था, वहीं समापन अवसर पर यजमान नवीन एवं शालिनी गुप्ता व विशाल एवं लीना गुप्ता की मौजूदगी में वृहद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान मधु गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, डा. एन.के. गुप्ता, राजीव श्रीवास्तव समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

नवागत बीईओ का किया अभिनंदन

हैदरगढ़, बाराबंकी: उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ हैदरगढ़ ब्लॉक के अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में नवागत बीईओ का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों ने ब्लॉक में गुणवत्तापूर्ण और निपुण शिक्षा सुनिश्चित करने पर विचार-विमर्श किया और सहयोग का आश्वासन दिया। स्वागत समारोह में ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा, मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह, श्रीकृष्ण मिश्र, अमित अवस्थी, आशीष त्रिवेदी, अभिषेक सिंह, मुबीन अहमद सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता की अगुवाई में भी प्राथमिक शिक्षा संघ ने नवागत बीईओ का स्वागत किया।

बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह व अन्य। अमृत विचार

जंतर-मंतर पर धरने की तैयारी हुई तेज

बाराबंकी, अमृत विचार: उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बाराबंकी की मासिक बैठक सोमवार को बड़ेल स्थित जनपदीय कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में आगामी 24 नवंबर 2025 को नई दिल्ली के जंतर मंतर पर होने वाले धरने की तैयारियों पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अब तक सैकड़ों शिक्षकों के टिकट बुक हो चुके हैं और जनपद से अधिक संख्या में शिक्षक दिल्ली कूच करेंगे। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन सेवा पुस्तिका में संशोधन हेतु पोर्टल 31 दिसंबर 2025 तक खुला रहेगा। जिलामंत्री नीरज कुमार वर्मा ने शिक्षकों से बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंचने की अपील की। कोषाध्यक्ष अफजाल अहमद ने 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों की चयन वेतनमान प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने पर बल दिया। जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह यादव ने एरियर भुगतान 30 नवंबर तक कराने की मांग रखी।

बाराबंकी डायरी

घर-घर पात्र वोटरों को पहुंचाए प्रपत्र

रामसनेहीघाट, बाराबंकी: भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा रहे हैं। उपजिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने बनीकोडर विकासखंड की ग्राम पंचायत सुनौली सहित अन्य गांवों में घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं तक प्रपत्र पहुंचाने का कार्य कराया। नायब तहसीलदार ने बीएलओ के माध्यम से एसआईआर गणना प्रपत्रों का वितरण कराया और निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। इस दौरान राजस्व कर्मियों और बीएलओ की टीमों ने लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए जागरूक किया।

खाई में गिरा ट्रैक्टर, किसान की मौत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी: एक दिन पहले खरीदे गए ट्रैक्टर के पलटने से नीचे दबकर किसान की मौत हो गई। यह घटना दरियाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दनापुर क्यामपुर में सोमवार को हुई। यहां के निवासी विनोद गौतम (40) पुत्र राम जियावन गौतम ने रविवार को गांव के निवासी रामू का ट्रैक्टर खरीदा था। सोमवार शाम विनोद ट्रैक्टर लेकर खेत में जुताई करने जा रहे थे। नहर की पटरी पर पहुंचते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पटरी के नीचे गहरी खाई में जा गिरा और विनोद उसी ट्रैक्टर के नीचे दब गया। चीख पुकार मचने पर आस पास खेतों में काम कर रहे किसान और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विनोद को निकालने की कोशिश में जुट गए लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

जुताई करते समय रोटावेटर की चपेट में आए युवक की मौत

सूरतगंज, बाराबंकी: खेत की जुताई करते समय रोटावेटर की चपेट में आने से 19 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया। मोहम्मदपुर खाला थाना के फिरोजपुर निवासी हाफिजुद्दीन और नसीर ने कुछ दिन पहले एक ट्रैक्टर साझे में लिया था। सोमवार को हाफिजुद्दीन उस ट्रैक्टर से अपने खेत की जुताई करवा रहा था। तभी नबील रोटावेटर पर चढ़ने लगा और उसके चपेट में आ गया। भार अधिक पड़ने पर जब ट्रैक्टर बंद हो गया तो नसीर ने उतर करके देखा कि रोटावेटर की चपेट में आए नबील शव क्षत विक्षत हो गया था। घर वालों ने बिना पुलिस को सूचित किए ही आनन फानन में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

धमेड़ी में भव्य कलशयात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा हुई शुरू

रामनगर, बाराबंकी: नगर पंचायत रामनगर के मोहल्ला धमेड़ी में सोमवार को मनोहारी कलश यात्रा के साथ सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। त्रिवेणी दत्त मिश्रा ने अपने पिता स्वर्गीय श्याम सुंदर मिश्रा व माता स्वर्गीय कृष्णावती मिश्रा की पुण्य स्मृति तथा चारधाम यात्रा की सफल पूर्णता पर यह आयोजन कराया है। त्रिवेणी दत्त मिश्रा 'बच्चन', उनकी धर्मपत्नी मिथलेश व पुत्र नीरज मिश्रा, रजत मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं व पुरुष सर पर कलश रखकर नगर भ्रमण पर निकले। यात्रा हनुमान मंदिर पक्का तालाब पहुंची, जहां सरोवर से पवित्र जल भरकर गायत्री शक्तिपीठ होते हुए कथा स्थल पहुंची। कथा व्यास अखिलेश जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना कर कथा का शुभारंभ कराया। कथा 17 नवंबर को पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगी।

भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए: परमहंस आचार्य

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी: अयोध्या की तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंस आचार्य सोमवार को सिरौलीगौसपुर क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने कुंतेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाना चाहिए और रामचरितमानस व गाय को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा मिलना चाहिए। परमहंस आचार्य ने अपने संबोधन में विवादित बयान देते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुस्तक 'पाकिस्तान या भारत का विभाजन' के अनुसार मुस्लिम और ईसाई विदेशी धर्म हैं, इसलिए उनके विशेष अधिकार समाप्त किए जाने चाहिए। उन्होंने दावा किया कि भारत में बहुसंख्यक हिंदू निवास करते हैं, इसलिए देश को हिंदू राष्ट्र बनाने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए।

महिला के खाते से उड़ाए 2450 रुपये

हैदरगढ़, बाराबंकी: कोतवाली क्षेत्र में एक महिला से योजना का लाभ देने के नाम पर साढ़े चौबीस सौ रुपये की ठगी कर ली गई। आरोप यह कि यह सब आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मिलीभगत से हुआ है। एससीएसटी आयोग ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। लोधेसिंह पुरवा मजरे बम्हरौली गांव की रिंकी ने बताया कि 7 नवंबर की दोपहर उसे कॉल करने वाले ने खुद को बाल विकास पुष्टाहार विभाग का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उसकी पुत्री का पैसा खाते में आने वाला है। रिंकी ने नंबर मिलने के बारे में पूछा कि तो बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री रेखा ने नंबर दिया है। शक होने पर रिंकी ने रेखा से संपर्क करने की कोशिश की, तो बात नहीं हुई। कुछ देर बाद फिर कॉल आई और खाता चेक करने को कहा गया, रिंकी ने खाता चेक करवाया, तो गूगल पे से 8000 का फेक मैसेज आया, वहीं खाते से 2450 भी कट गए। रिंकी ने कार्यकत्री रेखा से बात की, तो उसने गलती से आईडी पासवर्ड साझा करने की बात कबूल की।

एसआईआर को लेकर तहसील में हुई बैठक। अमृत विचार

कोई भी पात्र मतदाता सूची से न रहे वंचित

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी: मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत सोमवार को तहसील सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने की। बैठक में सभी बीएलओ और सुपरवाइजरों को मतदाता सूची के सूक्ष्म सत्यापन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता सूची की गहन जांच सुनिश्चित की जाए। कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और अपात्र व्यक्तियों के नाम समय पर हटाए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आगामी निर्वाचन की तैयारियों को सुचारु बनाने के लिए सभी कार्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव होती है, इसलिए इसे शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना सभी का दायित्व है। प्रत्येक सुपरवाइजर को अपने क्षेत्र में जाकर व्यक्तिगत सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। नायब तहसीलदार ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बताया कि बीएलओ, लेखपालों और कानूनगो की संयुक्त टीमें बनाकर क्षेत्रवार कार्य योजना सौंपी गई है।

पांच दिसंबर को महारैली में शामिल होने का आह्वान

बाराबंकी, अमृत विचार: उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की जनपदीय कार्यकारिणी की बैठक एक लॉन में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रांतीय महामंत्री अरुणेंद्र कुमार वर्मा का टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोनीत होने पर सम्मान किया गया। प्रांतीय महामंत्री ने कहा कि टेट अनिवार्यता लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता थोपना अनुचित है, जिसके विरोध में संगठन व्यापक रणनीति बना चुका है। शिक्षकों की मूल समस्याओं का समाधान किए बिना ऑनलाइन डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था थोपने का प्रयास किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं होगा। मंडल संयोजक अयोध्या देवानंद विश्वकर्मा ने कहा कि प्रांतीय महामंत्री का चयन उनकी निष्ठा, ईमानदारी और शिक्षक हितों के लिए किए गए संघर्ष का परिणाम है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा लाखों शिक्षक पांच दिसंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित महारैली में शामिल होकर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करेंगे।

विवाद में भिड़े दो पक्ष, सात घायल

देवा, बाराबंकी: कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धन्नीपुरवा मजरे तासपुर में सोमवार को खेत की मेड को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। अचानक हुए इस संघर्ष से गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया और पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार एक पक्ष से सतीश (45), संदीप यादव (40) और कुमारी मंगला (23) पुत्री रामशंकर घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष से सुनील यादव, रामकृपाल और सुशील यादव पुत्र रामसागर को चोटें आई हैं।

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 11 नवंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

मनरेगा मजदूरी को लेकर जांच के आदेश

सीतापुर, अमृत विचार : सीडीओ प्रणता ऐश्वर्य से उनके कार्यालय पर ग्रामीणों ने पहुंचकर शिकायत की। आरोप था कि मनरेगा में मजदूरी के नाम पर ऑनलाइन घोटाला किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीडीओ ने ग्राम पंचायत भदियासी, परसेहरा खुर्द, अमौरा मोती सिंह, मुबारकपुर सहित अन्य स्थानों पर जांच के निर्देश दिये हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने दिया त्याग पत्र

सांडा, अमृत विचार : विकास खण्ड सकरन क्षेत्र ग्राम पंचायत अदवारी दो की आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन श्रीवास्तव ने अपने कार्य से त्यागपत्र दे दिया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन श्रीवास्तव ने बताया कि हमने अपनी स्वेच्छा से त्यागपत्र दिया है। वहीं, मुख्य सेविका रीता मिश्रा से जब बात की गई तो उन्होंने बताया वहां की आंगनबाड़ी कार्यकत्री वर्तमान समय में अदवारी सकरन की जगह ब्लॉक रेउसा में रहने लगी हैं। जिससे समय पर राशन वितरण और केंद्र संचालन नहीं कर पा रही थी। जिस कारण त्यागपत्र दिया है।

कुकर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

मिश्रिख, सीतापुर : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 8 वर्षीय बालक के साथ कुकर्म करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के मुताबिक, गांव के ही लगभग 20 वर्षीय युवक ने उसके 8 वर्षीय बेटे के साथ कुकर्म किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर (अपराध) अखिलेश यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। जल्द की पूरी स्थिति साफ हो जायेगी।

शादी का झांसा देकर युवक ने किया शोषण

महमूदाबाद, अमृत विचार : शादी का झांसा देकर युवक ने पांच वर्षों तक युवती का शारीरिक शोषण किया। विवाह की जिद पर अड़ी युवती से दहेज लोभियों ने बुलेट और दो लाख की नगदी भी मांगी। सदरपुर थाना क्षेत्र में हुई घटना को लेकर पुलिस मामले में आरोपों की जांच कर रही है। सदरपुर थाना क्षेत्र की 19 वर्षीय युवती के मुताबिक, महमूदाबाद इलाके के सुधीर ने उसे प्रेम जाल में फंसा दिया। फिर शादी का झांसा देकर पांच वर्षों तक यौन शोषण किया। आरोप है कि सुधीर और उसके भाई अमरेश शादी के नाम पर दहेज में दो लाख कैश और बुलेट की मांग कर रहे हैं। कार्यवाहक थाना प्रभारी नवेंदु अग्निहोत्री ने बताया कि प्रकरण उनकी जानकारी में नहीं है। जैसे ही जानकारी मिलेगी पुलिस आवश्यक कार्रवाई करेगी।

शातिरों ने दो भाइयों के घर से समेटा माल

सीतापुर, अमृत विचार : सिधौली कोतवाली क्षेत्र के गड़िया हसनपुर गांव की नई बस्ती में देर रात चोरों ने धावा बोला। इम्तियाज और उसके भाई इश्तियाक के मुताबिक, चोरों ने दोनों के घरों से करीब 52 हजार रुपये नकद और लाखों रुपये मूल्य के जेवरात चुरा लिए। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजेन्द्र सिंह और संतनगर चौकी इंचार्ज अभिषेक सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

कमलापुर में हटाया गया अतिक्रमण

सीतापुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कमलापुर इलाके में अवैध रूप से स्थापित दुकानों पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की। बताते हैं कि कार्रवाई की जद में पक्की दुकानों के अलावा खोखे भी आ गए। ऐसे में उन्हें हटाया गया। अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई के दौरान कमलापुर थाना प्रभारी प्रदीप सिंह और प्रशासनिक अमला भी मौजूद था।

शिविर में दी गयी कानूनी जानकारी

सीतापुर, अमृत विचार : सीतापुर शिक्षण संस्थान में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगीरथ वर्मा, अपर जिला जज, स्पेशल पाक्सो कोर्ट व सुजीत बाजपेई, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल एवं विमल मोहन मिश्रा मौजूद रहे। अपर जिला जज नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने बताया कि विधिक सेवा दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य देश के कमजोर वर्ग के लोगों को नि:शुल्क कानूनी सेवायें पहुंचाना तथा मुफ्त सेवाओं के साथ उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाना है।

अपहरण के बाद युवक की हत्या, घर के बाहर फेंका शव

हरगांव थाना क्षेत्र के रीछिन गांव का मामला, पांच पर केस दर्ज

संवाददाता हरगांव, सीतापुर

अमृत विचार: हरगांव के रीछिन गांव में युवक की हत्या कर दी गई। आरोप है कि दबंगों ने पहले अपहरण किया फिर हत्या कर शव घर के बाहर छोड़कर फरार हो गए, पैसे भी लूट लिये। फिलहाल पुलिस ने आरोपों के आधार पर केस दर्ज करते हुए कुछ लोगों से पूछताछ की है। हरगांव थानाक्षेत्र के ग्राम रीक्षिन निवासी ध्यानचंद्र मिश्र (26) पुत्र अवधेश मिश्र उर्फ रामू गांव में खाद की दुकान चलाता था। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, दुकान बंदकर ध्यानचन्द्र घर लौटा ही था कि इसी दौरान लखीमपुर जनपद के मोहल्ला रामनगर निवासी रुपेश तिवारी पुत्र इन्द्रेश आ गया और रामू को घर से बुला ले गया। देर रात शराब ठेके का मालिक तौलेराम और उनका पुत्र रजनीश युवक को गंभीर हालत में घर के पास फेंककर फरार हो गए। परिवार वालों ने घायल ध्यानचंद्र को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ सदर नेहा त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के पिता अवधेश मिश्र ने की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध हत्या और रूपये छीनने का आरोप लगाया गया है। केस दर्ज कर कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर लिया जाएगा।

ध्यानचंद्र मिश्र।

फसलों की बुवाई पर लगा खाद का ग्रहण

अमृत विचार पड़ताल

- सहकारी समितियों पर खाद की भारी किल्लत
- किसान बोले, रबी की फसल पर पड़ रहा है असर

सीतापुर : डीएम की सख्ती के बावजूद साधन सहकारी समितियों पर एक बार फिर पर खाद आदि की समस्या देखने को मिल रही है। अमृत विचार ने पड़ताल की तो कई स्थानों पर समितियों में ताला लटका मिला। वहीं कुछ स्थानों पर किसान प्रतीक्षा में पसीना बहाकर दर्द साझा करते हुए देखे गए।

रबी की फसल की बुवाई में बाधा आ रही है। विकास खंड पहला में किसान परेशान दिखे। बलराम गुप्ता का कहना है कि बुवाई की जानी है, जब सहकारी समिति पर जाते हैं तो स्टाक का संकट बताया जाता है। पंकज, अवधेश, रामू ने बताया किसान डीएपी संकट का सामना कर रहे हैं। चुनका शंकरपुर व फिरोजपुर की समितियों पर खाद की रैक पहुंचने के बाद भी समय पर वितरण न होने से फसल की बुवाई में देरी हो रही है। समिति सचिव सुरेंद्र ने बताया कि ऊपर से आदेश नहीं मिला, जिसके कारण अब तक वितरण शुरू नहीं हो सका।

आदेश।

अमित।

> विभागीय निर्देश दिये जा चुके हैं, सहकारी समितियों में डीएपी, एनपीके और पोटास उपलब्ध है। कुछ एक स्थानों से शिकायतें मिली थीं, जिन्हें निस्तारित करा लिया गया है
> –नवीन शुक्ला, सहायक निबंधक सहकारिता

ग्रामीण बोले, फोन नहीं उठता, डीएम से गुहार: वहीं विकास खण्ड परसेंडी और खैराबाद के किसान रामखेलावन, गंगाराम, जगदीश मौर्य, संतोष, जंगल सिंह, रामनरेश, दिलीप आदि किसानों का दावा है कि सचिव का फोन नहीं उठता है। समिति पर डीएपी, एनपीके और पोटाश खाद का वितरण न होने से निजी दुकानों पर महंगी खाद लेने पड़ती है।

सख्त हुए डीएम के तेवर: डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने किसानों की समस्या का संज्ञान लिया। उन्होंने इसको लेकर जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार और सहायक निबंधक सहकारिता नवीन शुक्ला, उप कृषि निदेशक को निर्देश दिये। कहा गया है कि समितियों का रोजाना निरीक्षण किया जाए, यदि कहीं वितरण में समस्या आ रही हों तो तत्काल निस्तारण कराया जाए। एडीईओ कृषि को भी विशेष रूप से आदेशित किया गया है। शहर से लगे खैराबाद इलाके में नकली खाद की एक फैक्ट्री से खेप पकड़ी जा चुकी है। मछरेहटा में भी ऐसी ही खेप बरामद हो चुकी है। जांच के दौरान लखनऊ स्थित ठिकानों पर भी छापामारी की गई थी। संदना में बरेली से आया नकली माल पिछलों दिनों पकड़ा गया।

धू-धूकर जली कार

लहरपुर : तंबौर मार्ग पर जनता इंटर कॉलेज के सामने एक कार में अचानक आग लग गई। मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। कार में हरगांव के कोरैया विशुन बावरी निवासी स्वतंत्र कुमार पत्नी व बच्चों के साथ गांव जा रहे थे। तभी कार में आग लग गई। कार से कूदकर सभी ने अपनी जान बचाई। ● अमृत विचार

सड़क हादसों में 4 की मौत, 4 गंभीर

रफ्तार की मार

अमृत विचार टीम, सीतापुर

अलग- अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। घायल हुए चार लोगों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र का भेतरा निवासी दीपक कुमार (32) पुत्र रामनरेश रिश्तेदारी में गया था। बाइक से घर लौट रहा था, रामपुर कला थाना क्षेत्र के नयागांव के पास वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

दूसरा हादसा सिधौली क्षेत्र में हुआ। महमूदाबाद चौराहे के निकट अज्ञात वाहन ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें पांच वर्षीय मोहम्मद उमर की मौत हो गई। बताते हैं कि उमर अपने पिता अरबाज, मां और बहन के साथ लखनऊ से घर लौट रहा था। तीसरी घटना बिसवां इलाके में घटित हुई। तीसरी दुर्घटना बिसवां विकासखंड क्षेत्र में ग्राम मोहलिया के नजदीक हुई। ओवरलोड ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए।

चौथा हादसा हरगांव थानाक्षेत्र के हरगांव लहरपुर मार्ग पर हुआ। बताते हैं कि ग्राम जैतापुर निवासी जगरूप यादव (38) पुत्र लल्लू राम सुबह टहलने निकला था, अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई।

पांचवीं दुर्घटना के क्रम में, हरगांव थाना क्षेत्र का भीखपुर निवासी राहुल कुमार (29) पुत्र सुरेश चन्द्र बाइक से ग्राम कजियापुर स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। जैसे ही वह लहरपुर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे में पत्नी मीनू और तीन वर्षीय पुत्री आस्था जख्मी हो गईं।

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते कारागार राज्यमंत्री।

लौह पुरुष के जीवन पर डाली रोशनी

लहरपुर,सीतापुर : लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती का ग्राम रंगवा रौसीपुर स्थित जनता इंटर कॉलेज में आयोजन हुआ। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने छात्र-छात्राओं को भारत के वास्तुकार भारत रत्न सरदार पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता दिवस को लेकर निकाली जाने वाली पदयात्रा के बारे में बताया कि यह पदयात्रा ग्राम शहजादपुर से प्रारंभ होकर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में होते हुए लालपुर बाजार में समाप्त होगी। इस मौके पर मोहम्मद जुबेर, उत्तम शर्मा, रामनरेश गौतम, जितेंद्र वर्मा, अनिल मिश्रा, विनीत कुमार, अंकित कुमार, राधा वर्मा, आमरीन खान आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ता को दबंगों ने दी जान से मारने की धमकी

बिसवां, सीतापुर: सकरन थाना क्षेत्र में दबंग द्वारा अधिवक्ता को जान से मार देने की धमकी देने का मामला सामने आया है। अधिवक्ता ने पुलिस क्षेत्राधिकारी बिसवां से अपनी व परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। थाना सकरन के ग्राम सुकेठा निवासी व तहसील बिसवां में बतौर अधिवक्ता रामकिशोर पुत्र परशुराम ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि दबंग ने उसकी अनुपस्थिति में पत्नी के साथ अभद्रता, गाली गलौज व मारपीट की। विरोध जताने पर दबंग पूरे परिवार को जानमाल की धमकी दे रहा है।

पहले बेटियों को पढ़ाया फिर बनाया 'महिला सुरक्षा कवच'

जिले की रोल मॉडल बनीं लहरपुर की प्रहलादपुर पंचायत प्रधान

जीशान कदीर, सीतापुर

अमृत विचार: सितारों को छूना हो तो उम्मीदों की लौ जलाए रखना, ये कहावत गांव जवार की माटी से एक महिला ग्राम प्रधान ने चरितार्थ की। बाढ़ और कटान प्रभावित लहरपुर तहसील क्षेत्र के प्रहलादपुर गांव में विकास कार्य और सुरक्षा की जिम्मेदारी गांव की महिलाओं के जिम्मे हैं। सीसी कैमरों की निगरानी में सुरक्षा के साथ घर-परिवार और जमीन संबंधी विवाद भी इस गांव में ही निपटाए जा रहे हैं।

वसीम बानों।

लहरपुर तहसील के प्रहलादपुर गांव की 59 वर्षीय प्रधान वसीम बानों बताती हैं कि वर्ष1995 में उनके पति अब्दुल मोबीन प्रधान थे। वर्ष 1999 में उनकी मृत्यु के बाद उपचुनाव गांव वालों ने उन्हें प्रधान चुना। बताती हैं कि तब उनके बच्चे बहुत छोटे थे। तय किया कि गांव के पिछड़ेपन को दूर करना है तो शिक्षा का उजियारा करना ही होगा। ऐसे में घर-घर जाकर बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। नतीजा, स्वयं के बच्चों के अलावा गांव के सभी बच्चे साक्षर बने। पंचवर्षीय योजनाओं में महिला वसीम बानों तबसे लगातार प्रधान रही हैं।

गांव की समस्याओं का स्वयं सहायता समूह की मदद से निस्तारण करतीं वसीम बानों।

59 बेटियों को पढ़ा निजी व्यय से कराया विवाह

59 बेटियों के ब्याह का जिम्मा गांव की प्रधान ने स्वयं आंशिक रूप से उठाया। बताती हैं कि पहले गांव की बेटियों की पढ़ाई पूरी कराई, ताकि वे अपने परिवार का खर्च और जिम्मेदारी पूरी कर सकें। गुड्डू, रामकुमार, दुन्ना भार्गव, मिर्जा भार्गव, जगन्नाथ, राजाराम जायसवाल, गुड्डी, बदलू आदि बताते हैं कि परिवार में बेटियों के ब्याह में महिला प्रधान ने नकदी देकर मदद की।

सुरक्षा संग गांव में निकलता है विवादों का हल

बुजुर्ग दुन्ना और रामकुमार बताते हैं कि काफी समय तक खेत-खलिहान के विवादों को लेकर परिवार के लोग तहसील के चक्कर लगाते रहे, फिर गांव की चौपाल में इनका हल निकल ही गया। महिला छोटी का कहना है कि प्रहलादपुर के अलावा मजरा गौरिया, तोपखाना आदि में भी सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं।

पहले भी किया जा चुका है सम्मानित

14 नवंबर को लखनऊ में महिला हितैशी पंचायत कार्यशाला में जनपद का प्रतिनिधित्व करने वाली वसीम बानों बताती हैं कि इससे पहले भी उन्हें कई बार सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने लहरपुर कोतवाली में महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य से महिला स्नान घर, पेयजल और शौचालयों को बनवाया है।

महिलाओं के हाथ शौचालय और पोषाहार की जिम्मेदारी: प्रहलादपुर के अलावा मजरा गौरिया, तोपखाना आदि गांवों में बाल पुष्टाहार, गर्भवती और धात्री महिलाओं को दिया जाने वाला राशन व अन्य सामान गांव में बना महिला सहायता समूह ही जिम्मेदारी निभा रहा है। माधुरी पत्नी रमेश बताती हैं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं संग दैनिक आहार वितरण उनकी दिनचर्या है। राबिया कहती हैं सामुदायिक शौचालय की निगरानी आदि उनके हाथ है।

सीएचसी अधीक्षक ने की बैठक

सीतापुर, अमृत विचार: लहरपुर सीएसची पर डीएम के निरीक्षण में नदारद मिलने पर लगी फटकार के बाद प्रभारी ने कार्य में रफ्तार पकड़ी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई ने स्वास्थ्य सेवाओं की बैठक बुलाई, निर्देश दिए कि हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत चिन्हांकन किया जाय, इनकी ट्रैकिंग भी आवश्यक है। ए कवच पोर्टल पर समस्त जांच रिपोर्ट अंकित कराई जाएं। बैठक में प्रमुख रूप से अनिल श्रीवास्तव, गौरव सक्सेना, मनोज वर्मा, अखिलेश प्रताप सिंह, अखिलेश पाण्डेय, अंविता बाजपेई, सोनम, नेहा, शालिनी, रूबी सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

कहीं बैंक की समस्या तो कहीं जमीन विवाद

सीतापुर, अमृत विचार: जिलाधिकारी कार्यालय पर आने वाले फरियादियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। कारण जानने के लिए अमृत विचार ने पड़ताल की तो फरियादियों के दावे विभागीय अधिकारियों पर सवाल खड़े करते नजर आए, ऐसे में डीएम ने शिकायतों का हल निकालने को लेकर सख्त निर्देश दिए।

बड़ी संख्या में मिश्रिख तहसील से संबंधित थी। मिश्रिख के भवानीपुर मजरा जालेपारा के कालीचरण बताते हैं कि दबंगों ने कब्जा कर लिया है। पैमाइश को तहसील समाधान दिवस पर पांच बार एसडीएम और तहसीलदार को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन हल नहीं निकला। रामकोट के परसेहरा निवासी हीरालाल का कहना था कि गांव में गलत तरीके से खड़ंजा लगाया जा रहा है, इसको लेकर सदर एसडीएम कार्यालय गए थे, वहां अधिकारी नहीं मिले तो वे डीएम से मिलने आएं हैं। पुराना शहर से कजियारा निवासी रिजवान की शिकायत थी कि विपक्षी ने जबरन मकान पर कब्जा कर लिया। शिकायत की तो दबंग द्वारा लगाए गए ताले की चाभी एक प्रशासनिक अधिकारी लेकर चले गए। नैमिषारण्य के घैला निवासी लालता प्रसाद ने जबरन पेड़ काटे जाने की बात बताई, रेउसा के सुपौली निवासी दिव्यांग संजू ने दबंगों पर मारपीट का आरोप लगाया, कहा कि इलाका पुलिस सुनवाई नहीं कर रही है।

जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर जुटे फरियादी। अमृत विचार

कार्यक्रम के बाद नौका विहार करते नगर विकास राज्यमंत्री। अमृत विचार

श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया गोवर्धन पूजा प्रसंग

नैमिषारण्य, सीतापुर : नैमिषारण्य के हनुमान गढ़ी परिसर स्थिति भागवत भवन में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के पंचम दिवस सोमवार को विश्वविखायत कथा व्यास ब्रजभक्त वैष्णवआचार्य रमाकांत गोस्वामी महाराज ने पांचवें दिन कथा में गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के नामकरण और पूतना वध के साथ माखनचोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई। भजनों पर श्रद्धालु कृष्ण भजनों पर नाचते हुए भक्ति में लीन दिखे। कथा में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, व्यवथापक सुनील सिंह, धर्माचार्य सतीश शास्त्री आदि मौजूद रहे।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव

हरगांव, अमृत विचार : हरगांव थानाक्षेत्र में अमहिया गांव के बाहर आम के पेड़ से युवक का शव लटका हुआ मिला। मरने वाले की पहचान अशोक (25) पुत्र प्रभू के रूप में हुई। सूचना पाकर हरगांव पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक बलवंत सिंह शाही ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

आपसी विवाद में हुई मारपीट, वाहन तोड़ा

लहरपुर, अमृत विचार : आपसी विवाद में दबंगों ने ईंट पत्थर चलाकर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्राम बेनीसराय निवासिनी आरती देवी ने आरोप लगाया है कि आपसी कहासुनी से नाराज आरोपी ने मुझे और मेरे देवर को मारा पीटा और घर पर खड़ी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

चोरी हुई बाइक, पुलिस ने शुरू की जांच

महोली, सीतापुर : बड़ागांव रोड स्थित एक होटल के सामने से देर रात एक युवक की बाइक चोरी हो गई। ग्राम कुर्सेला निवासी अजय वर्मा के मुताबिक, वे अपनी बाइक से सपना गेस्ट हाउस में आयोजित दावत में शामिल होने आए थे। दावत के बाद वे बड़ा गांव रोड पर उन्होंने एक होटल के बाहर बाइक खड़ी कर चाय-नाश्ता करने लगे। इसी दौरान चोर उनकी बाइक चुरा ले गए। अजय वर्मा ने चोरी की तहरीर नगर चौकी महोली में दी है।

बेरोजगारों को 10 लाख तक लोन की सुविधा

सीतापुर, अमृत विचार : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि जिला खादी ग्रामोद्योग विभाग से मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए दस लाख रुपये तक का लोन बैंको के माध्यम से प्राप्त होगा जिसमें सामान्य वर्ग के पुरुष को चार प्रतिशत छोड़कर, अन्य वर्ग के उद्यमियों, महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग के उद्यमियों को टर्म लोन (पूंजीगत ऋण) पर ब्याज से पूरी छूट प्रदान की जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन www.mukhymantrigramodyogrojgaryojna.gov.in पर ऑनलाइन कर सकते हैं।

दुष्कर्म के आरोपी मौलाना का फूंका पुतला

सीतापुर, अमृत विचार : शहर कोतवाली इलाके में मदरसा रेप कांड को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को लालबाग स्थित अटल चौक पर विरोध प्रदर्शन किया। आरोपी मौलाना इरफान उल कादिरी का पुतला फूंका। मौलाना को फांसी दो के नारे लगाए। इस दौरान नगर मंत्री अनुराग मिश्रा, विभाग संयोजक अमन शांडिल्य, जिला संगठन मंत्री हर्षित सिंह, नगर सह मंत्री अभय सिंह, आयुष मिश्रा, तेजस सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खेल सुविधाओं की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बिसवां, सीतापुर : युवाओं मे खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विकास की मांग को लेकर संकल्प धारा फाउंडेशन के सदस्यों ने सपा नेता शुभम रस्तोगी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिसवां को सौंपा। बताया गया है कि बिसवां क्षेत्र में सैकड़ों युवा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में सक्रिय हैं, लेकिन उचित खेल मैदान न होने से खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा इंतजार कर रही है। मांग है कि बिसवां में एक बहुउद्देश्यीय खेल मैदान का निर्माण कराया जाए, जिसमें क्रिकेट, फुटबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल जैसे खेलों की सुविधा उपलब्ध हो।

निवेश के नाम पर 50 करोड़ रुपये की ठगी, मुकदमा दर्ज

सीतापुर, अमृत विचार: निवेश के नाम पर जनपद में बड़ी संख्या में लोगों से धन इकट्ठा कराया गया, फिर शातिर दुबई भाग निकले। लगभग 50 करोड़ की हुई ठगी के मामले में कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की। माना जा रहा है कि प्रकरण की जांच की जिम्मेदारी ईओडब्लू को सौंपी जाएगी। बीएमटैक्स एक्सचेंज कंपनी के डायरेक्टर जय प्रकाश मौर्या और उनके सहयोगियों ने मिलकर सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर सहित आसपास के जनपदों के लगभग तीन हजार से अधिक लोगों से निवेश के नाम पर पैसे जमा करवाए। आरोप है कि निवेशकों को भरोसा दिलाया कि कंपनी हर माह 15 प्रतिशत का लाभ देगी। ऐसे में लोगों ने अपनी जमीन और जमा पूंजी आदि बेचकर निवेश किया। बीतते समय के बीच जब कमीशन नहीं मिला तो लोग दिए गए पैसे मांगने लगे। इस पर उन्हें धमकियां मिली। एसपी अंकुर अग्रवाल का कहना है कि क्रिप्टो और फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर कई लोगों से ठगी की गई है। मामले में जयप्रकाश मौर्य आदि पर केस दर्ज कर लिया गया है।

सीसीटीवी कैमरे खराब, डीएम खफा

सीतापुर, अमृत विचार : डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मानपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आवासीय व्यवस्था, शिक्षण कार्य, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, भोजन, स्वच्छता एवं सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। निर्देश दिये कि सुरक्षा के दृष्टिगत विद्यालय परिसर में प्रवेश एवं निकास पर सीसीटीवी कैमरे संचालित अवस्था में नहीं मिले, जिसको लेकर डीएम ने नाराजगी जताई, जिलाधिकारी ने छात्राओं से वार्ता करते हुये छात्राओं से कम्प्यूटर संचालन आदि की जानकारी ली तथा छात्राओं से कम्प्यूटर पर टाइपिंग भी करायी। कम्प्यूटर पर छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन देखकर जिलाधिकारी ने प्रशंसा भी की गई। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

फैजान किंग क्लब की टीम ने चार विकेट से दर्ज की जीत

सीतापुर, अमृत विचार : जीआईसी मैदान डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का गवाह बना। दर्शको से भरे मैदान पर यूपी 34 प्रीमियर लीग का शुभारंभ नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर व शॉट लगाकर किया गया। इससे पूर्व प्रतियोगिता के ब्रांड एंबेस्डर सागर गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, अभिषेक जिंदल, टूर्नामेंट आयोजक आदिल, अनस अंसारी, पंकज शुक्ला मस्सा, सरताज खां, संजय यादव, मोनिस अहमद, नितिन सिंह, अबुल हसन मून, निहाल, इकबाल समेत अन्य लोगो ने मुख्य अतिथियो का स्वागत माल्यार्पण कर किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मैकुलम फाइटर व फैजान किंग क्लब के बीच खेला गया। फैजान किंग क्लब के कप्तान व आइकन प्लेयर एखलाक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मैकुलम फाइटर की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही,पूरी टीम निर्धारित 8 ओवर भी नहीं खेल पाई और 46 रन के स्कोर पर आल आउट हो गयी। एखलाक ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो ओवरो मे दस रन देकर चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। जवाब में उतरी फैजान किंग क्लब की टीम ने छठे ओवर में चार विकट से शानदार जीत दर्ज की। बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले एखलाक को प्रधान नमकीन के स्वामी राजीव कुमार गुप्ता, जिंगालाला स्वीट्स के स्वामी अभिषेक जिंदल ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में अंपायर की भूमिका मो. एहतिशाम व आमोद कुमार ने निभाई, वहीं शुभम स्कोरर रहे। मैच में तौकीर हसन, जूही जायसवाल, हार्दिक मिश्रा, अबुल हसन मून ने कमेंट्री की।

मुख्य अतिथि को बुके देते स्पर्धा के ब्रांड एंबेस्डर सागर गुप्ता।

न्यूज ब्रीफ

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह की तिथियां निर्धारित

रायबरेली : जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद एवं समस्त नगर पंचायत सहित संबंधित अधिकारियों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन को सुचारू रूप से सम्पादित करने एवं सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया है कि माह नवम्बर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 13 नवम्बर को मिनी स्टेडियम सलोन, 17 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायबरेली में, 25 को पूरे झाम सिंह, जगतपुर और 29 को गन्ना कांटा मैदान, सतांव में निर्धारित किया गया है।जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी को निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का सफल आयोजन करना सुनिश्चित करें।

पीएसी जवान के घर से लाखों की चोरी

लालगंज : लालगंज कोतवाली क्षेत्र के उतरा गौरी गांव के एक पीएसी जवान के घर धावा बोलकर लाखों का माल पार कर बदमाशों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है। पीड़ित मृत्युंजय कुमार पुत्र शिव बम्ब नाथ ने बताया कि रविवार की रात लोग कमरे में सोए हुए थे, तभी अज्ञात बदमाश जीने के रास्ते घर में घुस आए और अलमारी व बक्शो का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नगदी पार कर दी। पीड़ित ने लालगंज पुलिस से शिकायत की है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि चोरों की खोजबीन की जा रही है।

रोजगार मेला 12 को

रायबरेली : जिला सेवायोजन अधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में 12 नवम्बर को रोजगार मेले का आयोजन पं. जगन्नाथ मिश्र महाविद्यालय, पूरे भैरो मिश्र, लालगंज में किया जाना प्रस्तावित है। इसमें अलग-अलग पद पर युवाओं का चयन किया जाएगा।

पति के हमले से पत्नी घायल, भर्ती

बछरावां : हरचंदपुर थाना क्षेत्र के शोभा सलेमपुर निवासी रिंकी पत्नी दीपक बीते कुछ दिन पूर्व अपनी बहन की ससुराल लड़के के मुंडन संस्कार में गई थी। कई दिन बाद जब हमलावर पति की पत्नी उसके घर नहीं पहुंची तो वह नशे की हालत में सोमवार दोपहर अपने साढू प्रेम निवासी शेखपुर समोधा के घर पहुंच कर उत्पात मचाने लगा। उक्त हमलावर पति ने पत्नी को हमला कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस के द्वारा एंबुलेंस से उसे सीएचसी पहुंचाया गया।

आग से 10 बिस्वा धान की फसल राख

शिवगढ़ : थाना क्षेत्र के बेड़ारु गांव में सोमवार को अज्ञात कारणों से किसान के खेत में आग लगने से लगभग 10 बिस्वा धान की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। किसान खुशीराम पुत्र पियारे ने बताया कि सोमवार की सुबह जब वह खेत पर पहुंचे तो खेत में लगी आग से पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी। केवल कुछ जले हुए अवशेष बचे थे। बालियां जल चुकी थी। किसान ने बताया कि रविवार की देर रात तक सब कुछ ठीक था। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल विपिन मौर्य ने बताया कि खेत का निरीक्षण कर हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी गई है।

दोबारा एंटी रेबीज टीका न लगवाने पर किशोर की हालत खराब

संवाददाता, बछरावां (रायबरेली)

अमृत विचार। कस्बे के मोहल्ला किला निवासी 14 वर्षीय किशोर सौरभ पुत्र संतोष को डेढ़ माह पहले घर के पास एक आवारा कुत्ते ने काट लिया था। सीएचसी में उसे एंटी रेबीज टीका लगाया गया। इसके बाद परिजन उसे दोबारा अस्पताल लेकर नहीं पहुंचे, जिसकी वजह से किशोर की हालत बिगड़ गई। कुत्ते जैसी हरकतें करने पर घबराए परिजन किशोर को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचे, जहां से चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने बताया कि लक्षण रैबीज़ संक्रमण से मेल खाते हैं। कुत्ते के काटने के बाद तुरंत घाव को साबुन और पानी से धोना और एंटी रैबीज टीका लगवाना बेहद ज़रूरी होता है। अगर उपचार में देर हो जाए, तो यह संक्रमण जानलेवा साबित हो सकता है।

महंगे रिचार्ज के बाद उपभोक्ताओं को रुला रहा मोबाइल नेटवर्क

संवाददाता, महराजगंज (रायबरेली)

लोग परेशान

- नेटवर्क इतना स्लो कि छोटी सी तस्वीर डाउनलोड करने में लग रहा आधा घंटे का समय

अमृत विचार। क्षेत्र में लगे मोबाइल नेटवर्क के टॉवर सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। इससे बीएसएनएल ही नहीं निजी कंपनियां भी अछूती नहीं हैं। मोबाइल न लगना आम समस्या हो गई है। कंपनियों का महंगा रिचार्ज कराने के बाद भी नेटवर्क की समस्या के कारण उपभोक्ता खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

क्षेत्र के हलोर, कुबना, चंदापुर, बघैल, खैरहना पहरेमऊ, असर्फाबाद, ओया, बैखरा मोन, कस्बा महराजगंज सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के उपभोक्ताओं ने बीएसएनएल के खराब नेटवर्क के कारण निजी कंपनियों का नेटवर्क चुना लेकिन उपभोक्ता निजी मोबाइल कंपनियों की सेवा से भी तंग आ रहे हैं। खराब नेटवर्क की वजह से अपनों से बात करने के लिए तरस रहे हैं। लोगों को कभी घर से बाहर तो कभी मकान की छत पर जाना पड़ता है। मोबाइल पर कभी खुद की आवाज सुनाई पड़ती है, तो कई बार आवाज ही नहीं आती। बात करें इंटरनेट की छोटी सी तस्वीर को भी डाउनलोड होने में आधे घंटे का समय लग रहा है। इस समस्या से आमजन ही नहीं बैंकिंग, सीएससी सेंटर के लोग भी जूझ रहे हैं। इसके बावजूद समस्या का समाधान न होने से उपभोक्ताओं में आक्रोश पनप रहा है।

मोबाइल टॉवर। अमृत विचार

उपभोक्ता राजाबाबू, पवन कुमार, संतोष कुमार, प्रिंकल, इमरान, सर्वेश यादव, राजू व राजेश यादव आदि ने बताया कि क्षेत्र में वोडाफोन, जिओ, एअरटेल सहित अन्य कंपनियों के टावर आसपास के गांव में लगे होने के बाद भी मोबाइल में नेटवर्क नहीं रहता। कंपनियों के महंगे रिचार्ज कराने के बाद मोबाइल में नेटवर्क न होने से इंटरनेट की तो बात ही छोड़िए लोग अपनों से बात तक नहीं कर पा रहे हैं। बिजली के भरोसे चल रहे इन टावरों पर पावरकट होते ही बंद हो जाते हैं। एसडीएम गौतम सिंह ने बताया कि प्रकरण में विभागीय अधिकारियों से बात करके समस्या का समाधान कराया जाएगा।

जालसाजी कर प्रधान के खाते से निकाले 40 लाख रुपये, पांच लोगों पर केस दर्ज

डिजिटल हस्ताक्षर युक्त डोंगल और चेकबुक चोरी कर फर्जी फर्मों को भुगतान का आरोप

संवाददाता, महराजगंज (रायबरेली)

जांच जारी

न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए पांच लोगों के खिलाफ दस्तावेजों में जालसाजी और ग्राम प्रधान के खाते से फर्जी तरीके से भुगतान कराने की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जांच-पड़ताल की जा रही है, जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।
-जगदीश यादव, कोतवाली प्रभारी।

अमृत विचार। क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोन में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां ग्राम प्रधान के खाते से डिजिटल हस्ताक्षर युक्त डोंगल और चेकबुक चोरी कर फर्जी फर्मों और सहयोगियों के नाम करीब 40 लाख रुपए भुगतान के नाम पर निकाले जाने का गंभीर आरोप है। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने रविवार को मामले में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

मामला ग्राम पंचायत मोन का है। बखतखेर मजरे मोन निवासी कंधईलाल की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय के आदेश के अनुपालन में कोतवाली पुलिस ने मोन गांव निवासी श्याम चंद्र सिंह, दिलीप सिंह, प्रदीप सिंह, अरिदमन सिंह व देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित पांच लोगों के खिलाफ जालसाजी और कूटरचित अभिलेखों में हेरफेर समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। शिकायतकर्ता कंधईलाल ने न्यायालय में दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मोन गांव की प्रधान श्रीमती श्यामकला के डिजिटल हस्ताक्षर युक्त डोंगल और चेकबुक चुराकर उपरोक्त आरोपियों ने 30 जुलाई 2021 से 4 जनवरी 2022 के बीच बैंक खाते से लगभग 40 लाख रुपए अवैध तरीके से निकाल लिए। ग्राम प्रधान को जब इस फर्जी भुगतान की जानकारी हुई तो उन्होंने 13 दिसंबर 2021 को बैंक में शिकायत कर खाता लॉक करवाया। इसके बाद ग्राम प्रधान श्यामकला को उनका डोंगल वापस कर दिया गया। आरोप यह भी है कि दिलीप सिंह ने 13-14 दिसंबर 2021 को 3 लाख 92 हजार 310 रुपए अपने सहयोगियों और फर्जी फर्मों में ट्रांसफर कर दिए। कंधईलाल ने यह भी कहा कि जब उसने इस फर्जी भुगतान की चर्चा गांव में की तो 6 अगस्त 2025 को मोन चौराहे पर आरोपियों ने उसे मारा-पीटा। उन्होंने इसकी शिकायत स्थानीय थाना और पुलिस अधीक्षक से भी की थी। कहीं सुनवाई न होने पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली।

पुलिस के असहयोग से हर बार शिकायतकर्ता को मिली निराशा: महराजगंज कोतवाली से लेकर जिला मुख्यालय के पुलिस अधिकारियों से शिकायतकर्ता कंधईलाल ने तमाम बार अर्जियां लगाई, किन्तु उसके हिस्से में हर बार सिर्फ आश्वासन ही आया। शिकायतकर्ता बार-बार पुलिस की चौखट पर पहुंच कर प्रधान के खाते से डिजिटल हस्ताक्षर युक्त डोंगल और चेकबुक चोरी कर फर्जी फर्मों और सहयोगियों के नाम करीब 40 लाख रुपए भुगतान के नाम पर निकाले जाने की जांच करवा कर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की मांग करता रहा, लेकिन जिम्मेदारों की नींद नहीं टूटी। उपरोक्त मामले में तेजी दिखाने के बजाय पुलिस निरंतर असहयोग की भावना रखते हुए सुस्त गति से कछुआ की चाल चलती रही। मामले में पुलिस की कार्रवाई न होने की मंशा से आजिज आकर शिकायतकर्ता को न्यायालय की शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।

दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत

महराजगंज (रायबरेली)। मोन ग्राम के पास दो बाइक सवारों में आमने सामने भिड़ंत हो गई। घटना में एक युवक की मौत हो गई। दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक की हालत नाजुक बताते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है। घटना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सोमवार देर शाम कोतवाली क्षेत्र के मोन ग्राम के पास मोन ग्राम निवासी कुलदीप व उसके बहनोई सहदेव एक बाइक पर सवार होकर मोन की ओर जा रहे थे। महराजगंज की ओर से जा रहे बाइक सवार कस्बे के वार्ड नंबर 9 निवासी सैफी की बाइक सामने से भिड़ गई। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया। चिकित्सकों ने कुलदीप को मृतक घोषित कर दिया। दूसरी बाइक पर सवार युवक सैफी की हालत नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना में कुलदीप की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायलों का इलाज जारी है।

डंपर ने बस को मारी टक्कर एक दर्जन यात्री घायल

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

- उन्नाव-प्रयागराज मार्ग पर हुआ हादसा, अस्पताल में भर्ती

अमृत विचार। तेज रफ्तार डंपर ने बस में टक्कर मार दिया। हादसे में एक दर्जन से अधिक सवारियों के घायल होने की खबर है। हालांकि एक घायल युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ऊंचाहार से लालगंज तक प्रतिदिन दो राऊंड निजी बस का संचालन किया जाता है। इस दौरान ऊंचाहार और लालगंज के यात्री जमुनापुर, मतीनगंज, धमधमा, गदागंज, डलमऊ, लालगंज तक यात्रा करते हैं। सोमवार को भी बस चालक करीब 40 सवारियां भरकर लालगंज से ऊंचाहार की ओर आ रहा था। तभी रास्ते में दौलतपुर गांव के पास उन्नाव-प्रयागराज मार्ग पर एक तेज रफ्तार डंपर ने सामने से बस में टक्कर मार दिया। इस हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्रियों के घायल होने की खबर है। हालांकि इसकी आधिकारिक तौर से पुष्टि नहीं हुई है। किन्तु गदागंज थाना क्षेत्र के सरदारगंज की रहने वाली राजिया 19 वर्ष घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से उसे सीएचसी मे भर्ती कराया है, जहां उसके सिर में टांके लगाए गए हैं। इलाज के बाद उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में घायल युवती का इलाज किया गया है। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सियाराम राजपूत ने बताया कि दुर्घटना होने की सूचना मिली है।

क्रेन की टक्कर से श्रमिक घायल

अमावां। रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर सोमवार की दोपहर सड़क के बीच बने डिवाइडर के किनारे का कूड़ा इकट्ठा कर रहे श्रमिक चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे नोखे मजरे दौतरा गांव निवासी राजकुमार पुत्र रामसमुझ को क्रेन ने टक्कर मार दिया। घटना में श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आसपास के लोगों ने निजी अस्पताल पहुंचाया। वहीं क्रेन चालक को दौड़ाकर दबोच लिया।

प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

- प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने बच्चों को किया पुरस्कृत

संवाददाता, रायबरेली

राइजिंग चाइल्ड स्कूल में में छात्र को पुरस्कृत करते प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य सीमा श्रीवास्तव व मौजूद अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार। सॉफ्ट स्किल्स, लीडरशिप और क्रिएटिविटी को प्रोत्साहित करने के लिए ब्रेन-ओ-ब्रेन संस्था की ओर से राइजिंग चाइल्ड स्कूल में एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में तिश्या, शिवी, शौर्य, अविका, शशांक, अहान, सुधांशु, सानवी, ईशानी और सुमिरन ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं अयन्तिका, काव्या, आंजनेय, वानी, आइज़ा और ज़ायन आलम ने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक प्राप्त किया।

प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव एडवोकेट ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए राइजिंग चाइल्ड प्रतिबद्ध है। प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ब्रेन-ओ-ब्रेन एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम है, जो बच्चों की मेंटल मैथ्स, आत्मविश्वास और स्मरण शक्ति को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।

इस अवसर पर अमित कुमार एवं प्रियंका श्रीवास्तव, विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवीन्द्र नाथ हरि सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहीं।

प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया हिस्सा

खीरों (रायबरेली)। विकास क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय देवगांव में सोमवार को न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में आर्यन सिंह ने प्रथम, अरुण कुमार ने द्वितीय व रवि शंकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में धनलक्ष्मी ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय व शालिनी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। सीनियर वर्ग के बालक वर्ग में रवि, साहित्य व रमन ने तथा बालिका वर्ग में धनलक्ष्मी, अनुष्का व आयुषी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित किया। सब जूनियर की लंबी कूद के बालक वर्ग में अमनदीप, रवि व साहित्य ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित किया। जूनियर के बालक व बालिका वर्ग कबड्डी में खांडेपुर की टीम प्रथम व रघुनंदन पब्लिक स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में दुर्गेश सिंह चौहान, धर्मपाल सिंह, उपेंद्र शुक्ला, राहुल वर्मा, सुभाष, गंगा प्रसाद, भारत भूषण, सर्वेश गुप्ता, पंकज यादव, बिपिन मौर्या थे। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी शिवकुमार, बीओपीआरडी शिखा श्रीवास्तव, क्रीड़ा प्रभारी संजय सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य लालबहादुर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी रीता पाल आदि लोग उपस्थित थे।

पागल कुत्ते ने एक दर्जन से अधिक लोगों को काटा

लालगंज (रायबरेली)। रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक दर्जन से अधिक लोगों को एक कुत्ते ने काट लिया। सभी को लालगंज सीएचसी में प्राथमिक उपचार करते हुए उन्हें एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया। पीड़ितों ने बताया कि काले रंग का एक पागल कुत्ता जिधर से निकला और जो भी मिला, उसे काटते हुए आगे बढ़ गया। लालगंज कस्बा समेत आसपास क्षेत्रों के लोग किसी न किसी काम से आए थे। वहीं कई लोग तो अपने घरों के पास थे। उनको कुत्ते ने काटकर घायल किया। अस्पताल पहुंचने वालों में लालगंज के गुरुद्वारा रोड निवासी 80 वर्षीय शंकर दयाल वाजपेयी, केशव पुरम निवासी राजेश बहादुर सिंह, राजपति नगर मजरे धनाभाद निवासी रेलवे स्टेशन रोड निवासी मो. हफीज, गुरुद्वारा रोड के मनोज चौरसिया, तौधकपुर की वर्तिका, आसिफ, चांदा गांव के पंकज, गोविंदपुर वलौली के महेंद्र यादव, रजत, बाबा का पुरवा की शिखा अवस्थी, जगतपुर क्षेत्र के शशिधर सिंह, डलमऊ थाना क्षेत्र के रिसालपुर लोटनहा गांव निवासी प्रदीप, चक मलिक भीटी के बबलू, दीपेमऊ गांव के अखिलेश सिंह, सरेनी के तेजगांव निवासी सोमेश द्विवेदी, खीरों के रौला गांव निवासी उमाशंकर हैं।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से पिता-पुत्र घायल

अमावां (रायबरेली)। मिल एरिया थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह पिता के साथ स्कूल जा रहे एक छात्र की बाइक में रोड से गुजरी एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। कार की टक्कर से पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शहर कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी बृज किशोर तिवारी सुबह अपने पुत्र आर्यन तिवारी को बाइक से स्कूल छोड़ने जा रहे थे। तभी लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर सारस चौराहे के ओवर ब्रिज पर चढ़ते समय पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है।

डलमऊ महोत्सव में लोगों में आकर्षण का केंद्र रही भगवान शिव की बारात

संवाददाता, डलमऊ (रायबरेली)

महोत्सव के दौरान भगवान भोलेनाथ की बारात का कार्यक्रम प्रस्तुत करते अंकित राज कृष्णा ग्रुप बरेली के कलाकार। अमृत विचार

आयोजन

अमृत विचार। डलमऊ महोत्सव एवं प्रदर्शनी में प्रतिदिन आयोजित होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

डलमऊ महोत्सव में बीते दिन आयोजित हुए कार्यक्रम में अंकित राज कृष्णा ग्रुप बरेली के कलाकारों द्वारा भगवान शिव की बारात भूत व प्रेत के साथ स्वागत गीत की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। जिस पर कलाकारों ने जमकर वाहवाही लूटी। वही संस्कृति विभाग लखनऊ ग्रुप द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लोकप्रिय गायिका प्रीति लाल एवं उनके कलाकारों द्वारा भजन एवं पारंपरिक लोक गीत की प्रस्तुति दी गई। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज के कलाकारों द्वारा डेढ़िया नृत्य पारंपरिक लोक गायन एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे कार्यक्रमों को देखकर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई और उत्साह वर्धन किया।

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़, अधिशासी अधिकारी सिकंदरादित्य, शुभम गौड़, गिरजा शंकर त्रिपाठी, लिपिक सोहराब अली, सतीश जायसवाल, संदीप चौधरी, आशीष श्रीवास्तव, अमित तिवारी, मिंटू तिवारी, सत्येंद्र जायसवाल, टेशू दीक्षित आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बदायूं के सुशील श्रेष्ठ ने लोगों को रोचक जानकारी के साथ खूब गुदगुदाया।

दबंगों ने ऑटो चालक को किया लहूलुहान

संवाददाता, रायबरेली

खाकी का नहीं भय

- आक्रोशित लोगों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष ने एसपी कार्यालय का किया घेराव

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने हंगामा करते लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। शहर में कानून व्यवस्था को धता बताते हुए दबंगों ने ऑटो चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर आक्रोशित लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित होकर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर के साथ एसपी कार्यालय पहुंच गए। इस दौरान शहर पुलिस पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।

घटना 8 नवंबर को सदर कोतवाली क्षेत्र के बहराना मोहल्ले की है। इरफान अहमद पुत्र इरशाद अहमद निवासी ग्राम चकधौरहरा थाना मिलएरिया ने कोतवाली में दिए तहरीर में बताया कि वह अपने साथियों रिंकू सोनकर पुत्र बिंदा प्रसाद, सोनू पुत्र राम बहादुर के साथ अपनी-अपनी ऑटो से सवारी लेकर चकधौरहरा जा रहे थे। बहराना मोड़ के पास विक्की, सरवर, फरमान, आकाश निवासी बहराना के साथ अज्ञात लोगों ने नशे में गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जान से मारने की धमकी देकर सभी भाग गए। इसमें रिंकू सोनकर को गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घटना के बाद पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष के साथ एसपी कार्यालय पहुंच गए। वहां पर शहर पुलिस के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह दबंगई का चरम है, जो समाज के कमजोर वर्गों को निशाना बना रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन आरोपी अभी तक फरार हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बहराना जैसे इलाकों में दबंगों का राज चल रहा है। पुलिस की निष्क्रियता से अपराध बढ़ रहे हैं। सोनकर समाज ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय न मिला तो आंदोलन तेज होगा। वहीं सीओ अरुण कुमार नौहवार ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सुविधा जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने किया शिलान्यास, लोगों को मिलेगी जल भराव से राहत

रामसांडा गांव में 15 लाख की लागत से बनेगा नाला

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

नाला निर्माण का शुभारंभ करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी।

अमृत विचार। ऊंचाहार द्वितीय जिला पंचायत क्षेत्र से सदस्य शैलेंद्र गुप्ता की मेहनत रंग लाई है। उनके प्रयास से क्षेत्र के रामसांडा गांव में 15 लख रुपए की लागत से जिला पंचायत द्वारा नाला का निर्माण कराया जाएगा। जिसका शिलान्यास सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने किया।

ज्ञात हो कि रामसांडा गांव में जल निकासी को लेकर अरसे से काफी समस्या थी। बरसात के दिनों में न सिर्फ गांव की बस्ती जलमग्न हो जाती थी, अपितु खेतों में भी जल भराव हो जाता था। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता था। इस बड़ी समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र गुप्ता द्वारा की गई पहल अब रंग लाई है। उनके प्रयास से जिला पंचायत इस गांव में जल निकासी के लिए 15 लाख रुपए की लागत से नाला का निर्माण कराएगी। जिसका शिलान्यास सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष रंजन चौधरी ने किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि गांव के विकास और ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए वह लगातार काम करती हैं और आगे भी उनका यह कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि संपूर्ण जिले का विकास उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान जगन्नाथ मौर्य, सतीश मौर्य, श्याम चौरसिया, तिलक राज गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

सदर विधायक ने की विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

कार्यों की समीक्षा करतीं सदर विधायक अदिति सिंह।

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में विधायक ने विभिन्न विभागों द्वारा चल रही योजनाओं, निर्माणाधीन परियोजनाओं एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण किए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा कि शासन की मंशा है कि विकास कार्यों का लाभ समय से जनता तक पहुँचे, इसलिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। बैठक के दौरान विधायक ने डूडा, विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सिंचाई, नगर पालिका आदि से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर बल दिया। पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग प्रवीण सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा शशि कुमार मल्होत्रा, अधिशासी अभियंता सिंचाई(द0) सुशील यादव, अधिशासी अभियंता जल निगम (शहरी) अफ़जल ख़ान आदि रहे।

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 11 नवंबर 2025

राजकीय बीज भंडार में ताला बंदी से हंगामा

लापरवाही उजागर: आक्रोशित किसानों ने मनमाना वितरण करने व वसूली का लगाया आरोप

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

राजकीय बीज भंडार में प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

अमृत विचार। सरकार किसानों को सब्सिडी पर बीज उपलब्ध कराकर उनकी सहायता करने का दावा करती है, लेकिन शुकुल बाजार में राजकीय कृषि बीज भंडार केंद्र के लापरवाह कर्मचारियों की मनमानी और कालाबाजारी ने इन दावों की पोल खोल दी है। सोमवार को ब्लॉक परिसर स्थित बीज भंडार पर गेहूं और सरसों का बीज लेने पहुंचे किसानों को केंद्र पर ताला लटका मिला। घंटों इंतजार के बाद भी जब कोई कर्मचारी नहीं आया, तो आक्रोशित किसानों ने केंद्र प्रभारी पर मनमाने वितरण और तय दाम से अधिक वसूली का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

जानकारी के मुताबिक सोमवार को रबी की बुवाई के लिए बीज, चूहा मार दवा और सरकारी योजनाओं से संबंधित काम के लिए 54 ग्राम पंचायत के किसान राजकीय कृषि बीज भंडार पहुंचे थे। सरकारी छुट्टी न होने के बावजूद केंद्र पर किसानों को सुबह से ही ताला लटका मिला। इसके चलते किसान आक्रोशित हो गए और हंगामा करने लगे। वहीं किसानों के हंगामे के दौरान उसके काफी देर बाद केंद्र प्रभारी सहित अन्य कर्मचारी करीब दोपहर 12:00 बजे केंद्र पहुंचे। ऐसे में किसानों को गुस्से का केंद्र प्रभारी को सामना करना पड़ा। हंगामा कर रहे किसानों ने प्रभारी को बताया कि यहां आए दिन कर्मचारियों की मनमर्जी से कार्यालय में अव्यवस्था फैली है और केंद्र अक्सर बंद रहता है। इससे किसानों को हर बार भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शन कर रहे तेंदुआ गांव के ननद कुमार, रामलखन, राम कृष्ण समेत कई किसानों ने बताया कि वे गेहूं बीज लेने आए थे, लेकिन ताला लटका होने से निराश ही लौटना पड़ा। उनके साथ किसान सम्मान निधि की समस्या लेकर आए विनोद और चूहा मार दवा लेने आई महिलाओं को भी बिना काम किए वापस लौटना पड़ा।

वहीं इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि हमें शुकुल बाजार के राजकीय बीज भंडार की शिकायत मिली है। यह गंभीर मामला है। किसानों से बातचीत करने और मामले की गहनता से जांच के लिए एक टीम का गठन कर दिया गया है। जांच में दोषी पाए जाने वाले संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खाद की किल्लत पर भड़के यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता

अधिकारी को ज्ञापन देते युवक कांग्रेस कार्यकर्ता।

अमेठी, अमृत विचार। रवी फसल के समय डीएपी खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों की समस्या को लेकर आज यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शुभम सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी अमेठी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदय को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि अमेठी जिले में विभिन्न वितरण केंद्रों पर डीएपी खाद की भारी कमी बनी हुई है। किसान सुबह से लेकर देर शाम तक लंबी कतारों में लगे रहते हैं, फिर भी खाद नहीं मिल पा रही। इससे उनकी फसल पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यूथ कांग्रेस ने मांग की है कि अमेठी जनपद के सभी वितरण केंद्रों पर डीएपी खाद की पर्याप्त और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने कहा कि यूथ कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही खाद की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हुई तो यूथ कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर जिले में व्यापक आंदोलन करेगा। इस दौरान जिला महासचिव रवि मौर्य, विधानसभा उपाध्यक्ष दुर्गेश प्रताप सिंह, अध्यक्ष लोहा सिंह, विधानसभा अध्यक्ष जगदीशपुर जीशान आलम, विधानसभा अध्यक्ष गौरीगंज विकास बारी, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ सिंह, अंशु तिवारी (सोशल मीडिया), अमन सिंह (सोशल मीडिया यूथ कांग्रेस), अजय यादव, बृजेश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष संग्रामपुर यूथ कांग्रेस नन्हे यादव, ब्लॉक अध्यक्ष अमेठी यूथ कांग्रेस अफजल खान, मोहित सिंह, शैलेश पांडे, विनय शर्मा सहित बड़ी संख्या यूथ कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सरदार पटेल की जयंती पर 'जन एकता यात्रा' का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

जन एकता यात्रा में शामिल राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व मौजूद अन्य लोग।

संवाददाता, तिलोई (अमेठी)

अमृत विचार। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर विधानसभा क्षेत्र के कस्बा शाहमऊ हनुमान मंदिर से इस 'जन एकता यात्रा' का पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने हनुमान मंदिर परिसर में पौधरोपण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव का संदेश फैलाना है।

राज्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन कर सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्रण पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जन एकता पैदल यात्रा में हजारों की संख्या में क्षेत्र की जनता, समाजसेवी और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' और 'जहां सरदार, वहाँ एकता' जैसे नारे गूंजते रहे, जिससे पूरे विधानसभा क्षेत्र में देशभक्ति का संदेश प्रवाहित हुआ। राज्यमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की अखंडता को मजबूत किया। उन्होंने युवाओं से सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की एकता और विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। यात्रा को जनसभा सरदार पटेल विद्यालय बहादुरपुर में समापन की गया। उपस्थित लोगों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, कृष्ण कुमार (मुन्ना सिंह), कुं. अवनींद्र प्रताप सिंह, भाजपा उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, राकेश त्रिपाठी, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, नवीन श्रीवास्तव, धर्मेश मिश्रा, प्रधान संघ मीडिया प्रभारी मोहम्मद अशरफ, मोनू जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

डॉ. संतोष ने दी स्वास्थ्य संबंधी सलाह

संग्रामपुर (अमेठी): मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव को देखते हुए गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में आयोजित एचआरपी डे कार्यक्रम के दौरान डॉ. संतोष सिंह ने गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य व सुरक्षा संबंधी आवश्यक सलाह दी। डॉ. संतोष सिंह ने कहा कि ठंड का मौसम शुरू हो गया है, ऐसे में गर्भवती महिलाओं को ठंड से बचाव के सभी उपाय अपनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव के समय शरीर को गर्म और सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है ताकि संक्रमण या अन्य जटिलताओं से बचा जा सके। कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और गर्भवती महिलाओं को पोषण, स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया।

अमेठी में स्थापित होगा हथकरघा क्लस्टर

सिंहपुर (अमेठी): वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्यरत संस्था बुनकर सेवा केंद्र, वाराणसी की ओर से जनपद के सिंहपुर विकास खंड में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूरे सर्वजीत सिंह गांव स्थित केला रेशा प्रदर्शन इकाई पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बुनकर सेवा केंद्र वाराणसी के उपनिदेशक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि विकास आयुक्त (हथकरघा) के दिशा-निर्देशों के तहत अमेठी में शीघ्र ही हथकरघा क्लस्टर स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र बुनाई के क्षेत्र में नया है, लेकिन यहां की महिलाओं में अपार संभावनाएं हैं। क्लस्टर के माध्यम से स्थानीय महिला बुनकरों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। उप निदेशक ने बताया कि सबसे पहले बुनकर महिलाओं का पहचान पत्र बनाकर उन्हें हथकरघा एवं वर्किंग शेड निर्माण के लिए अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही उन्हें बच्चों की पढ़ाई के लिए दो लाख रुपये की छात्रवृत्ति और सोलर योजना से भी लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम में बुनकर सेवा केंद्र के गोपाल जी, तकनीकी अधीक्षक गजेंद्र सिंह, आसिफ अली, वरिष्ठ बुनकर राजेंद्र बुटोला सहित कई अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। उप निदेशक अशोक कुमार वर्मा ने महिलाओं के घरों पर स्थापित हथकरघों का निरीक्षण कर उपयोगी सुझाव भी दिए। कार्यक्रम का संचालन सूर्य कुमार त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर नारायण देई, रामा वती, रमा कांति, आदेश कुमार, लीलावती, कलावती, प्रेम कुमारी, सुषमा विश्वकर्मा, ललिता कुमारी रहीं।

चतुर्थ श्रेणी कर्मियों ने किया प्रदर्शन

रायबरेली: चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ सिंचाई विभाग की ओर से सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष विक्रम बहादुर की अगुवाई में समस्त कर्मचारियों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर अपना प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव में उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी के मृतक आश्रितों को उनकी शैक्षिक योग्यता के अनुसार पूर्व की भांति मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति प्रदान करने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती पर लगी रोग को हटाने और रिक्त पदों पर भर्ती कराए जाने, पुरानी पेंशन व्यवस्था पुनः बहाल करने और निजीकरण प्रक्रिया समाप्त करने की मांग की। जिलाध्यक्ष विक्रम बहादुर और हरिश्चंद्र गुप्ता ने कहा कि यदि मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे करें विकास कार्यः डीएम

समीक्षा बैठक

संवाददाता, अमेठी

समीक्षा बैठक में निर्देश देते डीएम व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समीक्षा के दौरान डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा में और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं होगा। सामग्री की गुणवत्ता जांचने के बाद ही उसका उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में किसी तरह की शिकायत न हो। जिलाधिकारी ने कड़ी चेतावनी दी कि यदि किसी परियोजना में शिथिलता, मानकहीन कार्य या अनियमितता पाई गई तो संबंधित संस्था या अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं के लिए धनराशि प्राप्त हो चुकी है, उन्हें निर्धारित समयावधि में हर हाल में पूरा कराया जाए। डीएम चौहान ने यह भी निर्देश दिया कि जिन कार्यों में अतिरिक्त बजट की आवश्यकता है, उनके प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजे जाएं, ताकि परियोजनाओं के कार्य में कोई बाधा न आए और सभी कार्य समय पर पूर्ण हो सकें।

सीओ ने किया थाने का वार्षिक निरीक्षण, संग्रामपुर: सोमवार को अमेठी क्षेत्राधिकारी (सीओ) मनोज मिश्रा ने थाना संग्रामपुर पहुंचकर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों और विभागीय व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। सीओ ने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि जन शिकायतों का निपटारा समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से किया जाए। उन्होंने मालखाना, थाना कार्यालय, शस्त्रागार, आपदा उपकरण, अभिलेख, भोजनालय और पुलिसकर्मी बैरक का भी निरीक्षण किया।

इस मौके पर थाना प्रभारी संग्रामपुर अखिलेश सिंह, उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह, उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र यादव, हेड मोहर्रिर राम धनी, महिला कांस्टेबल और अन्य पुलिस कर्मी रहे।

आग लगने से किराना दुकान का सामान राख

संग्रामपुर (अमेठी)। थाना संग्रामपुर क्षेत्र के अमेठी-किठावर मार्ग स्थित विशेषरगंज बाजार में बीती रात एक किराना दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि यह घटना उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा विशेषरगंज के सामने स्थित घनश्याम कसौधन की किराना दुकान में घटी। रात के समय दुकान से धुआं और लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने दुकान मालिक घनश्याम कसौधन को सूचना दी। तब दुकानदार ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन शटर का ताला न खुल पाने के कारण जेसीबी की मदद से शटर उठाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

'खेलो अमेठी' का हुआ भव्य शुभारंभ

शुभारंभ करते पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय सिंह और पूर्व मंत्री डॉ. अमीता सिंह। अमृत विचार

अमेठी, अमृत विचार। जिले के रामनगर स्थित श्री रणवीर इंटर कॉलेज के मैदान में सोमवार को तीन दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 'खेलो अमेठी' का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजय सिंह और पूर्व मंत्री डॉ. अमीता सिंह ने किया। दोनों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर और गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। यह आयोजन डॉ. संजय सिंह के जन्मदिवस (12 नवंबर) के अवसर पर राजर्षि रणंजय सिंह जन कल्याण समिति की ओर से किया जा रहा है। पहले दिन 100, 200 और 800 मीटर दौड़ की हीट्स के साथ महिला वर्ग की 800 मीटर फाइनल और गोला फेंक स्पर्धा हुई। 800 मीटर महिला वर्ग में छाया अग्रहरि ने 2 मिनट 35 सेकंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अन्तिमा गुप्ता द्वितीय और प्राची वर्मा तृतीय रहीं।

सुरक्षित परिवहन चालन की दिलाई गई शपथ

एनएसपीएस त्रिपुला में आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद बच्चे।

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में यातायात जागरुकता पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं वाहन चालकों में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरुकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी सत्र में छात्र देवेश, अविरल, अनुष्का और गरिमा ने यातायात से जुड़े सवाल पूछे। इस अवसर पर टीएसआई अरिमर्दन सिंह, रमेश सिंह, साहब सिंह ने विद्यार्थियों और स्कूल के वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, मोबाइल फोन के प्रयोग से बचाव तथा यातायात नियमों के अनुपालन से होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा सभी को सुरक्षित परिवहन चालन की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति, संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, अजय सिंह, गिरीश श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

कार्तिक मेले में लगवाया गया खोया-पाया केंद्र

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। तीन दिवसीय कार्तिक मेला गोकना गंगा घाट पर एसएस फाउंडेशन की तरफ से खोया पाया केंद्र लगवाया गया। इसमें मेले में बिछड़े लोगों को अपनो से मिलाया गया। संचालक एसएस फाउंडेशन के प्रबंधक/सचिव पूर्णेन्द्र कुमार उर्फ सूरज शुक्ल ने बताया कि मेले में बिछड़े लोगों को अपनो से मिलाया गया। साथ ही साथ खोया पाया केंद्र में प्रतीक्षारत लोगों को चाय और जलपान की भी व्यवस्था कराई गई। उन्होंने बताया कि लगातार समाज सेवा की दिशा में संस्था द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समय-समय पर जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई जा रही है।

व्यापारी एवं ग्राहकों ने देशी उत्पादों को अपनाने का लिया संकल्प

दुकानदारों को स्वदेशी वस्तुओं को इस्तेमाल करने के लिए जागरूक करते व्यापारी।

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक एवं महान समाज सुधारक दत्तो पंत ठेंगड़ी की जन्म जयंती पर व्यापारियों को स्वदेशी उत्पाद को उपयोग करने एवं विदेशी सामानों का बहिष्कार करने का संकल्प दिलाया गया।

उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक दत्तोपन्त ठेंगड़ी एक ज्येष्ठ स्वतंत्रता सेनानी, आरएसएस प्रचारक, कुशल संघटक और विचारक थे। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रभाकर गुप्ता एवं जिला संरक्षक संदीप जैन ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर हम न केवल अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं, बल्कि अपने देश की संस्कृति और परंपरा को भी जीवित रख सकते हैं। नगर के प्रमुख बाजार कैपरगंज, सब्जी मंडी, विशंभर मार्केट व घंटा घर के आसपास के व्यापारियों एवं ग्राहकों ने देशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर जिला महामंत्री संदीप शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष आशीष जैन, नगर मंत्री शिखर श्रीवास्तव, गुरजीत सिंह तनेजा, सुदीप जायसवाल, जगजीत सिंह, हिमांशु रस्तोगी, सर्वेश सिंह,सतपाल सिंह, प्रमोद चौरसिया, बबलू माखीजा, महेश साहू, गौरव गुप्ता, अशोक सचदेवा आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

सिटी डायरी

भगवान बालाजी सरकार का दर्शन करते भक्तगण। अमृत विचार

धूमधाम से मनाया गया श्री बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव

लालगंज (रायबरेली)। सोमवार को श्री बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। बालाजी सरकार को 56 तरह के मिष्ठान का भोग लगाया गया। इस दौरान लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जागरण में कलाकार मुकेश शुक्ला द्वारा भजनों का लोगों ने आनंद उठाया। यहां श्री बालाजी सरकार सेवा समिति सब्जी मंडी के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महामंत्री अशोक शुक्ला, संजय चड्ढा, राकेश यादव, बंसी गुप्ता, रुद्रांश चड्ढा, सरदार सतपाल सिंह, राकेश गुप्ता, मंटू वाजपेई, उदय वाजपेई, कैलाश, राजन अवस्थी, जय वाजपेई, विनय गुप्ता, शक्ति सिंह रहे।

मछलियों के बच्चे छोड़ते प्रतिनिधि।

किसान से बात करते उपजिलाधिकारी गौतम सिंह।

गोमती नदी में छोड़ी गईं मछलियां

मुसाफिरखाना (अमेठी)। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत सोमवार अमेठी जिले के ग्राम निजामुद्दीनपुर स्थित इसौली घाट पर मत्स्य विभाग द्वारा गोमती नदी में लगभग दो लाख मत्स्य अंगुलिकाएं (मछलियों के बच्चे) छोड़ी गईं। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख मुसाफिरखाना के प्रतिनिधि विकान्त सिंह (विक्कू) ने किया। इस पहल का उद्देश्य गोमती नदी के जलीय पर्यावरण को संतुलित रखना, नदी की स्वच्छता बढ़ाना है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विकान्त सिंह ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप नदी के पारिस्थितिक संतुलन रखने को मछलियों के बच्चे छोड़े गए हैं। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य अमेठी, मत्स्य निरीक्षक अमेठी, एसबी सिंह (पूर्व मत्स्य उत्पादन विशेषज्ञ) व ग्रामीण उपस्थित रहे।

एसडीएम ने धान क्रय केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

महराजगंज (रायबरेली)। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने उप मंडी स्थल पहुंचकर 6 धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों की फसल के खरीद और भुगतान को लेकर केंद्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारी सौरभ गुप्ता से धान की आवक, किसान पंजीकरण और खरीदे गए धान के भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर रोहित कुमार द्विवेदी, बृजेश प्रताप सिंह, राजेश प्रताप सिंह, राघवेंद्र सिंह, पुनीत चौहान आदि मौजूद रहे।

कार्रवाई | एआरटीओ प्रवर्तन के निर्देश को अमल में लाते हुए पीटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान

नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 वाहनों का चालान

संवाददाता, रायबरेली

सिविल लाइन चौराहे के पास चेकिंग करतीं पीटीओ रेहाना बानो, मौजूद अन्य कर्मचारी।

अमृत विचार। नियमों का उल्लंघन व बिना हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन दौड़ाने वालों पर एआरटीओ प्रवर्तन की पैनी नजर है। शासन के निर्देश पर एआरटीओ प्रवर्तन ने ऐसे लोगों पर लगाम लगाने की कसौटी करना शुरू कर दिया है। एआरटीओ प्रवर्तन के निर्देश का अमल में लाते हुए पीटीओ रेहाना बानो ने सोमवार को 12 वाहनों का चालान कर लापरवाहों को आगाह किया है।

इसके अलावां अन्य वाहनों को छिटपुट खामियां मिलने पर भविष्य में दोबारा गलती न दोहराने की हिदायत दी गई है। इस कार्रवाई के बाद से लापरवाह वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

शासन के निर्देश के बाद एआरटीओ प्रवर्तन बेहद गंभीर हैं। उन्होंने वाहन में बिना हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन दौड़ाने वालों को सबक सिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पीटीओ रेहाना बानो ने टीम के साथ अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग अभियान में उन्होंने एक साल से बिना टैक्स जमा किए सड़क पर दौड़ रहे एक ट्रक को पकड़ा है। इस दौरान पूछताछ व कागज में पूरी तरह से अपूर्ण मिलने पर पीटीओ ने ट्रक को सीज कर सिविल लाइन चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इसके अलावां हरचंदपुर में वाहन चेकिंग के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन के फर्राटा भर रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ कर सीज किया गया है। जिसे हरचंदपुर थाने में खड़ा कराया गया है। पीटीओ रेहाना बानो ने बताया कि बिना हाईसिक्योरिटी नंबर प्लेट के दौड़ने वाले वाहनों समेत 12 का चालान किया गया है। इसके अलावां छिटपुट खामियां मिलने पर वाहन चालकों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

> नियमों का उल्लंघन व हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शासन ने इस नियम को सख्ती से लागू कर अमल में लाए जाने के निर्देश दिए हैं। कानून का अनुपालन न करने पर जुर्माने लगाकर उसे दंडित किया जाएगा। वाहन चेकिंग अभियान में ऐसे वाहन व उनके स्वामियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अम्बुज सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन।

प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरुआत करते प्रधान प्रतिनिधि व मौजूद अन्य लोग।

संग्रामपुर (अमेठी)। संग्रामपुर विकास खंड के जूनियर विद्यालय जरौटा में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में क्षेत्र के 15 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के बाद विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि कैलाश मिश्र और वरिष्ठ अतिथि खंड विकास अधिकारी शशांक मिश्रा रहे। प्रधान प्रतिनिधि ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जियहां नोडल अधिकारी विवेकानंद द्विवेदी, प्रधानाध्यापक राम हरख, राम हर्ष सिंह, विवेक मिश्र, महमूद आलम रहे।

न्यूज ब्रीफ

पानी की टंकी का सोलर पैनल तोड़ा

सांडी, हरदोई, अमृत विचार। जल जीवन मिशन के तहत गांव में लगी पानी की टंकी के सोलर पैनल तोड़ दिए गए। चौकीदार ने मामले की शिकायत थाने पर की है। थाना क्षेत्र के बरोलिया गांव में ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। लाखों रुपए की कीमत से सोलर पैनल लगाए गए थे, जिन्हें गांव के अराजक युवकों ने पत्थर से तोड़ दिया है। पानी की टंकी के चौकीदार जागेश्वर ने मामले की जानकारी अधिकारियों को दी, जिस पर अभियंता के निर्देश पर चौकीदार ने चार लोगों के विरुद्ध सोलर पैनल तोड़ने का आरोप लगाते हुए थाने पर शिकायत की है। जनसुनवाई अधिकारी प्रेमचंद पांडे ने बताया कि संबंधित हल्का दरोगा को शिकायत दे दी गई है। आरोपियों के विरुद्ध जल्द कार्यवाही की जाएगी।

हक की बात डीएम के साथ कार्यक्रम कल

हरदोई, अमृत विचार। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने बताया है कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 11 नवम्बर को अपरान्ह 12.30 बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार, कलेक्ट्रेट में हक की बात जिलाधिकारी के साथ का आयोजन किया जाना है, जिसमें जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आगनबाड़ी कार्यकत्री 25, आशा बहू-15, महाविद्यालय की बालिका-20 को कार्यक्रम में उपस्थित कराया जाना है।

मनचले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। पिहानी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रास्ते से निकलने वाली महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने वाले मनचले को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। महिला उपनिरीक्षक दीक्षा यादव ने पुलिस बल के साथ मुखबिर की सूचना पर गोपामऊ चुंगी के निकट से थाना क्षेत्र के ग्राम जुड़ौरा निवासी अतुल पुत्र राजीव को निकलने वाली लड़कियों और महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसते हुए मौके से गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है।

निर्वाचक नामावलियों का कम्प्यूटरीकरण 24 तक कराएं

डीएम ने वृहद पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, खराब प्रगति पर बिलग्राम एआरओ पर जताई नाराजगी

संवाददाता, हरदोई

बैठक में निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते डीएम अनुनय झा। ● अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 के तहत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण का कार्य 24 नवम्बर तक पूर्ण कराएं।

उन्होंने कहा कि संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन मे अभी तक की कुल संभावित 524837 मतदाताओं के सापेक्ष 25381 मात्र मतदाताओं का सत्यापन का कार्य किया गया है। 499456 मतदाताओं का सत्यापन किया जाना शेष है। अतः ऐसी स्थिति में उक्त कार्य को 20 नवम्बर, पूर्ण कराये जाने हेतु लगभग 50 हजार मतदाताओं (अर्थात प्रत्येक तहसील पर 10 हजार मतदाताओं) का प्रतिदिन सत्यापन कराया जाना आवश्यक है। डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन के लिये खण्ड विकास अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सभी खण्ड विकास अधिकारी तहसील स्तर पर अपने विकास खण्ड के संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन हेतु वांछित कम्प्यूटर आपरेटर/कार्मिक योजित कराते हुए अपने पर्यवेक्षण में उक्त कार्य को 10 दिवसो में पूर्ण कराये जाने हेतु सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को वांछित सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें। एसआइआर के सभी एआरओं को निर्देशित किया कि शत प्रतिशत फार्म वितरण किया जाये। मतदेय स्थलों के कुल 217 बूथ बढे है। बिलग्राम एआरओं की खराब प्रगति पर नाराजगी जतायी। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी सहित सभी एसडीएम व बीडीओ मौजूद रहे।

मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स को विनियमित क्षेत्र, हरदोई में अंगीकृत किया गया

हरदोई, अमृत विचार। नियम प्राधिकारी/उप जिलाधिकारी सदर विनियमित क्षेत्र सुशील कुमार मिश्रा ने बताया है कि आवास एवं शहरी नियोजन के शासनादेश में प्रदत्त के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स 2025 को विनियमित क्षेत्र, हरदोई में चार नवम्बर को अंगीकृत कर लिया गया है। उन्होंने कहा है कि मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशन्स 2025 में दी गई व्यवस्थानुसार स्वीकृत ले-आउट कालोनी में 100 वर्गमीटर तक के आवासीय प्रयोजन के भूखण्ड पर छूट का प्राविधान किया गया है। जिसका लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक द्वारा रूपया 1 (एक) का चालान, मानचित्र एवं आवेदन फार्म के साथ कार्यालय विनियमित क्षेत्र, हरदोई में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। नवीन उपविधि में सेट-बैक एवं एफएआर में छूट प्रदान कि गयी है।

समीक्षा बैठक करतीं अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह।

पुराने चकबंदी वादों का निस्तारण दिसम्बर तक हर हाल में करा दें : एडीएम

हरदोई, अमृत विचार। चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक एडीएम (वि.रा.) प्रियंका सिंह की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गयी। बैठक में उन्होंने चकबंदी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन गांवों में चकबंदी कार्य लंबित है उनमें चक काटने के कार्यो में तेजी लाये तथा पांच एवं तीन वर्ष के पुराने चकबन्दी वादो का निस्तारण माह दिसम्बर तक प्रत्येक दशा में करा दें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सहायक चकबंदी अधिकारी एवं चकबन्दी अधिकारी की गयी वरासतों की सूची प्रत्येक माह अवलोकनार्थ प्रस्तुत करें। उन्होंने एसओसी चकबन्दी से कहा कि चकबन्दी अधिकारियों से गांवों में चक काटने एवं बनवाने की साप्ताहिक समीक्षा करें। उन्होंने चकबन्दी अधिकारियों से कहा कि पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए चकबन्दी कार्यो को त्वरित प्रभाव से ईमानदारी से पूर्ण करें।

महिला से मारपीट में 4 आरोपियों पर केस

हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के बेहटा रम्पुरा गांव में कूड़ा डालने के विवाद को लेकर महिला को आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के बेहटा रम्पुरा गांव निवासी रामकुमारी पत्नी सूरज सिंह ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया हैं कि 6 अक्टूबर की शाम गांव के संदीप समेत चार लोग हाथों में लाठी-डंडा लेकर उसके दरवाजे पर आए और कूड़ा डालने की बात को लेकर झगड़ा करते हुए मारापीटा। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है। हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पंजीकृत कर मामले की जांच करवाई जा रही है।

युवक पर तमंचे से फायर कर घायल करने में एक गिरफ्तार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात वाजिद खेल मोहल्ले में मामूली विवाद के चलते तमंचे से अंधाधुंध फायरिंग करने और एक युवक को घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शनिवार की रात आठ बजे अदनान उर्फ पुष्पाराज पुत्र अंसार उर्फ लाल बत्ती और सरफराज के बीच बाइक टच हो जाने को लेकर गाली गलौज हुआ था। जिससे तैस में आकर अदनान ने 315 बोर के तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। जिसके छर्रे से हाफिज निवासी मोहल्ला महमंद के लग गए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अदनान के

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया आरोपी अदनान उर्फ पुष्पाराज को दनियापुर विक्कू मोड़ से गिरफ्तार किया गया। कब्जे से तमंचा तथा एक जीवित कारतूस बरामद हुआ। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

गौशाला में अव्यवस्थाएं देख भड़कीं सीडीओ

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सीडीओ सान्या छाबड़ा ने सोमवार को अस्थायी गौ आश्रय स्थल सिकन्दरपुर विकास खण्ड सुरसा का आकस्मिक निरीक्षण किया, जहां तमाम अव्यवस्थाएं उन्हें नजर आईं। केयर टेकर भी गायब रहने की जानकारी मिली। अव्यवस्थाएं मिलने पर उन्होंने जिम्मेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी की है। गौशाला में तीन टीन शेड, दो सोलर लाइट, पेयजल के लिए समर एवं सोलर वाटर टंकी लगी हुई है तथा गौशाला में 180 गौवंश संरक्षित मिले। गौशाला में हरा चारा एवं दाना उपलब्ध नहीं था। भूसा घर में 05-07 कुन्तल भूसा पाया गया, लेकिन उसकी गुणवत्ता खराब थी, जिस पर सीडीओ ने अप्रसन्नता व्यक्त करते

जिम्मेदारों को चेतावनी देतीं सीडीओ सान्या छाबड़ा। ● अमृत विचार

● जिम्मेदारों को नोटिस जारी कर मांगा गया जवाब

हुए तत्काल हटवाने के निर्देश दिये। चार कैमरों में दो कैमरे खराब थे, जो दो कैमरे चल भी रहे थे, उनको भी ठीक प्रकार से नहीं लगाया गया था। पशु दुर्बल एवं कमजोर प्रतीत हो रहे थे तथा दो पशु बीमार थे। गौशाला में 03 केयर टेकर तैनात हैं, परन्तु रात्रि में एक भी केयर टेकर नहीं रूकते हैं। गौशाला के अन्दर कुत्ते घूम रहे थे,जिस पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चारों लगे कटीले तारों को सुव्यवस्थित कराने के निर्देश ग्राम प्रधान को दिये गये। गौशाला में हरा-चारा एवं दाना न पाये जाने, खराब भूसा रखे जाने एवं केयर टेकर द्वारा रात्रि में निवास न करने के कारण ग्राम पंचायत सचिव गरिमा कुशवाहा को कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिवालय सिकन्दरपुर का भी निरीक्षण किया। पंचायत सहायक प्रीति देवी अनुपस्थित थीं। बताया गया कि वह आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बख्तारपुरवा में ड्यूटी लगायी गई है। सचिवालय प्रथम दृष्टया अवस्थित पाया गया तथा परिसर में चारो ओर घास व गंदगी व्याप्त थी। सचिवालय का समुचित रख-रखाव न करने के लिए सचिव गरिमा कुशवाहा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिया।

निलंबित कांस्टेबल लापता, दर-दर भटक रहा पिता

संवाददाता, हरदोई

● मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार। पुलिस लाइन में तैनात 2018 बैच का कांस्टेबल अविजित तोमर वहीं से लापता हो गया। परिजन उसकी तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। हरदोई के अलावा सीतापुर, शाहजहांपुर और बरेली में तलाश करने पर भी जब कांस्टेबल का कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने मुख्यमंत्री से शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 140 (1) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अमेठी के जगेसर मजरा मझगवां थाना जामो निवासी योगेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि उसका बेटा अविजित तोमर 2018 बैच का कांस्टेबल है, उसकी तैनाती हरदोई पुलिस लाइन में है। अविजित तोमर की शादी साल 2017 में 2018 बैच की कांस्टेबल से हुई थी, जो कि गाज़ीपुर के जमनिया थाने में तैनात है। पिता के अनुसार बहू ने बेटे से बातचीत बंद कर दी थी, उसे मनाने के लिए बेटा अविजित पहुंचा तो बहू ने बेहद गलत बर्ताव किया था। पत्नी के ऐसे व्यवहार से बेटा अविजित तनाव में आ गया और वह शराब पीने लगा। कुछ दिन पहले पता चला कि आरआई ने अविजित को सस्पेंड कर दिया है लेकिन इस बारे उसे भनक तक नहीं लगी। 3 सितंबर को विभाग से उनके पास फोन आया और पूछा गया कि अविजित तोमर घर पहुंचा। तब पता चला कि बेटा लापता है। तभी से परिजन उसकी तलाश कर रहे हैं। बकौल योगेंद्र प्रताप आरआई ने उससे कहा कि 'जाओ कही रेलवे स्टेशन या बस अड्डे पर देखों, वहीं कहीं होगा' उसके बाद से हरदोई के अलावा सीतापुर, शाहजहांपुर और बरेली में कई जगह बेटे की तलाश की। योगेंद्र ने आगे बताया कि बेटे के इस तरह लापता होने में विभाग की हमदर्दी तो दूर कोई उसे सीधा जवाब तक नहीं दे रहा है। मुख्यमंत्री के दखल के बाद कोतवाली शहर में अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 140(1) के तहत केस दर्ज कर एसआई कैलाश नाथ को मामले की जांच सौंपी गई है।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने मधुपेश

हरदोई, अमृत विचार। अखिल भारतीय साहित्य परिषद का 17वां राष्ट्रीय अधिवेशन रीवा (मध्य प्रदेश) में आयोजित हुआ, जिसमें जनपद के गौरव डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश' को आगामी तीन वर्ष के लिए पुनः परिषद का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया। डॉ. पवन को राष्ट्रीय महामंत्री एवं परिषद के संगठन मंत्री का दायित्व मनोज कुमार को दिया गया। इस मौके पर डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी मधुपेश ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन व्यवस्था को सुरक्षित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डा.. मधुपेश ने कहा कि युवा भारतीय पढ़ें-लिखें और भारतीयता का विश्व में विकास हो। इस कार्यक्रम में बघेली साहित्य सहित सभी भाषाओं और बोलियों के साहित्यकारों को मंच प्रदान किया गया।

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा में देश भर से पहुंचे कवियों व शायरों ने बांधा समां

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। नगर के एस.डी. पब्लिक स्कूल चौराहा बिलग्राम में रविवार रात आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरा शानदार माहौल में संपन्न हुआ। देर रात तक चले इस साहित्यिक आयोजन में देश के नामचीन कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया, सोचने पर मजबूर किया और वाह-वाहियां बटोरीं। कार्यक्रम का संचालन और संयोजन अवरेन्द्र अवस्थी फौजी ने बखूबी किया।आयोजन की कमान डॉ. कपिल देव त्रिपाठी एवं स्वाति कुशवाहा बिलग्रामी ने संभाली। मुख्य अतिथि अनिल कुमार राठौर (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बिलग्राम) उपस्थित रहे, संरक्षक डॉ. रामनारायण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच पर पहुंचे प्रख्यात कवियों और शायरों करार हैदार बिलग्रामी, महेश हस्थाना (बाराबंकी), डॉ. गोविंद गजब (रायबरेली), असगर बिलग्रामी, लवलेश यदुवंशी (प्रतापगढ़), गोपाल टहाका, कमर बिलग्रामी और दिव्या दीक्षित ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कवियों के एक से बढ़कर एक काव्यपाठ पर श्रोताओं ने तालियों और ठहाकों से सभागार गूंजा दिया। कार्यक्रम में नगर व क्षेत्र के सैकड़ों साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

किशोरी ने की खुदकुशी कमरे में लटका मिला शव

हरदोई, अमृत विचार। किशोरी ने घर के कमरे में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। किशोरी के आत्महत्या की वजह पता नहीं चल सकी है।

बिलग्राम कोतवाली के बसहारपुरवा निवासी हरिशंकर की 17 वर्षीय पुत्री रेनू ने रविवार की शाम को कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। उसके घर वाले मकान की दूसरी मंज़िल पर थे। वहां खाना खाने के दौरान रेनू को आवाज़ दी गई, लेकिन उसका कोई जवाब न आने पर नीचे उतर कर उसे ढूंढा गया, उसी बीच देखा गया कि वहीं कमरे में उसका शव फांसी पर लटक रहा था। आठ बहनों में तीन बड़ी और चार उससे छोटी बहनों के अलावा दो भाई भीम और कन्हैया है, दोनों भाई बाहर रहते हैं। रेनू ने ऐसा क्यों किया? इस सवाल पर उसके घर वालों की तरफ से कोई जवाब नहीं आया,वहीं दूसरी तरफ उसकी मौत को ले कर लोगों के बीच तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रहीं है। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है,उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे कुछ कहा जा सकता है।

मेले में अध्यापकों ने बच्चों का किया मार्गदर्शन

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

अमृत विचार। क्षेत्र में स्थित राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहुती में कैरियर मेला का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य चित्रा सोनकर ने बताया कि बच्चों को उनके कैरियर में चयन के लिए इस मेले का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। जिसमें क्षेत्र के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं। इसमें शिक्षा, पुलिस फोर्स, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग व्यापारी वर्ग, राजनीति, पत्रकारिता सभी प्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हैं ताकि वह अपने

कॅरियर मेला में छात्र-छात्राएं व अनुभवी अध्यापक। ● अमृत विचार

अनुभव बच्चों से साझा कर सकें और उनका मार्गदर्शन कर सकें। मेले में अतिथि पंडित दीनदयाल मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य राम सुजान मिश्र पीईएस, प्रवक्ता मनोह, दयाशंकर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अवधेश त्रिपाठी, राजकीय विद्यालय बहेरिया की प्रधानाचार्य राजेश्वरी, राजकीय विद्यालय जाजूपुर की प्रधानाचार्य श्वेता यादव, सीएससी भरावन से डॉक्टर की टीम, उच्च प्राथमिक विद्यालय छावन से लवलेश तिवारी तथा ग्राम प्रधान बहुती शिवप्रकाश त्रिपाठी व अधिवक्ता विवेक द्विवेदी, कंधारामऊ पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य पाण्डेय ने बच्चों का मार्ग दर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व उनकी स्थिति से किया गया आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों का माल्यार्पण व पुष्प कुछ तथा भेंट देकर स्वागत किया।

पैमाइश के बाद पट्टे की भूमि पर दबंगों ने किया कब्जा, केस दर्ज

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत झरोइया प्रतापनगर निवासी परमेश्वर ने झरोइया निवासी कुछ लोगों पर पट्टे की जमीन को कब्जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। ग्राम पंचायत झरोइया के प्रतापनगर निवासी परमेश्वर ने तहरीर में बताया कि बीते सितम्बर माह में पट्टे की भूमि को राजस्व टीम व पुलिस बल की मौजूदगी में पैमाइश कराकर निशानदेही खम्भे गड़वाए गए थे, जिस पर झरोइया गांव निवासी प्रभाष पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, निर्मला व अखिलेश पाण्डेय ने मिलकर खम्भे गिरा दिए और कब्जा कर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने शनिवार को क्षेत्रीय लेखपाल व अन्य अधिकारियों से अभद्रतापूर्ण व्यवहार व जातिसूचक गालियां देते हुए विमलेश व राजरतन को मारा पीटा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले तहरीर के आधार पर प्रभाष पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, निर्मला व अखिलेश पाण्डेय के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही हैं।

अभियान

एसपी ने चलाया जागरूकता अभियान, वाहन चालकों को हेलमेट भेंटकर यातायात नियमों के पालन को प्रेरित किया

दुर्घटनाओं की मुख्य वजह लापरवाही व नियमों की अनदेखी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस ने यातायात नियमों के पालन को लेकर जनजागरूकता अभियान शुरू किया है।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना ने शहर के सिनेमा चौराहे पर स्वयं अभियान की कमान संभाली। इस दौरान उन्होंने सीओ सिटी अंकित मिश्रा, सीओ यातायात अनुज मिश्रा, कोतवाली प्रभारी संजय त्यागी और यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार यादव के साथ मिलकर बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को रोका और उन्हें हेलमेट वितरित किए।पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद लोगों को समझाया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। कहा कि जिले में हो रहे अधिकांश सड़क हादसों का मुख्य कारण लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी है। चेतावनी दी कि आगे से नियम तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

स्कूटी सवार युवती को हेलमेट भेंट करते एसपी अशोक मीणा। अमृत विचार

नियमों का पालन करें और दूसरे को प्रेरित करें

हरदोई। एसपी मीना ने कहा कि सड़क पर सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे न केवल स्वयं नियमों का पालन करें बल्कि अपने परिजनों और परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि सड़क हादसों में ज्यादातर मौतें सिर पर चोट लगने से होती हैं, जिन्हें हेलमेट पहनकर रोका जा सकता है। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने राहगीरों को जागरूक किया और यातायात संकेतों के महत्व के बारे में बताया। साथ ही लोगों को यह भी बताया गया कि मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन चलाना खतरनाक साबित हो सकता है। पुलिस का यह अभियान पूरे माह जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना और लोगों को सुरक्षित यातायात की आदत डालना है।

हरदोई के बेटे हार्दिक ने आईआईटी मद्रास में लहराया प्रतिभा का परचम

हरदोई, अमृत विचार। जनपद की प्रतिभाएं देश भर में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कामयाबी व उपलब्धियों से हरदोई को गौरव प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में हरदोई निवासी पत्रकार पूर्ण कुमार गुप्ता (पीके गुप्ता 'बबलू') के बेटे हार्दिक गुप्ता ने आईआईटी मद्रास में अपनी काबिलियत का परचम लहराया है। यहां समन्वय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में एक व्यापारिक मेले में हार्दिक गुप्ता ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। हार्दिक ने मैरीन से सन्दर्भित सूत्र का विश्लेषण करते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की है। मद्रास आईआईटी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को वास्तविक व्यापारिक परिस्थिति पर आधारित एक केस का विश्लेषण कर रणनीतिक समाधान प्रस्तुत करना था। हार्दिक ने अपने उत्कृष्ट विश्लेषण, वित्तीय मॉडलिंग और रणनीतिक दृष्टिकोण के दम पर निर्णायकों को प्रभावित किया और सर्वोच्च स्थान हासिल किया।

हार्दिक गुप्ता।

प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में ए 2बी के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमेश नारायण सहित उद्योग जगत के अनुभवी विशेषज्ञ शामिल थे। निर्णायकों ने हार्दिक के प्रस्तुतीकरण को व्यवहारिक, सटीक और नवाचारपूर्ण बताया। इस प्रतियोगिता के गोल्ड स्पॉन्सर इंडियन ऑयल, इवेंट पार्टनर आईआईटीएम फीड्कस स्मार्ट सेंटर, एसबीआई, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, ग्रांटथारनोन रही। वहीं स्नैकिंग पार्टनर साउथ इंडिया की स्वीट करन काफी तो प्लेटफॉर्म पार्टनर के रूप में यूनस्टॉप के अलावा एनर्जी पार्टनर ओएनजीसी रही। हार्दिक की इस उपलब्धि पर उसके संस्थान और नगरवासियों ने बधाई दी है।

न्यूज ब्रीफ

संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

उन्नाव, अमृत विचार। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव दुंदपुर निवासी चंदादेवी (65) पत्नी लक्ष्मी शंकर की तीन बेटियों में बड़ी बेटी पूर्णांक व छोटी बेटी रोली की बैजनाथ खेड़ा गांव में शादी हुई है। छोटी बेटी पूजा अविवाहित है। वह दुंदपुर में रहती है। सोमवार को चंदादेवी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इसका पता चलने पर पूजा ने अपनी दोनों बहनों पर मां की हत्या करने का आरोप लगा दिया। पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। कोतवाल राजपाल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। इसमें हृदयगति रुकने से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई है।

बाइकों की टक्कर में दो सगे भाई घायल

सफीपुर उन्नाव। फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत नैनीखेड़ा गांव के पास बाईकों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक बाइक पर सवार सगे भाई गंभीर घायल हो गए। उन्हें सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के तकिया निगोही गांव निवासी दिनेश (24) पुत्र लालता प्रसाद सोमवार को भाई महेश (22) के साथ बाइक से सफीपुर आया था। लौटते समय सफीपुर बारीथाना मार्ग के नैनीखेड़ा गांव के मोड़ पर दूसरी बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों भाई घायल हो गए। हादसे के बाद दूसरी बाइक पर सवार युवक भाग गया।

युवती ने निगला जहरीला पदार्थ, रेफर

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला गुलाम मुस्तफा निवासी शाहिद की बेटी सानिया ने बीती रविवार रात अज्ञात कारण के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। इसमें उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

बुनियादी जरूरतें पूरी कर संचालित किये जाएं पड़ाव अड्डे

उन्नाव, अमृत विचार। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में नगरीय निकाय के तहत पड़ाव अड्डों की नीलामी व यातायात प्रबन्धन के सम्बन्ध में पन्नालाल सभागार में एक बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में संचालित व चिन्हित सभी पड़ाव अड्डों की बुनियादी जरूरतों में पानी, शौचालय, शेड, बोर्ड व उनके संचालन कर्ता सहित पूरा करते हुए उनका तत्काल संचालन सुनिश्चित किया जाए।

दिल्ली में धमाके के बाद हाई अलर्ट

हरदोई पुलिस और जीआरपी ने जिले में चलाया सघन चेकिंग अभियान

संवाददाता, हरदोई

हरदोई रेलवे स्टेशन पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

अमृत विचार। दिल्ली में सोमवार शाम सात बजे हुए धमाके के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुरंत सभी जिलों के अधिकारियों को फील्ड पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के निर्देश दिए। सीएम के आदेश के बाद हरदोई में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना ने खुद मोर्चा संभालते हुए पुलिस अधिकारियों के साथ शहर के सार्वजनिक स्थलों का गहन निरीक्षण किया।एसपी अशोक मीना सबसे पहले हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ जीआरपी प्रभारी पंकज भास्कर, आरपीएफ, और जिला पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। इस दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, टिकट खिड़की, वेटिंग हॉल, आउटर सिग्नल और प्रवेश द्वार पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की गहन जांच की गई। पुलिस ने यात्रियों के सामान की तलाशी ली और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

जीआरपी प्रभारी ने बताया कि आरपीएफ और जीआरपी संयुक्त रूप से सघन अभियान चला रहे हैं। स्टेशन पर आने-जाने वाले हर यात्री पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्लेटफार्म और आसपास के क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि को तुरंत रोका जा सके।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई एहतियाती कदम के रूप में की जा रही है, ताकि जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में भीड़भाड़ वाले बाजारों, बस अड्डों और धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखें। जांच के दौरान यात्रियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को देने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने कहा कि इस समय अफवाहों से बचना और सचेत रहना बेहद ज़रूरी है। हरदोई पुलिस के अनुसार जिले में वर्तमान में शांति बनी हुई है। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

रात से लापता छात्र का लटका मिला शव

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। लखनऊ के प्रगति आश्रम में 9वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा छात्र दीपावली पर घर आया था। रविवार को आश्रम वापसी से पहले वह बाल कटिंग कराने गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजन पूरी रात उसकी तलाश करते रहे। अगले दिन सोमवार की सुबह उसका शव उसी जगह पर लटका देखा गया, जहां परिजन कई बार उसकी खोज कर चुके थे। छात्र के परिजन आत्महत्या करने की बात मानने को तैयार नहीं हैं, आरोप है कि बेटे की हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मझिला थाने के मरघटिया मजरा सेढ़ा निवासी गुलवीर के दो बेटों और दो बेटियों में बड़ा 16 वर्षीय हिमांशु प्रगति आश्रम लखनऊ में रहते हुए 9 वीं की पढ़ाई करता था। दीपावली की छुट्टियों में वह घर आया था, रविवार को उसे लखनऊ जाना था। पिता गुलवीर ने बताया कि हिमांशु ने लखनऊ जाने की पूरी तैयारी कर ली थी, वह बाल कटिंग कराने के लिए घर से निकला। लेकिन उसके बाद से वापस नहीं लौटा। घर वाले सारी रात उसे इधर-उधर खेत-खलिहानों में ढूंढते फिरे, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। उसी बीच अगले दिन सोमवार की सुबह पता चला कि हिमांशु का शव घर से कुछ दूर उसी के बाबा रामस्वरुप के खेत में पेड़ पर फंदे से लटक रहा है। गुलवीर ने बताया कि जिस मफलर से हिमांशु का शव लटका हुआ था, वह उसका नहीं था, घर से निकला तो उसके गले में मफलर नाम की कोई चीज़ नहीं थी। उसने आगे बताया कि बाएं पैर के घुटने के नीचे खरोंच और चोंट के निशान थे,वहीं कुछ दूरी उसकी दोनों चप्पले अलग-अलग पड़ी हुई थीं। गुलवीर ने कहा कि उसके बेटे की हत्या की गई। चार बच्चों में हिमांशु बड़ा था,उससे छोटा अंशुल और दो बेटियां आशमा व शमा है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है, रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फंदे से लटकता मिला महिला का शव

उन्नाव, अमृत विचार। अचलगंज थानाक्षेत्र के शिवपुर कुर्मियान गांव निवासी शिवकली (55) बीती रविवार रात कमरे में सो रही थी। पति चंद्रपाल ने बताया कि सोमवार सुबह देर तक न उठने पर उन लोगों ने खिड़की से अंदर झांककर देखा तो उसका शव फंदे से लटक रहा था। चंद्रपाल ने बताया कि करंट लगने के बाद से पत्नी को दाहिने हाथ में दिक्कत थी। तब से वह परेशान रहती थी। इसके चलते ही उसने यह कदम उठाया है। उसके 3 बच्चों में दो बेटे व एक बेटी है।

प्रेमिका की मौत के बाद प्रेमी की भी मौत

संवाददाता, हरदोई,

विकास सिंह की फाइल फोटो।

अमृत विचार। प्रेमिका की मौत के बाद घर छोड़कर अपनी बुआ के घर रहे रहे प्रेमी की भी सोमवार को मौत हो गई। बता दें कि बीते दिनों युवक व उसकी प्रेमिका बाइक से गिरकर घायल हो गए थे। सीएचसी से रेफर कर मेडिकल कॉलेज में दोनों को भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने दोनों में प्वाज़निंग होने की बात कही थी। उसी बात पर दोनों के परिजनों में विवाद भी हुआ था। उसी बीच प्रेमिका की लखनऊ में मौत होने की खबर सुनकर प्रेमी अपना घर छोड़ कर बुआ के यहां रहने लगा, जहां उसकी भी रविवार को मौत हो गई।

सवायजपुर कोतवाली के दुलारपुर बरवन निवासी विकास सिंह (23) पुत्र राजेश सिंह अपनी बुआ छुन्ना देवी के गांव रघुनाथपुर थाना अल्हागंज, शाहजहांपुर में रह रहा था। रविवार की सुबह उसकी वहीं संदिग्ध हालत में मौत हो गई। बताते है कि विकास का लोनार थाने के बाज़पुर नकटौरा की एक युवती से प्रेम-प्रसंग चलता था। प्रेमिका सवायजपुर में कम्प्यूटर की कोचिंग करती थी। 6 अक्टूबर को कोचिंग से दोनों बाइक से घूमने निकल गए। अलियापुर के पास बाइक पलट गई, जिससे दोनों घायल हो गए थे। युवती को उसके परिजन लखनऊ ले जाकर इलाज करा रहे थे, वहीं युवक स्वस्थ्य होकर अपनी बुआ के घर जाकर रहने लगा था। 18 अक्टूबर को युवती की मौत हो गई। प्रेमिका की मौत होने की खबर सुनकर विकास ने अपना घर छोड़ दिया और शाहजहांपुर के रघुनाथपुर थाना अल्हागंज में अपनी बुआ छुन्ना देवी के घर रहने लगा था। वहीं विकास के बड़े भाई हर्षित सिंह ने बताया कि वह मां के साथ नोएडा में रहकर वहीं टैक्सी चलाता है। रविवार को उसे बुआ के पड़ोसियों से विकास की मौत होने का पता चला था। वह नोएडा से बुआ के घर पहुंचा, जहां से वह शव अपने गांव उठा लाया, उसके बाद पोस्टमार्टम के लिए सवायजपुर पुलिस को तहरीर दी। हर्षित का आरोप है कि बुआ और उसकी ब्याहता बेटी ममता ने विकास के हिस्से का खेत बिकवा कर उसका सारा पैसा हड़प लिया और ज़हर देकर से मार डाला।

साइबर धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। साइबर फ्राड के आरोप में पुलिस ने उपनिरीक्षक की तहरीर गांव बांधा निवासी प्रभात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उपनिरीक्षक विक्रांत चौधरी ने कहा कि साइबर थाना हरदोई से उन्हें एक ऑनलाइन साइबर फ्राड की जांच सौंपी गई थी। जांच के दौरान एक एयरटेल कंपनी के सिम का नंबर संदिग्ध लगा, जिसकी तफ्तीश करने ज्ञात हुआ है कि थाना क्षेत्र के गांव बांधा मजरा भड़ायल के प्रभात का उक्त सिम नंबर के जरिए साइबर फ्राड किया गया है। आरोपित प्रभात के सिम नंबर को समन्वय पोर्टल पर से चेक करने उसके सिम नंबर से साइबर ठगी के मामले की शिकायत दर्ज मिली।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत, किशोर घायल

उन्नाव, अमृत विचार। असोहा थानाक्षेत्र के उतरौरा गांव निवासी सोनू (20) पुत्र रामचंद्र रविवार को सोहरामऊ थानाक्षेत्र के सरौती गांव निवासी चचेरे बहनोई के घर आया था। वहां से भांजे राजा (15) पुत्र संतोष के साथ बाइक से लखनऊ के बनी गांव में लगा मेला देखने गया था। रविवार देरशाम लौटते समय सोहरामऊ कस्बे से पहले हाईवे पर वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सोनू की मौत हो गई।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता सीतापुर/खीरी वृत्त, लोक निर्माण विभाग सीतापुर

पत्रांक – 5975/352सी/ई–टेण्डर–सी0खी0/25–26 दिनांक –04.11.202

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 5790/352सी/ई–टेण्डर–सी0खी0/2025–26 दिनांक–16.10.2025 द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी, जो दिनांक 06.11.2025 से 15.11.2025 को 12: 00 बजे तक आनलाईन अपलोड एवं दिनांक 15.11.2025 को 12: 30 बजे तकनीकी बिड खोली जानी है, किन्तु अपरिहार्य कारणोंवश निविदा अब दिनांक 25.11.2025 को 12: 00 बजे तक आनलाईन डाउनलोड/ सब्मिट तथा दिनांक 25.11.2025 को 12: 30 बजे तकनीकी बिड खोली जायेगी। निविदा की शेष शर्ते पूर्वत् रहेगी।

(एम0के0 वर्मा) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 वि0, सीतापुर

(सतीश कुमार) अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/खीरी वृत्त, लो0 नि0 वि0, सीतापुर

UP – 239963 दिनांक: 07/11/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सड़क हादसे में युवक की मौत

औरास उन्नाव, अमृत विचार। लखनऊ के आशियाना थानांतर्गत आलमबाग एलडीए कॉलोनी निवासी आशीष व प्रिंस क्षेत्र में लगने वाला बनारसी मेला देखने आए थे। मेला देखकर वापस संडीला होते हुए लखनऊ जा रहे थे। वहीं, दूसरी ओर आसीवन थानाक्षेत्र के आसीवन पश्चिम तरफ निवासी इमरान संडीला आया था, जहां से वापस जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे संडीला जा रहे बाइक सवार युवक की बाइक उसकी बाइक से टकरा गई। इसमें दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी औरास में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने इमरान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं गंभीर घायल प्रिंस को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

इमरान की फाइल फोटो।

लखनऊ की अंजलि की मौत की गुत्थी उलझी

हरदोई, अमृत विचार। ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने वाली लखनऊ की अंजलि की मौत मामले की गुत्थी उलझ गई है। 22 साल की अंजलि रविवार की सुबह इग्ज़ाम होने की बात कह कर घर से निकली थी, उसके बाद सारा दिन कोई पता नहीं चला। दोपहर बाद पुलिस ने खबर दी कि अंजलि की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। अपने घर से इतनी दूर आकर अंजलि ने आखिर क्यों और कैसे पहुंची? बस यही सवाल उसके घर वालों को रह-रह कर कचोट रहा है। बताते चलें कि रविवार की दोपहर कोतवाली देहात के कण्डौहना गांव के पास रेलवे ट्रैक किलोमीटर-1171 पर पोल नंबर-12 और 14 के बीच डाउन लाइन पर पहुंची लोअर पहने एक 22 साल की युवती ट्रेन के आगे कूद गई,जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। उसके पास से बरामद आधार कार्ड से उसकी पहचान अंजलि पुत्री हरिनाथ, निवासी रामबाग, तेलीबाग लखनऊ के रूप में हुई। पिता हरि नाथ शर्मा व मां लल्ली देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। लल्ली देवी ने ने बताया कि उसका हरदोई से दूर-दूर तक का कोई नाता नहीं है, अंजलि उसकी इकलौती बेटी थी, उससे 14 साल छोटा इकलौता बेटा अंश है। रविवार की भोर पहर वह जाग कर उठी और इग्ज़ाम के लिए जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वह इतनी दूर अकेले हरदोई कैसे पहुंची? उसकी समझ में कुछ भी नहीं आ रहा है। पिता पेशे से राजमिस्त्री है। अंजलि के घर वाले सोमवार को लखनऊ से हरदोई पहुंचे,कुछ कानपुर से भी आए हुए थे। कोतवाली देहात पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव उसके पिता हरि नाथ शर्मा के सुपुर्द कर दिया। घर वालों के बीच काफी देर तक राय-मशविरा हुआ,उसके बाद शव का हरदोई में ही अंतिम संस्कार करने की राय बनी। शव साण्डी रोड मुक्तिधाम ले जाया गया,जहां अंतिम संस्कार करने के बाद अंजलि के घर वाले लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

सीएचसी में प्रदर्शन करतीं आशा बहू व आशा संगिनी। ● अमृत विचार

मांगों को लेकर आशा बहू व संगिनियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। मानदेय बढ़ाने व बकाया भुगतान किए जाने को लेकर आशा बहुओं व आशा संगिनियों ने सोमवार को अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल का ऐलान कर प्रदर्शन किया। इसमें मुख्यमंत्री को संबोधित नौ सूत्रीय ज्ञापन सीएचसी प्रभारी को सौंपा। लंबे समय से मांगों को लेकर संघर्षरत आशा बहुओं व आशा संगिनियों ने प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार को कलम बंद हड़ताल के लिए बाध्य हुईं। आशा बहुओं को 18 हजार व आशा संगिनी को 24 हजार का मानदेय करने व स्थाई सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने सहित लंबित बकाया भुगतान करने की मांग को लेकर सीएचसी परिसर पहुंची आशा बहु व आशा संगिनियों ने प्रदर्शन किया और सीएचसी अधीक्षक डा. राम सहोदर को मुख्यमंत्री को संबोधित 9 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शकीला बेगम, किरन भारती, हेमलता, सरिता, मालती सुनीता, पूनम, सरोजनी, पुष्पा, रामदेवी आदि रहीं।

श्रीमद्भागवत कथा सुन भावविभोर हुए भक्त

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। नगर के पश्चिम बाईपास मार्ग स्थित ऐतिहासिक बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस आचार्य रामदेव शास्त्री ने सनातन शब्द व संस्कृति की व्याख्या की। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनेता सनातन धर्म को जातियों में सामाजिक विघटन कर सनातन संस्कृति को नष्ट करने पर तुले हैं। जबकि सनातन संस्कृति ने सदैव से अंतिम वर्ण और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को गले लगाने का काम किया है। उन्होंने उदाहरण दिया कि मीरा के गुरु रैदास यानी भक्त रविदास जी थे। हमारे समाज में गो हत्या के पाप से मुक्ति के लिए आज भी अनुसूचित जाति के सफाई कर्मी से कमर पर लात मरवाने का विधान है। राजा हरिश्चंद्र को डोम ने खरीदा था। लखनऊ मार्ग स्थित बाला देवी मंदिर में पासी बिरादरी का पुजारी व क्षेत्र के गांव चहलहा स्थित मलेहटी देवी मंदिर में रैदास जाति का पुजारी हैं। इन दोनों पुजारियों का समाज में आदर भी है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि सुनील कुमार व सुनील कुमार मौर्या पुत्र गंगा प्रसाद दोनों मेरे ही नाम है बैंक खाते में त्रुटिवस नाम में भिन्नता हो गई है भविष्य में मुझे सुनील कुमार नाम से पहचाना जाए। **सुनील कुमार पुत्र गंगा प्रसाद निवासी मुराउन खेड़ा उटरा डकौली पोस्ट टिकरा कुमेदान औरास उन्नाव**

सूचना
मैने अपना नाम मनोज पंजवानी से बदलकर मनोज ग पंजवानी रख लिया है आज से मुझे मनोज ग पंजवानी ही माना जाए पुत्र गोपी चन्द पंजवानी निवासी 120/359 लाजपतनगर कानपुर

बेदखली सूचना
हम दोनों अपने पुत्र अनसब वली खान व पुत्रवधू इरम हाशमी पत्नी अनसब वली खान को उनके हमारे प्रति गलत व्यवहार एवं आचरण के कारण उनसे अपने सभी सम्बन्ध समाप्त करके उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे, हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सारिक वली खान पुत्र श्री तारिक वली खान, श्रीमती सबा खान पत्नी सारिक वली खान, फ्लैट नं.-201, अल करीम अपार्टमेन्ट, सरदार नगर, निकट बिलाली मस्जिद, लखनऊ।

सूचना
मैने अपना नाम KRISHNA KUMAR से बदलकर KRISHNA KUMAR SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-NRENDRA KUMAR ADD-VILL AND POST-SISAI, BELSAR DIST-GONDA-271401(U.P.)

सूचना
सूचित हो कि गोविंद कुमार पुत्र अर्जुन के पिता का नाम आधार में अर्जुन अंकित है। गोविंद के ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम अर्जुन गौतम त्रुटिवश दर्ज हो गया है। ड्राइविंग लाइसेंस यूपी 402024000 6243 में अर्जुन गौतम के स्थान पर अर्जुन दर्ज किया जाए और जाना जाए। **गोविंद कुमार पुत्र अर्जुन पड़रिया नौकापुरवा सांगवा मोतीपुर बहराइच।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मकान संख्या MMI 1/18 सेक्टर – I नियर पायनियर मोंटसरी स्कूल 60 फीट रोड जानकीपुरम विस्तार का आवंटन पत्र ओर कब्जा पत्र वास्तव में खो गया है जिसका उपयोग अवैध माना जाएगा। **बीना चौधरी पत्नी विवेक कुमार निवासी MMI 1/18 सेक्टर – I, जानकीपुरम विस्तार लखनऊ– 226021, FIR/LAR NO– 2025000801315**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अम्बेडकरनगर

पत्रांकः–1745 / 9ए–निविदा दिनांक 04.11.2025

अल्प कालीन ई–निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, अयोध्या / अम्बेडकरनगर वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या, लोक निर्माण विभाग में मार्ग वर्ग में 'ए,बी,सी','डी' एवं 'ई' श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारो से प्रतिशत दरों के आधार पर आनलाइन निविदा आमंत्रित करते है।

क्र0 सं0	जिला	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र शुल्क जीएसटी सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की तिथि	कार्यालय अधिशासी अभियन्ता का पता	कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता का पता	कार्यालय मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	अम्बेडकर नगर	दुधई सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	17.33	1.74	944.00	03 माह	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अम्बेडकरनगर	अयोध्या, अम्बेडकरनर वृत्त, लो0नि0वि0, अयोध्या	अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0, अयोध्या
2	–तदैव–	राजापुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	6.54	0.66	856.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
3	–तदैव–	किशुनपुर कबिरहा (पोखरा) सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	14.03	1.41	856.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
4	–तदैव–	रफीगंज मुख्य मार्ग से लवइया प्रतापपुर मजगवां ढखवा जहांगीरगंज तक के विशेष मरम्मत का कार्य	23.74	2.38	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
5	–तदैव–	नसोपुर पुल से रामपुर कला जमीन सूरजूपुर तक अवशेष भाग के विशेष मरम्मत का कार्य	4.04	0.41	767.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
6	–तदैव–	अम्बरपुर–ब्रम्हबाबा लेढ़िया घाट पर टोन्स नदी के सेतु पर अम्बरपुर साइड एवं ब्रम्ह स्थान साइड के अतिरिक्त पहुंचमार्गों का निर्माण के विशेष मरम्मत का कार्य	12.78	1.28	856.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
7	–तदैव–	किशुनपुर कबिरहा–1 सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	15.50	1.55	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
8	–तदैव–	नेवादा बन्दीपुर कटका सेमरा मार्ग के किमीर0–11 से अजमलपुर नसीराबाद सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	18.48	1.85	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
9	–तदैव–	अंगरौली सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	15.39	1.54	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
10	–तदैव–	फुलवारी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	6.54	0.66	856.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
11	–तदैव–	जलालपुर–रामगढ़ मार्ग से मुस्कराई सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	3.42	0.35	767.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
12	–तदैव–	नत्थूपुर लौधना सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	10.42	1.05	856.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
13	–तदैव–	शाहपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	15.66	1.57	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
14	–तदैव–	मालीपुर–रामगढ़ मार्ग से सेहरी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	24.14	2.42	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
15	–तदैव–	जलालपुर सेहरी शुम्भाडीह मार्ग पर मझुई नदी पर सेतु पहंचमार्ग का निर्माण के विशेष मरम्मत का कार्य	6.27	0.63	856.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
16	–तदैव–	नसोपुर घाट से सिपाह होते हुए चितई पट्टी तक के विशेष मरम्मत का कार्य	32.26	3.23	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
17	–तदैव–	टण्डवा जलाल सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	13.51	1.36	856.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
18	–तदैव–	अहिरौली रानीमऊ सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	13.54	1.36	856.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
19	–तदैव–	राजेसुल्तानपुर गढ़वल मार्ग के किमी0–5 से भूपतिपुर कोड़हरा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	31.71	3.18	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
20	–तदैव–	चाड़ीपुर कला सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	12.30	1.23	856.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
21	–तदैव–	मालीपुर धमरूआ मार्ग से खालिसपुर भटौली मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	31.20	3.12	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
22	–तदैव–	विशेष मरम्मत के अन्तर्गत रामनगर बसखारी मार्ग पर बहरामपुर से भीटी गांव होते विमावल तक सम्पर्क मार्ग के कि0मी0–3 में क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर 2×2×2मी0 स्पान की पुलिया पुनर्निर्माण का कार्य	26.66	2.67	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
23	–तदैव–	जलालपुर प्रा0स्वा0 केन्द्र से नगपुर का शेषभाग के विशेष मरम्मत का कार्य	18.63	1.87	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
24	–तदैव–	नगपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	9.74	0.98	856.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
25	–तदैव–	मालीपुर रामगढ़ से दोस्तपुर न्यौरी से शाहपुर फिरोजपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	26.17	2.62	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
26	–तदैव–	जहांगीरगंज से रजवाहा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	20.76	2.08	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
27	–तदैव–	रण्डौली सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	22.08	2.21	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
28	–तदैव–	सराय हंकार गोपापुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	15.28	1.53	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–
29	–तदैव–	करौंदी मिश्र सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य	22.27	2.23	944.00	03 माह	–तदैव–	–तदैव–	–तदैव–

निविदा से सम्बन्धित डाक्यूमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 14.11.2025 को मध्याहंन 12.00 बजे से 20.11.2025 को मध्याहंन 12.00 बजे तक ऑनलाइन सबमिट (अपलोड) किया जा सकता है। निविदायें दिनांक 20.11.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। ठेकेदारों से अपेक्षित है कि उक्त वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें ताकि किसी भी प्रकार के संशोधन / शुद्धि की स्थिति की जानकारी उनको समय से प्राप्त हो सके।

(अश्वनी कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
अम्बेडकरनगर

UP – 239970 दिनांक: 07/11/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

आयोजन | सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली यात्रा

एकता यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत

बांगरमऊ, उन्नाव

एकता यात्रा में शामिल विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर विधायक श्रीकांत कटियार के नेतृत्व में सोमवार नगर के विभिन्न मार्गों पर एकता यात्रा आयोजित हुई। हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप से विधायक ने यात्रा का शुभारंभ किया। एकता यात्रा नानामऊ चौराहा, कल्याणी नदी पुल से होते हुए बाईपास पहुंची। जहां सांसद साक्षी महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी व विधायक श्रीकांत कटियार ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद यात्रा पटेल चौराहा पहुंची। जहां सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष ने वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। शहीद ठाकुर जसा सिंह स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान लखनऊ रोड चौराहा व नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने पुष्प वर्षा कर एकता यात्रा का स्वागत किया गया। यात्रा में देशभक्ति के गीतों पर लोगों ने तिरंगा लहराया। इसके बाद एक रिसॉर्ट पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ। जनसभा में प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला व विशिष्ट अतिथि एमएलसी अशोक अग्रवाल का विधायक ने स्वागत किया। इस दौरान जिला महामंत्री बिपिन मिश्रा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बांगरमऊ अर्जुनलाल दिवाकर, ब्लाक प्रमुख फतेहपुर चौरासी मनोज निषाद, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश पाल, बांगरमऊ चेयरमैन रामजी गुप्ता, फतेहपुर चौरासी चेयरमैन मिथलेश जायसवाल, ऊगू चेयरमैन प्रतिनिधि अनुज दीक्षित, मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी, गोविंद कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

अज्ञात वाहन की टक्कर से दंपति व बच्ची घायल

नवाबगंज, अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के शुक्लागंज निवासी राकेश पुत्र जागेश्वर की बेटी अंजली कस्बा स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। सोमवार दोपहर राकेश पत्नी रामादेवी व बेटी को लेकर बाइक से नवाबगंज आया था। जहां बाईपास पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे पति, पत्नी व बेटी सड़क पर गिरकर घायल हो गये। एंबुलेंस ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने रामादेवी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

युवक की हुई पिटाई, मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर मोड़ के पास एक युवक की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई। मन्शाखेड़ा निवासी रुपरानी पत्नी स्व. मैकू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 8 नवंबर की शाम 7:45 बजे उसका बेटा सूरज पासी कंचन नगर मोड़, गौरव गेस्ट हाउस के पास गया था। तभी सूरज मल्लाह, कौशल गौतम, कमला शंकर व बीनू ने उसे गालियां देते हुए लाठी-डंडों से पीट दिया। मारपीट के दौरान सूरज बेहोश होकर गिर पड़ा। आरोप है कि हमला करने के बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एक्सप्रेस-वे पर खराब हुई निजी बस

गंजमुरादाबाद। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बिहार से दिल्ली जा रही एक निजी बस अचानक खराब हो गई। जिससे यात्रियों को 14 घंटे तक बिना भोजन-पानी के रहना पड़ा। बता दें कि बीती रविवार रात एक निजी बस सवारियां लेकर बिहार से दिल्ली जा रही थी। तभी देररात अचानक एक्सप्रेस-वे पर गौरिया कला के पास बस में तकनीकी खराबी आ गई। जिससे चालक ने लेन किनारे बस रोक दी और मरम्मत करने का प्रयास शुरू किया। लेकिन बस ठीक नहीं हो सकी। जिससे यात्रियों को एक्सप्रेस-वे पर पूरी रात बिना भोजन पानी के बितानी पड़ी। सोमवार सुबह मिस्त्री के आने पर दोपहर 2 बजे बस हो सकी। इस दौरान 14 घंटे तक यात्री भूख- प्यास से परेशान रहे।

पंजीकृत श्रमिकों का कराया जाए नवीनीकरण

उन्नाव। कार्यालय खंड विकास अधिकारी सिकन्दपुर कर्ण में श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इसमें जीरो पावर्टी अभियान के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के नवीनीकरण व योजनाओं से लाभान्वित कराने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। खंड विकास अधिकारी सिकन्दपुर कर्ण ने इस कार्य में प्रगति लाने हेतु पंचायत सहायकों रोजगार सेवकों को निर्देशित किया। कैंप में फहद खान खंड विकास अधिकारी सिकन्दरपुर कर्ण, एसएन नागेश सहायक श्रमायुक्त, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राधेश्याम सिंह, एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत व ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित थे।

वकीलों ने खोला मोर्चा

उन्नाव। सोमवार को बार अध्यक्ष गिरीश मिश्रा के नेतृत्व में सैंकड़ों अधिवक्ता सड़क पर उतरे और तहसीलदार के विरुद्ध कार्यवाई की मांग की। इस दौरान सभी ने तहसीलदार पर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने व लचर कार्यशैली के आरोप लगा प्रदर्शन किया। महामंत्री अनुज बाजपेयी ने कहा कि जिला प्रशासन को पहले भी इस संबंध में अभिलेखीय साक्ष्य सौंपे गए थे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यदि दो दिन में मांग पूरी नहीं हुई तो 13 नवंबर से अधिवक्ता जिले के सभी न्यायालयों का बहिष्कार करेंगे। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष चंद्रमूल सिंह यादव, नरेंद्र अवस्थी, मोहनलाल आदि मौजूद रहे।

कचहरी पुल के नीचे बनेगी वाहन पार्किंग

जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। शहर के कचहरी रोड पर अवैध रूप से वाहन पार्किंग होने से जाम लगने की समस्या से निपटने के लिए और सुंदरीकरण के लिए जिला प्रशासन ने रूपरेखा तैयार कर ली है। कचहरी पुल के नीचे वाहन पार्किंग का निर्माण किया जाएगा।

डीएम गौरांग राठी ने सोमवार शाम एडीएम सुशील कुमार गोंड, ईओ एसके गौतम, यातायात प्रभारी सुनील कुमार व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। प्रशासन की योजना के अनुसार, इस नई पार्किंग व्यवस्था को तीन अलग-अलग ज़ोन में किया जाएगा। ताकि यातायात सुचारु रहे और किसी को असुविधा न हो। इसके लिए कचहरी पुल के नीचे वाहन पार्किंग बनाने की योजना है। यहां अलग-अलग तीन जोन में पार्किंग बनाने की योजना है। एक जोन में दोपहिया, दूसरे में चार पहिया वाहन व तीसरे में यहां मोहल्ले में रहने वाले लोगों के लिए वाहन पार्किंग बनेगी।

आंबेडकर तिराहा के पास अधिकारियों को निर्देश देते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

राजमार्ग के नालों का एक्सईएन ने किया निरीक्षण

शुक्लागंज, अमृत विचार। नगर में राजधानी मार्ग पर बने ऊंचाई वाले नालों के पुनर्निर्माण को लेकर सोमवार शाम पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन व विभाग के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता एचडी अहिरवार, सहायक अभियंता वीके श्रीवास्तव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने नालों की संरचना, जल निकासी व्यवस्था और निर्माण की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। ज्ञात हो कि विगत माह नगर पालिका अध्यक्षा कौमुदी पांडे ने प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखकर राजधानी मार्ग पर स्थित ऊंचाई वाले नालों के पुनर्निर्माण की मांग की थी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नाले ऊंचाई पर बने होने से वर्षा के दौरान जल निकासी बाधित होती है और सड़क पर पानी भर जाता है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि भविष्य में जल निकासी में किसी प्रकार की समस्या न हो और नागरिकों को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके। इस संबंध में तकनीकी स्तर पर सुधार की संभावनाओं पर चर्चा की गई। वहीं, शैलश्री पैलेस के पास लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए दोनों ओर टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर बनाए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया। अधिशासी अभियंता एच.डी. अहिरवार ने मौके पर स्थिति की गंभीरता को समझते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होते ही कुछ दिनों में दोनों ओर स्पीड ब्रेकर का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

पुराने विवाद में युवक पर चाकू से किया हमला

शुक्लागंज, अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के डॉकतार कॉलोनी में रविवार देररात पुराने विवाद को लेकर एक युवक पर दबंग ने चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने उसे बेहोशी हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, डॉकतार कॉलोनी निवासी अतुल शर्मा पुत्र स्व. श्रीकृष्ण शर्मा रविवार देर रात मोहल्ले में मौजूद था। इसी दौरान पुराने विवाद को लेकर देवेन्द्र सिंह उर्फ शिवा ठाकुर वहां पहुंचा और अतुल से गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने अतुल पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में अतुल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। शोर सुनकर परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में घायल को अस्पताल पहुंचाया। घायल के जीजा विभू शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

बिंदा नगर चौकी इंचार्ज रविशंकर पांडे ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले की गहराई से जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

स्मार्ट मीटर से मिलेगी उपभोक्ताओं को राहत

शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार। स्मार्ट मीटर लगने से गलत बिजली बिल, हर माह रीडिंग की झंझट, ब्याज या लेट फीस जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। साथ ही किरायेदार और मकान मालिक के बीच बिल को लेकर विवाद की स्थिति समाप्त हो जाएगी।

यह जानकारी सोमवार को सरैयां विद्युत सब स्टेशन पर आयोजित प्रेस वार्ता में बिजली विभाग के एक्सईएन भरत गौतम, एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद, निरंजन चौधरी व जेई विजय पाल ने दी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट प्री-पेड मीटर के फायदे बताते हुए कहा कि यह व्यवस्था उपभोक्ता सेवा में बड़ा सुधार लाएगी। एक्सईएन भरत गौतम ने बताया कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता अपने बिजली खर्च पर स्वयं नियंत्रण कर सकेगा और घर बैठे मीटर को रिचार्ज कर पाएगा। साथ ही उपभोक्ताओं को बिजली दर पर दो प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर का एक और बड़ा लाभ यह है कि भविष्य में सोलर पैनल या ईवी चार्जिंग लगाने पर मीटर बदलने की आवश्यकता नहीं होगी।

प्रेस वार्ता में जानकारी देते एक्सईएन, एसडीओ और जेई। अमृत विचार

- **गलत बिल और ब्याज से मिलेगा छुटकारा**

उन्होंने बताया कि शुक्लागंज नगर में कुल 34 हजार स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इनमें फीडर नंबर दो, तीन, चार, पांच और शक्ति नगर में 22 हजार 700 मीटर लगाए जाने हैं, जिनमें से अब तक 35 मीटर लग चुके हैं। वहीं फीडर नंबर एक में 10 हजार 600 मीटर लगने हैं, जिनमें से 3 हजार लगाए जा चुके हैं। अंबिकापुरम क्षेत्र के 500 उपभोक्ताओं में अब तक 184 मीटर लगाए जा चुके हैं। इस क्षेत्र में शत प्रतिशत मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ताओं में यह भ्रांति है कि स्मार्ट मीटर तेज चल रहे हैं, जबकि ऐसा नहीं है। इसको लेकर पुराने मीटर के साथ स्मार्ट मीटर लगाकर रीडिंग मिलाने का प्रदर्शन किया गया, जिससे लोगों को भरोसा दिलाया गया कि दोनों में कोई अंतर नहीं है। स्मार्ट मीटर से विभाग को फाल्ट और सप्लाई बाधित होने की तुरंत जानकारी मिल सकेगी, जिससे आपूर्ति व्यवस्था और सुचारु होगी।

सिद्धार्थनगर का विजेता ट्रॉफी पर कब्जा

उन्नाव महोत्सव

उन्नाव, अमृत विचार। शहर के जीआईसी मैदान में चल रहे उन्नाव महोत्सव के 10वें दिन एफएन फाउंडेशन के फाउंडर शादाब व चीफ पैट्रन शाकिब के संयोजन में मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स फाइट व पंजा कुश्ती का आयोजन हुआ। पांडाल के बीच बड़े से पिजड़े में देश के अलग-अलग स्थानों से आये फाइटर्स ने दम-खम दिखाकर प्रतिद्वंदी को पटकनी देकर गोल्ड मेडल जीता। इसमें करीब 200 खिलाड़ियों के बीच फाइट हुई। 30 गोल्ड मेडल प्राप्त कर सिद्दार्थ नगर की टीम ने विजेता ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया।

वहीं 26 गोल्ड मेडल के साथ दिल्ली की टीम ने उप विजेता की ट्रॉफी हासिल की। देररात तक चली प्रतियोगिता में दर्शकों का दर्शकों ने खूब आनंद लिया। इस दौरान अपर जिला जज मनीष निगम, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, मिस्टर इंडिया अशरफ व अध्यक्ष निम्मी अरोड़ा, प्रबंधक अशोक पटेल शिवा, रामसुमेर सिंह, डॉ. मनीष सिंह सेंगर, डॉ. राजेश सिंह, प्रभारी सुख सागर पटेल, अनिल सिंह फौजी, अखिलेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में फाइट करते खिलाड़ी। अमृत विचार

जी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, जीजीआईटी व डीवाई पाटिल स्कूल के बीच हुआ समझौता

उन्नाव, अमृत विचार। उत्कृष्ट शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में ज़ी कॉलेज ऑफ फार्मेसी व ग्रेट गैंगेज एजुकेशन सोसाइटी (जीजीआईटी) ने डीवाई पाटिल ग्लोबल बिजनेस स्कूल एंड रिसर्च सेंटर पुणे (मानद विश्वविद्यालय) से एक ऐतिहासिक समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह एमओयू छात्रों के लिए अकादमिक सहयोग, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, फैकल्टी एक्सचेंज कार्यक्रमों व उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण की राह खोलेगा। इससे उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार किया जा सकेगा।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने में डीवाई पाटिल ग्लोबल बिजनेस स्कूल एंड रिसर्च सेंटर पुणे से डॉ. संतोष महाजन व ममता सिंह रहीं। जी कॉलेज ऑफ फार्मेसी का प्रतिनिधित्व डॉ. पुष्पेंद्र कुमार जैन व डॉ. प्रज्ञेष पांडे व जीजीआईटी का प्रतिनिधित्व डॉ. सौरभ गुप्ता व अक्सा खालिद ने किया। ज़ी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के चेयरमैन अनिल वर्मा ने उम्मीद जताई कि इस एमओयू के तहत अगले 3 वर्षों में कई संयुक्त परियोजनाएं शुरू होंगी। जिससे क्षेत्र में शैक्षणिक मानकों को नई ऊंचाई मिलेगी।

हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र के साथ मौजूद दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधि। अमृत विचार

वॉलीबॉल प्रतियोगिता : रौतापुर, आसीवन, फतेहपुर चौरासी व वीरपुर ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

उन्नाव, अमृत विचार। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में सवाइन में हुई प्राइज मनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच सफ़ियापुर व रौतापुर के बीच हुआ। उद्घाटन जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश सब्बरवाल व पूर्व विधायक कृपा शंकर सिंह के पुत्र नितिन सिंह पटेल ने किया।

आयोजन समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जहीर खान ने बताया कि क्वार्टर फाइनल मैच तक 8 मैच हुए। सेमीफाइनल में रौतापुर, आसीवन, फतेहपुर चौरासी व वीरपुर की टीम सेमी फाइनल में पहुंच चुकी हैं। सफ़ियापुर बनाम रौतापुर में विजेता रौतापुर, बहुराजमऊ बनाम स्टार क्लब में विजेता बहुराजमऊ, आसीवन बनाम बिहार में विजेता बिहार, गौरैया बनाम कूल्हा में विजेता गौरैया रहा। पहले क्वार्टर फाइनल भगवंतनगर बनाम रौतापुर में विजेता रौतापुर, दूसरे क्वार्टर फाइनल फतेहपुर चौरासी बनाम बहुराजमऊ में विजेता फतेहपुर चौरासी, तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच आसीवन बनाम आजाद क्लब में विजेता आसीवन, चौथे क्वार्टर फाइनल मैच वीरपुर बनाम गौरैया में वीरपुर जीता रहा। निर्णायकों में आशीष पांडे, अनिल, तुषार गौरव दुबे, अभिषेक व देवेंद्र रहे। इस दौरान डॉ. अश्वनी शुक्ल, लईक खान, नितिन पटेल, ओम प्रकाश पासवान, इलियास कुवैती, अनीस मास्टर, शिव प्रसाद चौधरी, लालू खान, खालिक भाई, अंकित परिहार आदि रहे।

वॉलीबॉल खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

बीएलओ ड्यूटी से मना करने पर शिक्षिका का वेतन रुका

उन्नाव, अमृत विचार। विकासखंड सफीपुर के एक प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका ने बीएलओ की ड्यूटी लेने से मना कर दिया। इस पर बीएसए ने उसका वेतन रोक दिया है। निर्वाचक नामावली के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मैपिंग कराने सम्बन्धी कार्य पूर्ण करने हेतु श्वेता दीक्षित सहायक शिक्षिका प्राथमिक विद्यालय सकहन मुसलमानान विकासखण्ड सफीपुर की ड्यूटी बीएलओ के रूप में लगाई गई थी। किन्तु शिक्षिका ने मना कर दिया। इस पर बीएसए अमिता सिंह ने उसका वेतन अवरुद्ध कर दिया है। बीएसए ने कहा कि निर्वाचन जैसे कार्य में लापरवाही बरतते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने पर शिक्षिका के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

रेस्टोरेंट संचालक ने पूर्व विधायक के पुत्र से की मारपीट

- **खराब खाने की शिकायत पर हुई मारपीट, रिपोर्ट दर्ज**

उन्नाव, अमृत विचार। खाना खाते समय रेस्टोरेंट संचालक से कुछ लोगों की कहासुनी हो गई। इससे संचालक ने अपने बेटे व अन्य साथियों के साथ मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पिता-पुत्र सहित अन्य पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के दरोगाबाग निवासी आशुतोष भारती ने बताया कि रविवार रात वह शहर के मोतीनगर स्थित एक रेस्टोरेंट में साथी शिवम वर्मा व अवनीश राजपूत के साथ खाना खाने गया था। जो खाना आया वह खराब था और उसमें दुर्गंध आ रही थी। जब इसकी शिकायत की तो संचालक पिंकी लाला भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित ने बताया कि वह भाजपा नेत्री विमला कुरील का बेटा है। पिता बाबूलाल कुरील पूर्व विधायक थे। इसके बाद संचालक ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर पिंकी ने बेटे गोपाल व अन्य साथियों के साथ मारपीट की और धारदार औजार से वार करने का भी प्रयास किया। इसमें उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। जिला अस्पताल में उसका इलाज हुआ। कोतवाल संजीव कुशवाहा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर संचालक पिता-पुत्र व अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

गैंगस्टर एक्ट के दोषी को दो साल की सजा, 5 हजार जुर्माना

संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रहे सतीश गौतम की तहरीर पर पुलिस ने गैंग बनाकर अपराध करने के आरोपी मदनी नगर मोहल्ला निवासी मो. रियाज पर गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाई की थी। मुकदमे के विवेचक तत्कालीन कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र मिश्रा ने आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर 13 जनवरी 2021 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। सोमवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई में विशेष लोक अभियोजक हरीश अवस्थी, विश्वास त्रिपाठी व अलंकार द्विवेदी की दलील व साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश निवेदिता अस्थाना ने आरोपी को 2 साल की सजा के साथ 5 हजार जुर्माना भी लगाया है।

हर्षोल्लास

कार्तिक पूर्णिमा मेले में बच्चों ने लिया झूलों का आनंद

मेले में महिलाओं की खरीदारी से बढ़ी रौनक

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

अमृत विचार। रेलवे पुल के नीचे लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले में सोमवार को भारी भीड़ उमड़ी। मेले में सुबह से ही महिलाओं का रेला घरेलू सामान की दुकानों पर दिखाई दिया। गृहस्थी की जरूरत का सामानकृजैसे चकला, बेलन, बर्तन और अन्य घरेलू उपयोग की चीजें खरीदने के लिए महिलाएं उत्साह के साथ पहुंचीं।

बुधवार से शुरू हुए इस पारंपरिक मेले के छठवें दिन रेलवे पुल के नीचे और गंगा रेती क्षेत्र में लोगों की भीड़ देखते ही बन रही थी। दिनभर मेला परिसर में रौनक बनी रही। बच्चे छोटे और बड़े झूलों, घोड़े-हाथी के झूलों पर खूब मस्ती करते नजर आए, जबकि महिलाएं चाट, टिक्की और गोलगप्पे के स्वाद का लुत्फ उठाती दिखीं। दुकानदारों ने भी मौके का भरपूर लाभ उठाया और मनमाने दामों पर सामान बेचा, जिससे कई बार ग्राहकों और दुकानदारों के बीच कहासुनी की नौबत भी आ गई। इसके बावजूद खरीदारी का जोश कम नहीं हुआ।

मेले में चूड़ियां खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार

रश्मिलोक बंधा के पास मिला शव

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रश्मिलोक बंधा के पास सोमवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह टहलने निकले लोगों ने बंधा किनारे युवक का शव पड़ा देखा तो उन्होंने इसकी सूचना तत्काल गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। पुलिस ने आस-पास के लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। बताया गया कि मृतक की उम्र करीब 42 वर्ष के आसपास है। उसके शरीर पर महरून रंग की शर्ट, काली पैंट और काली सैंडो बनियान थी।

पालिका ने पकड़े 13 अन्ना गोवंश

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

अमृत विचार। नगर में खुलेआम घूम रहे अन्ना पशुओं से लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। सोमवार सुबह पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर कैटल कैचिंग दस्ते ने विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया।

अभियान के दौरान टीम ने राजधानी मार्ग और सीताराम कॉलोनी में घूम रहे अन्ना गोवंशों को पकड़ा। इस दौरान कुल 13 गोवंश पकड़े गए, जिन्हें पालिका वाहन से गगनीखेड़ा स्थित कान्हा गौशाला में सुरक्षित रूप से भेजा गया। पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर की सड़कों और गलियों में अन्ना पशुओं की बढ़ती संख्या से यातायात बाधित हो रहा था और कई बार हादसे भी हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रतिदिन जारी रहेगा, ताकि सड़कों को अन्ना पशुओं से मुक्त किया जा सके और नगर को स्वच्छ व सुरक्षित बनाया जा सके।

अन्ना गोवंशों को पकड़ता पालिका का कैटिल कैचिंग दस्ता। अमृत विचार

अमृत विचार

मंगलवार, 11 नवंबर 2025

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दु:खियों-रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दु:खी हो ही जाता है।

– स्वामी विवेकानंद

आतंक का नया चेहरा

गुजरात एटीएस द्वारा हाल ही में उजागर की गई आतंकी साजिश देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक गंभीर चेतावनी है। प्रारंभिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि इस साजिश का निशाना लखनऊ स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यालय था। यदि यह सत्य सिद्ध होता है, तो यह घटना केवल किसी संगठन पर हमला नहीं, बल्कि देश की वैचारिक और सामाजिक संरचना को अस्थिर करने की कोशिश कही जाएगी। एटीएस के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों में एक डॉक्टर शामिल है, जिसने चीन से पढ़ाई की और प्रयोगशाला में रिसिन नामक घातक जैविक जहर का परीक्षण भी किया। यह वही जहर है, जिसे लेकर अमेरिका में बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ साजिश रची गई थी। रिसिन का कोई ज्ञात एंटीडोट नहीं है और इसका प्रयोग आतंकवाद के जैविक हथियार के रूप में किया जाता है। देश में इसका निर्माण या प्रयोग हुआ होता, तो यह सबसे भीषण आतंकी घटना का रूप ले सकती थी। एटीएस के शक के मुताबिक यदि इस जहर हो प्रसाद में मिला दिया जाता, तो हजारों मौतें होतीं तथा धार्मिक सौहार्द छिन्न-भिन्न होने के अलावा वर्ग विशेष के प्रति भयानक दहशत फैल जाती। इस खुलासे के बाद लगता है कुछ कट्टरपंथी समूह पारंपरिक विस्फोटक या बंदूक की बजाय रासायनिक और जैविक हथियारों की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। आतंकवाद की शैली बदल रही है। आतंक का चेहरा साइबर, रासायनिक और वैचारिक रूप लेता जा रहा है। उत्तर प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक जैसे राज्य बीते कुछ समय से आतंकी संगठनों के निशाने पर रहे हैं। कारण है इन राज्यों की आबादी, धार्मिक-सांस्कृतिक विविधता और रणनीतिक महत्व।

पिछले कुछ वर्षों में आतंकियों की साजिशों का ग्राफ बढ़ा है, जो गृह मंत्रालय और खुफिया तंत्र की सजगता की परीक्षा है। इस घटना को विभाग की "सतर्कता में कमी" कहना उचित नहीं होगा, सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को इस खुलासे को "एक आकस्मिक साजिश" नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की समीक्षा का अवसर मानना चाहिए। असल चुनौती तो आतंक की बदलती प्रकृति को समझने और उससे पहले कदम उठाने की है। जरूरत है कि हम विदेशी शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त संदिग्धों की व्यापक प्रोफाइलिंग करने के अलावा जैविक और रासायनिक हथियारों से जुड़ी निगरानी प्रणाली को मजबूत करें। इसके साथ धार्मिक आयोजनों और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा जांच को आधुनिक बनाने और साइबर इंटेलिजेंस नेटवर्क को पुनर्गठित करने की भी आवश्यकता है। पारंपरिक आतंक से लड़ाई में हमने अब तक उल्लेखनीय सफलता पाई है, लेकिन यह नया खतरा तकनीकी और वैचारिक दोनों स्तरों पर जटिल है। इसलिए इसे केवल पुलिस या एटीएस का विषय नहीं माना जा सकता। यह राष्ट्र की सामूहिक सतर्कता और नीतिगत तत्परता की परीक्षा है। इस बार, लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं। आरएसएस या अन्य हिंदू संगठनों की वैचारिक एवं कार्य सक्रियता इस्लामिक आतंकियों को भड़काती हैं, यह तर्क अधूरा और खतरनाक है। किसी राजनीतिक या धार्मिक मतभेद के कारण कोई समूह आतंक की राह पकड़ता है, तो वह लोकतंत्र की आत्मा को नष्ट करने का प्रयास करता है। इसका कड़ा प्रतिकार होना ही चाहिए।

जातिवाद के जहर में डूबता हमारा समाज

अनिल त्रिगुणायत

लखनऊ

"ना जी ना... मैं तो जाति-धर्म में विश्वास ही नहीं करता। जाति से ऊपर उठकर समाज का समुचित उत्थान ही मेरे जीवन का उद्देश्य। इंसानों की सेवा करते रहना ही मेरा मजहब। राष्ट्रप्रेम व समाज का चहुंमुखी विकास करना ही मेरा मूल चरित्र है। जात-पात की बात करना व उस पर अमल करना सिर्फ रूढ़िवादिता।" भारत में बहुतेरे ऐसे वाक्य बोलते मिल जाएंगे, लेकिन वास्तविकता यह है कि जातिवाद ने देश को पूरी तरह जकड़ लिया है।

कहने को हम 21 वीं सदी, डिजिटल व अर्वाचीन युग में हैं, लेकिन जातिवाद मुद्दे पर हम आज भी कदाचित प्राचीन युग में ही जी रहे हैं। समय के साथ हमारे देश ने तरक्की तो खूब कर ली है, लेकिन हमारा समाज आज भी जातिवाद के जहर में डूब रहा है, उतरा रहा है। गुणवत्तापरक शिक्षा जातिवाद को दूर करने में सहायक होगी। ऐसा बहुधा कहा व माना जाता है, किंतु सच्चाई यह है कि जो जितना शिक्षित वह अपने धर्म/जाति, समुदाय व समूह को लेकर उतना ही कट्टर दिख रहा है। चिंता यह है कि जातिवादी सोच हमें किस दिशा में ले जा रही है? समाज की दशा कैसी होती रही है? ऐसा नहीं कि जातिवादी जहर केवल सामान्य भारतीय में ही नफरत घोल रहा, बल्कि इसने अपने आगोश में विधायिका और सरकारी तंत्र को भी ले लिया है। गांव व कस्बे तो जातिवाद की जकड़ से छूटते नहीं दिख रहे। देश की राजनीति में तो जातिवाद विषबेल की तरह फैलती जा रही है।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद- 15 में राज्य के द्वारा धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जन्म स्थान के आधार पर नागरिकों के प्रति जीवन के किसी क्षेत्र में भेदभाव नहीं किए जाने की बात करता है। नागरिकों के अधिकार, कर्तव्य व शक्तियों को भी समभाव निरुपित और परिभाषित करता है, लेकिन क्या यह वास्तविकता से परे नहीं लगने लगा है? मानवता, भाईचारा, राष्ट्रीयता, सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द और सहिष्णुता की व्याख्या और प्रवचन केवल कहने व कागजों पर ही सिमटी नहीं दिख रही? "तंत्र" इसे बखूबी जानते हुए भी उदासीन बना हुआ है। राजनीतिक दल जातिवाद को अपने लाभ का "मुख्य निवेश" मान बैठे हैं। दलों को चिंता ही नहीं कि जातिवाद के कुरूप होते चेहरे को कैसे सुघर बनाया जाए?

समाज को व्यवस्थति रखने में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की भूमिका अहम होती है। यही तीनों स्तंभ समाज के स्वरूप का निर्धारण करते हैं। इन्हीं तीनों में सामाजिक-आर्थिक और प्रशासनिक शक्तियां होती हैं, तो क्या कारण है कि लोकतंत्र के तीनों स्तंभ देश फल-फूल रहे जातिवाद को समाप्त करने की दिशा में ठोस प्रयास नहीं कर पा रहे हैं? ऐसे में यही समझा जाए कि "कहीं मेड़ ही तो खेत" नहीं खा रही? जातिवाद का दीमक ग्राम पंचायत चुनाव से लेकर लोकसभा चुनावों तक को खोखला कर रहा है।

अब प्रत्याशियों को टिकट मिलने का "मापक यंत्र" उसकी योग्यता नहीं वरन उसकी जाति हो गई है। जातिवाद के "हवन कुंड" में राजनीतिक दल घी, जौ, तिल, चावल, जड़ी-बूटियां, गुड़ जैसी सामग्री समर्पित कर अपना उल्लू सीधा करने में भी लगे हैं। कुछ क्षेत्रीय दल तो जातिवाद की "संजीवनी" से ही अपने को जीवित रखे हैं।

यूं तो जातिवाद पूरे भारत में नासूर बन चुका है, लेकिन यूपी और बिहार की राजनीति में यह "कैंसर" सरीखा स्वरूप ले चुका है। जातिवाद को बढ़ावा देने में बेलगाम इंटरनेट मीडिया भी प्रमुख भूमिका निभा रहा है। लाख टके का सवाल यह कि अपने को सर्वश्रेष्ठ साबित करने, वर्चस्व स्थापित करने और येन-केन-प्रकारेण त्वरित लाभ हेतु हम समाज को अधोगति की ओर क्यों ले जा रहे हैं? इसका तार्किक उत्तर हमें खोजना ही होगा, दूरगामी परिणाम देना ही होगा। देश में पनपते जातिवाद की राह में सामाजिक भेदभाव, समान अवसरों की कमी, सामाजिक एकता में विघटन, राजनीतिक लाभ व विभाजन, सांस्कृतिक पृथक्करण और सामाजिक-आर्थिक असमानताएं तो हैं, लेकिन उन्हें दूरकर सकारात्मक दिशा में बढ़ने के उपाय भी हैं।

बात करें भारत में जातिवाद पनपने के इतिहास पर, तो यहां इसकी जड़ें प्राचीन काल से ही जमी हैं। वैदिक समाज में दो वर्ण थे। पहला आर्य वर्ण और दूसरा दास वर्ण। वर्णों की व्याख्या उत्तर वैदिक काल अर्थात करीब 1000 से 500 ईसा पूर्व में हुई। पहले तीन समूह अर्थात ब्राह्मण, क्षत्रिय व वैश्य थे। शूद्रों का समावेश बाद में किया गया। भारत में सामाजिक श्रेणियों का विकास मौर्य काल (322 ईसा पूर्व से 185 ईसा पूर्व तक) में हुआ। मौर्योत्तर काल (200 ईसा पूर्व से 300 ईसवी तक) में सामंतवाद के उदय के साथ जाति व्यवस्था ने पांव फैलाए।

देश में जाति प्रारूप सामाजिक संरचना का एक भाग था। विभिन्न जातियों के लोग अलग-अलग कार्य करते थे। अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सचेत थे, सामाजिक नियमों का पालन करते थे। हालांकि समय के साथ समाज में व्यापक परिवर्तन तो हुआ, किंतु जातिवाद आज भी सामाजिक विभाजन और भेदभाव का कारण बना हुआ है। देश में सामाजिक वर्ग, श्रेणी और जातियों का होना हमें कहीं से प्रभावित नहीं करता, लेकिन इसका स्वरूप सकारात्मक होना चाहिए। डॉ. आंबेडकर और डॉ. राममनोहर लोहिया तो जातिगत भेदभाव के सर्वथा खिलाफ रहे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी मानना है कि जातिवाद का जहर देश को बर्बाद कर रहा है, खास तौर पर गांवों को। यह आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास को भी अवरुद्ध कर रहा है। आज हमारे लोकतंत्र की मुख्य धुरी नागरिक नहीं, बल्कि जाति हो गई है। जातिवाद के चंगुल से हमें निकलना ही होगा। अन्यथा हम अपनी संतति के लिए स्वस्थ नहीं वरन बिखरा समाज ही छोड़ जाएंगे।

देश में जाति प्रारूप सामाजिक संरचना का एक भाग था। विभिन्न जातियों के लोग अलग-अलग कार्य करते थे। अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सचेत थे, सामाजिक नियमों का पालन करते थे।

सोशल फोरम

रैली से शुरू मेरी राजनीति में जिज्ञासा का सफर

वर्ष 1966 की बात है, जब मैं साइकिल से अपनी स्कूल की तरफ जा रहा था। रास्ते में मुझे एक रैली दिखाई दी, जिसमें ज्यादातर युवा व बच्चे पूरे जोश से नारे लगा रहे थे। "अंग्रेजी हटाओ, देश बचाओ"। मेरा बाल सुलभ मन मचलने लगा। मैं भी साइकिल से उतरकर, उनके साथ-साथ अपनी स्कूल की दिशा में बढ़ते हुए, नारे लगाने लगा। इसी दौरान किसी बच्चे ने अपने हाथ का बैनर मेरी साइकिल में फंसाकर, अपनी जिम्मेदारी मुझे सौंपते हुए, वहां से रुखसत हो गया। थोड़ी दूर रैली के साथ चलकर, मैं भी अपनी साइकिल पर सवार होकर, वहां से नौ दो ग्यारह हो गया। यह मेरा राजनीति से प्रेरित प्रदर्शन से पहला साक्षात्कार था। बाद में मेरी निगाह शहर के उन सारे दुकानों पर अंग्रेजी में लगे होर्डिंग आदि पर गई, जहां काले तारकोल फेर दिए गए थे। समय गुजरता गया, अब धीरे-धीरे राजनीति के इस प्रकार के हो-हुल्ला के मायने कुछ कुछ समझ में आने लगी। यद्यपि शहर के तीन-चार एमएलए और एमपी गण पिता जी मिलने घर पर आते थे, उनके बीच कुछ राजनीति की बातें भी होती थीं, परंतु इसके बावजूद भी राजनीति के प्रति लेशमात्र भी मेरी रुचि नहीं थी। कह सकता हूं कि 1973 में जब कानून की पढ़ाई करने लखनऊ यूनिवर्सिटी गया, वहां अचानक से छात्र राजनीति में रुचि लेने लगा। वो भी सिर्फ जिज्ञासा वश। इसके पीछे एकमात्र कारण, संघ से जुड़े मेरे एक रूम पार्टनर मित्र थे, जिन्हें बाद में विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय का चुनाव लड़ाकर, अध्यक्ष भी बना दिया था।

विजय सिंह

रुद्रपुर, उत्तराखंड

इसी दौरान वर्ष 1975 में इमरजेंसी घोषित हो गई। नेताओं की धर पकड़ के दौरान, सौभाग्यवश मित्र अध्यक्ष जी के चक्कर में, जेल की हवा खाने से मैं बाल-बाल बचा था। आधे घंटे की पूछताछ के बाद ही, पुलिस के अधिकारियों ने जान बख्शी थी। अन्यथा आज कहीं छोटा मोटा नेता बनकर जीवन गुजर बसर करता होता। लखनऊ से पास आउट के बाद गृह जनपद में प्रवास के दौरान, देश के कई बड़े-बड़े नेताओं के सानिध्य में आने का अवसर मिला, जिनमें राजनरायन, मधुलिमये और कर्पूरी ठाकुर जैसे समाजवादी नेता, जॉर्ज फर्नांडीज जैसे ट्रेड यूनियन के नेता और नारायण दत्त जैसे विकास पुरुष वगैरह थे। हो सकता है इस कारण ही मुझ पर समाजवादी विचारधारा का अधिक प्रभाव पड़ा हो। इस जिज्ञासा की सफर में, जहां बड़ी-बड़ी पार्टियों का उत्थान और पतन का गवाह बना, वहीं जनता की मनः स्थिति समझने और परखने की कला भी सीखने को मिली। **-फेसबुक वॉल से**

प्रसंगवश

सदैव प्रासंगिक रहेंगी मौलाना आजाद की शिक्षा नीतियां

शिक्षा का मानव जीवन में विशेष महत्व है, जिसके बल पर इंसान अपने पूरे जीवन को बदल सकता है। वर्ष 2008 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 11 नवंबर को 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' के रूप में घोषित किया गया था, तभी से यह दिन राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में जाना जाता है, जिसका उद्देश्य सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। यह दिन विशेषतौर पर लोगों को शिक्षा का उनके जीवन में महत्व बताने के लिए समर्पित है और भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद्, धर्मनिरपेक्षता के प्रबल समर्थक तथा स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। 11 नवंबर 1888 को मक्का में जन्मे मौलाना आजाद न केवल एक बड़े विद्वान थे, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में भी उन्होंने विशेष योगदान दिया। मौलाना आजाद को भारत में शिक्षा के पुरोधा के रूप में स्मरण किया जाता है, जिन्होंने हमेशा शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का प्रमुख आधार माना। उनका असली नाम 'अबुल कलाम गुलाम मुहियुद्दीन' था, जिन्हें बाद में मौलाना आजाद के नाम से जाने जाना लगा। उन्होंने 'आजाद' को अपने उपनाम के तौर पर अपनाया।

योगेश कुमार गोयल

वरिष्ठ पत्रकार

मौलाना आजाद ने बहुत कम उम्र से ही लेखन और पत्रकारिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मक्का से भारत आने के बाद आजाद राष्ट्रीयता के विचार से प्रभावित हुए और उन्होंने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध आवाज उठानी शुरू कर दी। बंगाल विभाजन के समय उन्होंने उस फैसले का कड़ा विरोध किया और राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने लगे। स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भागीदारी ने उन्हें एक स्वतंत्रता सेनानी बना दिया था, वहीं उनका पत्रकारिता के प्रति भी विशेष रूझान था। उन्होंने कई पत्रिकाओं का संपादन किया और अपने क्रांतिकारी विचारों को जन-जन तक पहुंचाया। 1912 में मौलाना आजाद ने 'अल-हिलाल' नामक एक साप्ताहिक पत्रिका शुरू की, जिसके माध्यम से उन्होंने भारतीय मुसलमानों को राष्ट्रीय आंदोलन से जोड़ने का प्रयास किया। मौलाना आजाद ने न केवल स्वयं अंग्रेजी शासन के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाई, बल्कि हजारों लोगों को भी स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने शिक्षा नीति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौलाना आजाद एक ऐसे दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने शिक्षा को ही राष्ट्र निर्माण का आधार माना। उनकी शिक्षा नीतियां न केवल भारत के शिक्षा क्षेत्र को नया आयाम देने वाली थीं, बल्कि उन्होंने एक ऐसे समाज का सपना देखा था, जहां शिक्षा सभी के लिए सुलभ हो। इसीलिए उन्होंने प्राथमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया और देश में अनेक शिक्षण संस्थानों की स्थापना की। मौलाना आजाद धर्मनिरपेक्षता के प्रबल समर्थक थे, जिनका मानना था कि सभी धर्मों का सम्मान किया जाना चाहिए और सभी को समान अधिकार मिलने चाहिए। वह एक दूरगामी सोच वाले व्यक्ति थे, जिनका उद्देश्य भारतीय कला, साहित्य और संगीत को वैश्विक पटल पर ले जाना था, जिसके लिए उनके द्वारा साहित्य अकादमी, ललित कला अकादमी और संगीत नाटक अकादमी की स्थापना की गई। मौलाना अबुल कलाम आजाद को वर्ष 1992 में मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। मौलाना आजाद ने भारतीय संस्कृति और विरासत को शिक्षा का एक अभिन्न अंग माना। वह चाहते थे कि शिक्षा का लोकतंत्रीकरण हो और सभी वर्गों के लोगों तक शिक्षा पहुंच सके। उन्होंने व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष रूप से जोर दिया ताकि छात्र रोजगार के लिए तैयार हो सकें। उनके नेतृत्व में देश में कई शिक्षण संस्थान स्थापित किए गए, शिक्षा का दायरा बढ़ा और अधिक से अधिक लोगों तक शिक्षा पहुंची।

आमने-सामने

पहले चरण के मतदान के 4 दिन बाद भी आकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। पहले मैन्युअली उसी दिन आंकड़े सामने आते थे और आज तकनीक का जमाना है फिर भी आंकड़े क्यों छिपाए जा रहे हैं? 11 नवंबर को दूसरे चरण का मतदान है और 14 को परिणाम आएंगे, लेकिन पता ही नहीं चलेगा कि किस अनुपात में मतदान हुआ है।

– **तेजस्वी यादव**, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार

तेजस्वी यादव के समर्थक जनता को परेशान कर रहे हैं, क्योंकि लोग उनके पक्ष में वोट नहीं दे रहे हैं। अगर वे वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं, तो अदालत क्यों नहीं जाते? उनके बीच बिखराव इस बात से दिखाई देता है कि एसआईआर के मुद्दे पर पूरा महागठबंधन एक जीप पर नजर आता था, लेकिन जब से चुनाव प्रचार शुरू हुआ है, महागठबंधन एक मंच पर नहीं दिखा, तो अंदर क्या चल रहा है?

– **अरुण भारती**, एलजेपी नेता

स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट में योगी सबसे आगे

यशोदा श्रीवास्तव

वरिष्ठ पत्रकार

बिहार विधानसभा चुनाव में इस बात को लेकर भी चर्चा है कि किस स्टार प्रचारक का स्ट्राइक रेट कैसा होगा? मतलब विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन हो या इंडिया गठबंधन, गठबंधन में शामिल अन्य दलों के स्ट्राइक रेट की चर्चा तो होती है, लेकिन स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट पर पहली बार चर्चा सुनी गई। इसका मतलब यह है कि किसी भी दल के स्टार प्रचारक ने कितने क्षेत्रों में सभाएं की और इनमें कितनी सीटें जिता पाया?

बता दें कि चुनाव में सभी दलों की स्टार प्रचारकों की लंबी सूची तय होती है। ये अपने-अपने दलों के उम्मीदवार के पक्ष में सभाएं करते हैं। सभाएं आयोजित करने में जो खर्च आता है वह पार्टी वहन करती है न कि प्रत्याशी। बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार देखा गया कि यूपी की समाजवादी पार्टी ने जिसका एक भी उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रहा था, उसने भी इंडिया गठबंधन के लिए स्टार प्रचारकों को नामित किया और पूरे बिहार में जमकर प्रचार किया और सभाएं कीं। सपा के स्टार प्रचारकों में स्वयं अखिलेश यादव की सभाओं में खूब भीड़ उमड़ी। सांसद इकरा हसन ने भी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए सभाएं कीं। निस्संदेह उनकी सभाएं भी बहुत अच्छी रहीं। इस तरह सभी दलों के स्टार प्रचारकों ने अपने-अपने दलों के उम्मीदवारों के लिए खूब सभाएं की।

रविवार को जब शाम छह बजे आखिरी चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार थमा तो स्टार प्रचारकों के स्ट्राइक रेट पर चर्चा शुरू हो गई। सभी के अपने-अपने दावे थे, लेकिन चर्चा के केंद्र बिंदु में मुख्य रूप से यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ थे। लोग पूरे आत्मविश्वास से कह रहे थे कि योगी आदित्यनाथ ने जितनी सभाएं की हैं, उसमें दो तिहाई सीटों पर एनडीए उम्मीदवार की जीत पक्की है। कुछ लोग तो यहां तक कह रहें हैं कि योगी की करीब 28 सभाओं में से 25 पर एनडीए की जीत होगी।

योगी ने बिहार विधानसभा चुनाव में करीब 28 सभाएं की। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन यानी रविवार को भी योगी आदित्यनाथ ने सीतामढ़ी, समस्तीपुर और चंपारण में एनडीए के लिए सभाएं कीं। इसके पहले वे बिहार में 24 सभाएं कर चुके थे। योगी की सभी सभाओं में भीड़ अपरंपार थी। उनकी कई सभाओं में लोग बुलडोजर लेकर पहुंचे। भीड़ में से श्रोता जोर-जोर से नारा लगाते सुने गए, बुलडोजर बाबा बिहार आओ, हम आपके साथ हैं। योगी ने अपनी हर सभाओं की शुरुआत जय श्रीराम से की। उन्होंने समूचे इंडिया गठबंधन को रामद्रोही और अपराधियों का समर्थक बताकर खूब वाहवाही लूटी। स्वर्गीय सहाबुद्दीन के बेटे ओसामा साहब के बहाने आरजेडी पर खूब निशाना साधा।

एनडीए के सभी बड़े स्टार प्रचारकों ने लालू यादव के पूर्व शासन को जंगलराज बताया, लेकिन यही बात जब योगी अपनी सभाओं में कहते तो उनके अंदाज से लोग जोश से भर जाते। चारा घोटाले को लेकर भी योगी खूब मुखर रहे। कांग्रेस को उन्होंने अपनी सभी सभाओं में छठ माता का अपमान करने वाला बताया। योगी की सभाओं में उमड़ती भीड़ देख एनडीए उम्मीदवारों में योगी की सभाओं को लेकर होड़ लग गई। सभी उम्मीदवार अपने क्षेत्रों में योगी की सभा चाहते थे। योगी आदित्यनाथ ने दरभंगा की रैली में महागठबंधन के तीन बड़े नेताओं को पप्पू, टप्पू और गप्पू कहकर उनका जो मजाक उड़ाया वह पूरे बिहार में एनडीए समर्थकों में खूब लोकप्रिय हुआ।

योगी की भाषणशैली आक्रमक रहती ही है और उनके इसी अंदाज को लोग पसंद भी करते हैं। वे लाग-लपेट वाली भाषा और भाषण दोनों से दूर रहते हैं। बिहार में उन्होंने अपनी हर सभाओं में बुलडोजर की बात की। उन्होंने कहा यह बुलडोजर ही है, जिससे अपराधी और माफिया यूपी में थर-थर कांपते हैं। बड़े माफियाओं और अपराधियों ने या तो यूपी छोड़ दी है या राम नाम सत्य हो गया है। बिहार में भी इस बार बुलडोजर चलेगा। बिहार की धरती से राम, बुद्ध और नालंदा को रेखांकित करते हुए योगी ने राम के आचरण और बुद्ध के ज्ञान तथा नालंदा के शिक्षा को भी अपने भाषणों के केंद्र में प्रमुखता से रखा, उन्होंने महिला उत्थान और आत्मरक्षा की भी बात की। योगी ने बिहार में सीतामढ़ी, परिहार, पिपरा, सिवान, वैशाली, भोजपुर, राघोपुर, मोतिहारी, पिंपरी, अत्री, रक्सौल, मोहीउद्दीन नगर, सिकटी, नरपतगंज, छातापुर, समस्तीपुर, चंपारण सहित 28 सभाओं में श्रोताओं को न केवल रोमांचित किया, उन्हें बिहार और पूरे देश में भाजपा क्यों जरूरी है, यह अच्छे से बताया भी।

योगी ने जितनी भी सभाएं बिहार विधानसभा चुनाव में की उसमें कितनी सीटें एनडीए जीत पाएगी, यह 14 को ही पता चलेगा, लेकिन चुनाव प्रचार के आखिरी दिन जब चुनाव नतीजों पर चर्चा शुरू हुई, तो इसमें यह खास था कि एनडीए सबसे बेहतर प्रदर्शन उन क्षेत्रों में करने जा रही है, जहां यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की सभा हुई। इसे स्टार प्रचारकों की स्ट्राइक रेट में सबसे बेहतर होने का दावा किया गया।

एनडीए के सभी बड़े स्टार प्रचारकों ने लालू यादव के पूर्व शासन को जंगलराज बताया, लेकिन यही बात जब योगी अपनी सभाओं में कहते तो उनके अंदाज से लोग जोश से भर जाते। चारा घोटाले को लेकर भी योगी खूब मुखर रहे।

सामयिकी

उत्तराखंड: सपनों का सफर और हकीकत का सामना

उत्तराखंड 25 वर्ष का हो चुका है। उत्तराखंड युवा तो हो गया, लेकिन इसे स्वयं के पैरों पर खड़ा होने में अभी वक्त लगेगा। पलायन, कमजोर आर्थिकी, बेरोजगारी, राजनीतिक अस्थिरता जैसी चुनौतियां अब भी राज्य के समक्ष मुंह बाये खड़ी हैं। राज्य बनने के बाद जनता को उम्मीद थी कि पहाड़ का दर्द, पलायन की पीड़ा और उपेक्षा का इतिहास अब बदलेगा। मगर हुआ इसका उल्टा, विकास की गाड़ी नेताओं और अधिकारियों के महलों तक तो पहुंची, पर गांव की पगडंडियों तक नहीं। राज्य में बेरोजगारी चरम पर है, जिसके चलते पहाड़ों से पलायन बढ़ा है। इस वजह से गांव के गांव खाली हो चुके हैं, लेकिन नेताओं के पास इस सबसे निपटने का कोई स्पष्ट विजन नहीं है। राजनीतिक अस्थिरता ने विकास की रफ्तार को लगातार थामे रखा। जिस नेतृत्व से दूरदर्शिता और ईमानदारी की उम्मीद थी, वही सत्ता-सुख और पदलोलुपता की दौड़ में आगे निकल गया।

हरीश उप्रेती करन

लेखक, हल्द्वानी

सरकारी आंकड़े भले कुछ कहें, पर सच्चाई यह है कि हजारों गांव अब भी वीरान हैं। कभी जिन गांवों में शाम ढलते ही चौपालों पर हंसी गूंजती थी, वहां अब ताले और खंडहर हो चुके मकान बचे हैं। सड़कें गांवों तक अब पहुंचीं, जब कि लोग जा चुके थे। यह विडंबना नहीं तो और क्या है? राज्य में भ्रष्टाचार अब कोई छिपी हुई बात नहीं रही। मोटी तनख्वाह पाने वाले अधिकारी और कर्मचारी आए दिन विजिलेंस के जाल में फंस रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि भ्रष्ट पाए गए अफसरों को थोड़े समय बाद फिर से मलाईदार पदों पर बिठा दिया जाता है। वहीं, ईमानदार अधिकारी अक्सर छोटे संस्थानों में वनवास काटते दिखते हैं। राज्य में सड़कों का जाल जरूर बढ़ा है, पर इनकी हालत विकास का नहीं, भ्रष्टाचार का आईना है। अंग्रेजों के जमाने की सड़कें आज भी मजबूती से खड़ी हैं, जबकि नई सड़कें छह महीने भी नहीं टिक पा रहीं। ठेकेदारों, अधिकारियों और नेताओं के लिए सड़कें अब कमाई का जरिया बन चुकी हैं। नई सड़क बने तो पैसा, टूटे तो पैचवर्क या पुनर्निर्माण में फिर पैसा। इन सब निराशाओं के बावजूद उम्मीद की किरण अब भी बाकी है। आज के उत्तराखंड में जागरूकता बढ़ी है। जनता अब सवाल पूछने लगी है, सोशल मीडिया और स्थानीय आंदोलनों ने एक नई चेतना को जन्म दिया है। यह संकेत है कि अगर लोग ठान लें, तो व्यवस्था बदली जा सकती है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं ने गांवों को देश से जोड़ा। अब जरूरत है, उसी सोच को आगे बढ़ाने की ईमानदारी, जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ। उत्तराखंड के 25 वर्ष जनता के लिए आत्ममंथन का समय है। यदि वास्तव में राज्य को खुशहाल बनाना है, तो अब बड़ी-बड़ी पार्टियों के झंडे छोड़कर अपने बीच के ईमानदार, कर्मशील और संवेदनशील लोगों को आगे लाना होगा। आज जिसे देखो वही अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहता है। खुद को राज्य का हितैषी बताने वाले लोग राज्य की समस्याओं की अनदेखी कर खुद की स्वार्थ सिद्धि के लिए स्वतंत्रता सेनानियों की तर्ज पर सुविधाएं मांग रहे हैं। सुविधाएं और आरक्षण अगर किसी को मिलना चाहिए, तो केवल उन लोगों के परिवारों को जो राज्य आंदोलन के दौरान शहीद हुए। ऐसे में उत्तराखंड का यह 25 वीं वर्षगांठ केवल उत्सव का नहीं, बल्कि आत्मविश्लेषण चिंतन और मनन का अवसर है। हमें यह तय करना होगा कि हम आगे भी केवल नेताओं और अफसरों का राज्य बनकर रहेंगे या जनता के राज्य की नींव रखेंगे। जहां हर गांव में रोशनी हो, हर घर में रोजगार हो और हर उत्तराखंडी को अपने पहाड़ पर गर्व से जीने का अवसर मिले।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***

0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

कथा श्रवण

भक्ति-साधना का मुख्य साधन

साधना के अनेक मार्ग हैं, परंतु जो मार्ग सबसे सरल, सहज और हृदयस्पर्शी है- वह है श्रवण-भक्ति। भक्ति के दो प्रमुख स्तंभ माने गए हैं- भजन और श्रवण। भजन आत्मा का गीत है और श्रवण उस गीत की प्रतिध्वनि। भजन में हृदय बोलता है और श्रवण में हृदय सुनता है। भजन करने के भी कई विधान हैं। यदि आपने गुरु धारण किया है, तो हरेक गुरु अपने शिष्य को भजन करने का भिन्न-भिन्न तरीका बताता है। यह तो सर्वविदित है कि भजन केवल भगवान के लिए ही किया जाता है। भगवत प्राप्ति अथवा मोक्ष, भजन का लक्ष्य होता है। भजन करने वाला जीव यह समझ ले कि भजन केवल भगवान के लिए ही किया जाना है। भजन, केवल भक्त के हृदय में बैठे भगवान के लिए ही होना चाहिए। भजन की उच्चतम स्थिति है, भगवान का वियोग, जो भक्त प्रभु का वियोग एक पल भी न सह सके- वही सही भजन करने का उत्तराधिकारी है।



अशोक सूरी
आध्यात्मिक लेखक

भक्ति अथवा साधना का मुख्य साधन है- कथा श्रवण। कथाओं में सर्वोत्तम कथा श्रीमद्भागवत बताई गई है। श्रीमद्भागवत परम संहिता है इसे पंचम वेद की संज्ञा दी जाती है। यह परमहंसो का धन है। प्रभु की कथा सुनने से भक्त की सूक्ष्म दृष्टि प्रभु में लग जाती है। सांसारिक दृष्टि से उसकी मृत्यु हो जाती है। भागवत-कथा अमृत है, जिसे पूर्णरूपेण पीना पड़ता है। कथा श्रवण भौतिक अमृत है, इसका भी लाभ मिलता है, परंतु कथा श्रवण का पूर्ण लाभ कथा को अपने हृदय में धारण करने से प्राप्त होता है। भोजन की तरह कथा को भी पचाना पड़ता है। जिस प्रकार भोजन पचने के उपरांत शरीर को लाभ देता है, उसी प्रकार जब कथा श्रवण के उपरांत हृदय में पच जाती है, तभी उसका प्रतिफल प्राप्त होता है।

भागवत कथा श्रवण करने से जीव के जन्म-जन्म के पाप का हरण होता है एवं मंगल को प्राप्त होता है। आजकल नगरों में और मंदिरों में भागवत कथा के आयोजन की प्रथा बहुतायत में हो रही है। इस आयोजन को हम आयोजक अथवा यजमान द्वारा किया गया कथा का दान भी कह सकते है। कथा का दान भी परम कल्याणकारी है। कथा का आयोजन यज्ञ के समान पुण्यदायक है। यद्यपि यह दान समर्थ और योग्य व्यक्ति ही कर सकते हैं। कथा आयोजन से हजारों भक्तों को कथा श्रवण का लाभ मिलता है, जिसका पुण्य लाभ कथा आयोजक के हिस्से में भी निश्चित रूप से आता है। निष्काम भाव से किया गया भागवत कथा आयोजन राजसूर्य यज्ञ के पुण्य लाभ के बराबर होता है। कथा के आयोजन से भक्त अपने साथ-साथ अपने पूर्वजों का भी उद्धार कर लेता है। कृति के द्वारा कर्ता तो रहता है, परंतु कर्म से व्यक्ति अमर हो जाता है।

रामकथा, भागवत, भक्तमाल आदि कथाओं में शास्त्रों में सब कुछ लिखा है, लेकिन हृदय में समाविष्ट नहीं होता है। अंदर बढ़ता है, श्रवण से। जब किसी महापुरुष अथवा संत द्वारा उसकी अनुभूति से युक्त शब्दों द्वारा कथा का वाचन एवं श्रोताओं द्वारा श्रवण होता है तभी कथासार अंदर बैठता है। जैसे हमें शिक्षा प्राप्ति के समय हमारे गुरुजन बोलकर पढ़ाते हैं और विद्यार्थी श्रवण करके ही विद्या प्राप्त करते हैं। बिना श्रवण किए विद्या प्राप्त नहीं हो सकती है और जैसे शृंगाली स्वयं पहले खाकर आती है और फिर चबाकर अपने बच्चों के मुख में डाल देती है, तो वह बच्चों को हजम हो जाता है। ठीक उसी प्रकार संत सद्गुरु पहले ग्रंथों को आत्मसात करते हैं और तदुपरांत औरों को श्रवण कराते है। परंतु केवल सुनने मात्र से ही कथा से आत्म साक्षात्कार नहीं होता अपितु कथा को मनन करने एवं हृदय में धारण करने से होता है, लेकिन प्रथम होता, तो श्रवण ही है। श्रवण भक्ति नवधाभक्ति की एक मुख्य विधा है। श्रोता को कथा प्राप्ति के लिए प्रथम अधिकारी बनना पड़ता है और यह होता है, सत्य और संत कृपा से।

बोध कथा

सफलता का रहस्य



एक बार की बात है। एक गांव में प्रज्ञा प्रकाश नाम के एक विद्वान महोदय रहते थे। धन-धान्य से संपन्न तो थे ही, लेकिन ज्ञान उनके पास इतना था कि दूर-दूर से लोग अपनी समस्याओं का समाधान करने उनके पास आते थे। अपने अनुभव और ज्ञान से प्रज्ञा प्रकाश लोगों की समस्याओं का समाधान करते थे। इसलिए सभी उनको गुरुजी कहकर संबोधित करते थे।

एक दिन की बात है। एक नवयुवक गुरुजी के पास आया और बोला- "गुरुजी मुझे सफलता का रहस्य बताइए, मैं चाहता हूं कि मैं भी आपकी तरह विद्वान बनकर अपनी गरीबी दूर कर सकूं।" गुरुजी मुस्कुराएं और उन्होंने उसे दुसरे दिन प्रातःकाल नदी किनारे मिलने के लिए बुलाया। युवक को भी नहाना था इसलिए वह भी अपने वस्त्र लेकर दुसरे दिन प्रातः काल नदी किनारे पहुंच गया। गुरुजी उस युवक को नदी के गहरे पानी में ले गए, जहां पानी गले के ऊपर निकल गया तो उन्होंने उसे डुबो दिया। थोड़ी देर युवक छटपटाया फिर उन्होंने उसे छोड़ दिया। युवक हांफता-हांफता नदी से बाहर भागा। जब उसे सुध आई तो बोला- "आप मुझे मारना क्यों चाहते है?" गुरुजी बोले- "नहीं भाई, मैं तो तुम्हे सफलता का रहस्य बता रहा था। अच्छा बताओ? जब मैंने तुम्हारी गर्दन पानी में डुबो दी थी, उस समय तुम्हें सबसे ज्यादा इच्छा किस चीज की हो रही थी?" युवक बोला- "सांस लेने की।" गुरुजी बोले- "बस यही सफलता का रहस्य है। जब तुम्हें सफलता के लिए ऐसी ही उत्कंठ इच्छा होगी, तब तुम्हें सफलता मिल जाएगी। इसके अलावा और कोई रहस्य नही है।" शिक्षा- दोस्तों! आप जीवन में किसी भी चीज को पाना चाहते हो, तो उसे आपका बेइंतहा चाहना जरूरी है। मतलब हर समय आपको उसे पाने के बारे में सोचना चाहिए। अगर ऐसा नहीं है, तो शायद आप उसे देर से पाओ या शायद न भी पाओ।

-ज्ञानेश तिवारी

पौराणिक कथा

सत्य का प्रकाश

राजा हरिश्चंद्र वे अपने सत्य, न्याय और वचनपालन के लिए पूरे आर्यावर्त में प्रसिद्ध थे। उनके राज्य में कोई दुखी नहीं था, सब सुख और शांति से जीवन व्यतीत करते थे। एक दिन महर्षि विश्वामित्र ने उनकी परीक्षा लेने का निश्चय किया। उन्होंने राजा के पास जाकर कहा- "हे राजन, तुमने एक यज्ञ के समय मुझे दान देने का वचन दिया था। अब मैं वही दान लेने आया हूं।" राजा ने विनम्रता से कहा, "ऋषिवर, आप जो चाहें, मैं देने को तत्पर हूं।" विश्वामित्र ने कहा- "मुझे अपना सारा राज्य चाहिए।" हरिश्चंद्र ने बिना विलंब किए कहा- "ऋषिवर, राज्य आपका है।" उन्होंने अपना सिंहासन त्याग दिया और अपनी पत्नी तारामती तथा पुत्र रोहिताश्व के साथ वन की ओर चल पड़े। विश्वामित्र ने कहा- "राज्य तो मेरा हुआ, पर यज्ञ की दक्षिणा अभी बाकी है।" राजा ने कहा, "मेरे पास कुछ नहीं बचा, पर मैं वचन नहीं तोड़ूंगा। मैं श्रम करके दक्षिणा दूंगा।" उन्होंने बनारस जाकर एक शवदाह गृह में काम करना शुरू किया, जहां मृत शरीरों की चिता जलाने का कार्य करते थे। राजा हरिश्चंद्र की पत्नी तारामती वहीं कपड़े धोने का काम करती थीं और पुत्र रोहिताश्व लकड़ियां बटोरता था।

एक दिन भाग्य ने और भी कठोर परीक्षा ली, उनका पुत्र सर्पदंश से मर गया। तारामती उसका शव लेकर श्मशान पहुंची, पर हरिश्चंद्र अपने कर्तव्य से बंधे थे। उन्होंने कहा, "मुझे नियमों के अनुसार शवदाह शुल्क देना होगा।" तारामती रो पड़ी- "मैं तुम्हारी पत्नी हूं, यह तुम्हारा पुत्र है।" राजा ने गंभीर स्वर में कहा- "यहां मैं राजा नहीं, केवल दास हूं। मुझे अपना धर्म निभाना होगा।"

तभी आकाशवाणी हुई- "राजन, तुम्हारी परीक्षा पूरी हुई। तुमने सत्य और धर्म की रक्षा के लिए जो कष्ट सहे, वह संसार के लिए उदाहरण हैं।" देवता प्रकट हुए, पुत्र जीवित हो गया और हरिश्चंद्र को पुनः उनका राज्य मिला।

-फीचर डेस्क

सप्ताह के प्रमुख व्रत

कालभैरव जयंती- 12 नवंबर

भगवान कालभैरव को भगवान शिव का उग्र स्वरूप माना जाता है। धर्मग्रंथों में भगवान कालभैरव को समय एवं मृत्यु के स्वामी के रूप में वर्णित किया गया है। भैरव का शाब्दिक अर्थ 'भय को नष्ट करने वाला' होता है। तंत्र मार्ग में भैरव तंत्र उपासना का स्थान सर्वोपरि माना जाता है। भूत, प्रेत, पिशाच आदि रक्षा तथा शत्रुओं पर विजय प्राप्ति हेतु भगवान कालभैरव का पूजन किया जाता है, जो मनुष्य श्रद्धापूर्वक भगवान कालभैरव की उपासना करता है उसके वह निर्भीक हो जाता है तथा उसके मन में व्याप्त समस्त ज्ञात-अज्ञात भय नष्ट हो जाते हैं।

उत्पन्ना एकादशी- 16 नवंबर

उत्पन्ना एकादशी का व्रत हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना गया है। यह न केवल भगवान विष्णु की उपासना का दिन है, बल्कि देवी एकादशी के प्राकट्य का उत्सव भी है। मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को यह व्रत किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसी दिन भगवान विष्णु की योगमाया शक्ति से देवी एकादशी का जन्म हुआ था, जिन्होंने असुर मुर नामक राक्षस का संहार किया था। यही कारण है कि इसे देवी एकादशी जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता है कि उत्पन्ना एकादशी से ही वर्षभर की सभी एकादशियों की परंपरा प्रारंभ हुई। इस व्रत के पालन से भक्तों को न केवल पापों से मुक्ति मिलती है, बल्कि मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

एक ही मंदिर में सारे देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा क्यों

पहले के समय में आपने देखा होगा कि शहर में हनुमान जी का मंदिर, मां काली का, मां दुर्गा का मंदिर, भैरव का मंदिर, भगवान शिव का, भगवान विष्णु लक्ष्मी का आदि देवी-देवताओं के नाम पर मंदिरों की पहचान हुआ करती थी और आदमी अपनी श्रद्धा के अनुसार अपना ईष्ट, अपना देवता और अपनी देवी की पूजा करता था, एक मंदिर में एक ही देवता अधिक से अधिक दो देवताओं की स्थापना होती थी। वर्तमान समय में एक मंदिर में सारे देवी -देवताओं का निवास और प्राण प्रतिष्ठा की जाने लगी, जिसके कारण कई बार साधक भटक जाता है कि किसकी पूजा करें और किसकी न करें, किसका भोग लगाएं और किसका न लगाएं? क्या पता कौन सा देवता नाराज हो जाए, इस डर के कारण वह एक ही भोग सारे देवताओं को लगता फिरता है ताकि उसकी साधना उसकी आराधना से सभी देवी देवता प्रसन्न हो जाएं और उसको उसके परिवार को तरक्की उन्नति खुशहाली का आशीर्वाद दें। एक बार पूजा करने बैठता है, तो सारे देवी-देवताओं कि माला फेरता है और आरती गाता है, फिर भी इस दुविधा में रहता है कि पता नहीं कि उसकी प्रार्थना स्वीकार हुई या नहीं? अंत में इसका परिणाम यह निकलता है कि कई बार उसे अपनी पूजा में, अपनी साधना में, सफलता नहीं मिलती और धीरे-धीरे इस स्थिति में उसका अपने भगवान के ऊपर से, देवी-देवताओं के ऊपर से, विश्वास उठने लगता है।



अनिल सुधांशु
ज्योतिषाचार्य

इसका मुख्य कारण यह है कि उसे किसी भी एक देवी-देवता पर विश्वास नहीं है, कभी इसको पूजता है, कभी उसको पूजता है, कभी इसको प्रसाद चढ़ाता है, कभी उसको प्रसाद चढ़ाता है, कभी किसी देवता को अपना ईष्ट बनाता है, कभी उसे अपना आराध्य बनाता है और कई बार इतना भ्रमित हो जाता है कि उसे न तो अपनी पूजा पर भरोसा रहता न ईश्वर की शक्ति पर? आपने हमेशा से देखा होगा, बड़े-बड़े साधकों को पढ़ा और सुना होगा, उन्होंने एक देवी या देवता की साधना करके पर ब्रह्म परमात्मा को प्राप्त कर लिया, उदाहरण के तौर पर महाकवि वाल्मीकि, जिन्होंने मरा-मरा जपकर पूर्ण ब्रह्म को प्राप्त कर लिया। हनुमान जी ने राम-राम जप कर साक्षात राम को पा लिया, नीम करोली बाबा ने हनुमान जी की साधना करके उनकी शक्ति प्राप्त कर ली, परमहंस जी महाराज ने महाकाली की सेवा करके साक्षात उनका साक्षात्कार किया।

सुदामा ने और मीरा ने कृष्णा-कृष्णा कृष्ण को पा लिया। ऐसे उदाहरणों से वेद और पुराण भरे पड़े हैं। इसलिए मेरा आप सभी भक्तों से अनुरोध है कि एक देवता, एक देवी या एक ईश्वर की आराधना करें, क्योंकि ईश्वर एक ही है, उसके रूप अनेक हैं, आपको जिसके प्रति श्रद्धा और विश्वास महसूस हो, उसी को अपना ईष्ट अपना आराध्य बना लीजिए और मन-क्रम-वचन और पूर्ण-श्रद्धा-विश्वास के साथ उनकी साधना कीजिए, निश्चित रूप से जीवन में सफलता के द्वार खुल जाएंगे, जीवन से सारे कष्ट-क्लेश खत्म हो जाएंगे, तरक्की और उन्नति के रास्ते खुल जाएंगे, संसार के सभी भौतिक सुखों और भोगों के साथ-साथ मोक्ष भी प्राप्त होगा। एक ईष्ट, एक गुरु, एक तंत्र, एक मंत्र, एक यंत्र की पद्धति पर चलिए, यदि आप ऐसा नहीं करते हैं और बार-बार उपरोक्त चीजों को बदलते हैं, तो जीवन में कभी भी आपको सफलता नहीं मिल सकती। आपकी तरक्की उन्नति नहीं होगी, दुर्भाग्य और असफलता, कभी आपका पीछा नहीं छोड़ेगी और आप भ्रम कि इस स्थिति में, यह नहीं जान पाएंगे कि क्या सही है और क्या गलत है? इसलिए अपनी श्रद्धा और विश्वास, एक देवी, एक देवता, एक ईश्वर, एक गुरु, एक तंत्र, एक मंत्र, एक यंत्र पर पूर्ण रूप से पूरी दृढ़ता के साथ विश्वास रखिए और मन में सोचिए कि एक ही की साधना आपको परमात्मा का एकाकर करा देगी, यही अध्यात्म का सच्चा मार्ग है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	83,535.35	25,574.35
बढ़त	319.07	82.05
प्रतिशत में	0.38	0.32

सोना 1,25,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,55,760 प्रति किलो

अमृत विचार

लखनऊ, मंगलवार, 11 नवंबर 2025

www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

वर्कमेट्स कोर2क्लाउड का आईपीओ 11 को

नई दिल्ली। वर्कमेट्स कोर2क्लाउड सॉल्यूशन ने अपने 69.8 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 200-204 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि आईपीओ अभिदान के लिए 11 नवंबर को खुलेगा और 13 को बंद होगा। कंपनी के शेयर बीएसई के एसएमई मंच पर 18 नवंबर को सूचीबद्ध होंगे। आईपीओ 29.08 लाख शेयर के नए निर्गम (59.34 करोड़ रुपये) और 10.50 करोड़ मूल्य के 5.14 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इस नए निर्गम से प्राप्त 29.2 करोड़ का उपयोग कंपनी की कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

जेके ने पेश की एम्बेडेड स्मार्ट' टायर

नई दिल्ली। वाहनों के लिए टायर बनाने वाली कपंनी जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सोमवार को भारत के यात्री वाहन खंड के लिए देश के पहले 'एम्बेडेड स्मार्ट' टायर पेश किए। कंपनी ने कहा कि वह पांच से छह वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की योजना बना रही है। इस निवेश का मकसद टायर विनिर्माण की क्षमता बढ़ाना है। मध्य प्रदेश स्थित बानमोर संयंत्र में डिजाइन और विकसित किए गए टायर की संरचना के भीतर उन्नत सेंसर लगे हैं। ये लगातार वायु दाब, तापमान और संभावित वायु रिसाव जैसे महत्वपूर्ण मानकों की निगरानी करते हैं और चालक को त्वरित जानकारी उपलब्ध कराते हैं जिससे वाहन की सुरक्षा, प्रदर्शन और ईंधन दक्षता में उल्लेखनीय सुधार होता है।

ओआईसीए के अध्यक्ष बने शैलेश चंद्रा

नई दिल्ली। ऑर्गेनाइजेशन इंटरनेशनल डेस कंस्ट्रक्टर्स डी 'ऑटोमोबाइल्स (ओआईसीए) ने टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ शैलेश चंद्रा को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया है, जो 1 नवंबर, 2025 से प्रभावी होगा। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के अध्यक्ष चंद्रा, अलायंस फॉर ऑटोमोटिव इनोवेशन (यूएसए) के अध्यक्ष और सीईओ जॉन बोज़ेला का स्थान लेंगे। चंद्रा ने कहा, जैसे-जैसे वैश्विक वाहन उद्योग दुनिया भर की सरकारों के दृष्टिकोण के अनुरूप टिकाऊ गतिशीलता और 'नेट ज़ीरो' की ओर बढ़ रहा है।

गिरावट थमी, सेंसेक्स ने लगाई छलांग

आईटी-वित्तीय शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 319 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,500 के पार

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 319 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी 25,500 अंक के ऊपर बंद हुआ। मुख्य रूप से आईटी और वित्तीय शेयरों में लिवाली और वैश्विक बाजारों में तेजी का घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।

बीएसई का सेंसेक्स 319.07 अंक चढ़कर 83,535.35 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक 538.21 अंक चढ़कर 83,754.49 अंक पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी 82.05 अंक लाभ के साथ 25,574.35 अंक पर बंद हुआ। ये 161.15 अंक चढ़कर 25,653.45 अंक तक पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, टाइटन, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो को लाभ हुआ। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट लि., इटर्नल, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एनटीपीसी शामिल हैं।

● वैश्विक बाजारों में तेजी का घरेलू बाजार पर पड़ा सकारात्मक प्रभाव

डीआईआई ने 6,674 करोड़ के शेयर खरीदकर एफआईआई को पीछे छोड़ा

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंग सेंग, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में रहा। यूरोप के ज्यादातर बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार काफी हद तक बढ़त के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,581.34 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 6,674.77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदकर एफआईआई को पीछे छोड़ दिया। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 94.73 अंक गिरकर 83,216.28 अंक और एनएसई निफ्टी 17.40 अंक टूटकर 25,492.30 अंक पर बंद हुआ था।

सकारात्मक धारणा को खरीदारी ने दिया बल

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी सरकार के कई विभागों में कामकाज ठप होने के संभावित समाधान और दूसरी तिमाही में कंपनियों की अनुकूल आय के साथ एफआईआई की नई खरीदारी ने बाजार में सकारात्मक धारणा को बल दिया। अमेरिका के 10-वर्षीय ट्रेजरी प्रतिफल में वृद्धि संघीय सरकार का कामकाज फिर से शुरू होने तथा इक्विटी के प्रति जोखिम की धारणा में सुधार को बताती है। घरेलू स्तर पर, मजबूत होते आर्थिक संकेतक 2025-26 की दूसरी छमाही के लिए आय बेहतर रहने का संकेत देते हैं। यह मूल्यांकन की पुष्टि करता है और नकदी को आकर्षित कर सकता है।

इंटरकनेक्शन नियमों की समीक्षा करेगा ट्राई, परिचर्चा पत्र जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार नियामक ट्राई सभी नौ मौजूदा इंटरकनेक्शन नियमों की समीक्षा कर रहा है। उसने उपग्रह-आधारित दूरसंचार नेटवर्क के लिए अन्य दूरसंचार नेटवर्कों के साथ इंटरकनेक्ट ढांचे सहित कई पहलुओं पर संबंधित पक्षों के सुझाव मांगे हैं।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा कि कुल मिलाकर, समीक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि नियामकीय ढांचा प्रौद्योगिकी के विकास और दूरसंचार क्षेत्र में बदलावों को ध्यान में रखे। सेवा प्रदाताओं के बीच इंटरकनेक्शन के दौरान वर्तमान में लागू विभिन्न शुल्कों से संबंधित नियामक पहलुओं, जैसे इंटरकनेक्शन शुल्क, इंटरकनेक्शन उपयोग शुल्क (उत्पत्ति शुल्क, पारगमन शुल्क, कैरिज शुल्क, ट्रांजिट कैरिज शुल्क, समाप्ति शुल्क और अंतर्राष्ट्रीय समाप्ति शुल्क) और रेफरेंस इंटरकनेक्ट ऑफर (आरआईओ) ढांचे की भी परामर्श पत्र के माध्यम से पड़ताल की जा रही है। ट्राई ने कहा कि इसकी समीक्षा आईपी-आधारित इंटरकनेक्शन की जांच पर केंद्रित है। यह अधिक प्रासंगिक है क्योंकि 4जी/5जी के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए बेहतर सेवा गुणवत्ता, इंटरकनेक्शन के स्तर की आवश्यकता होती है। यह वर्तमान में मोबाइल नेटवर्क इंटरकनेक्शन के लिए एलएसए (लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र) स्तर पर और फिक्स्ड लाइन टेलीफोन नेटवर्क इंटरकनेक्शन के लिए जिला/तहसील स्तर पर हैं।

● उपग्रह-आधारित दूरसंचार नेटवर्क के लिए कई पहलुओं पर मांगे गए सुझाव

कई दूरसंचार नेटवर्क को जोड़ता है इंटरकनेक्शन

सरल शब्दों में कहें तो, इंटरकनेक्शन कई दूरसंचार नेटवर्क को जोड़ता है, जिससे उपयोगकर्ताओं के बीच निर्बाध संचार संभव होता है और यह वस्तुतः नेटवर्क की रीढ़ है। इसमें वाणिज्यिक और तकनीकी व्यवस्थाएं हैं, जिनके तहत नेटवर्क प्रदाता अपने नेटवर्क और सेवाओं को जोड़ते हैं ताकि उनके ग्राहक अन्य नेटवर्क प्रदाताओं के ग्राहकों और सेवाओं तक पहुंच बना सकें। नियामक ने परामर्श पत्र में कहा, इसमें प्रमुख पहलुओं में पॉइंट्स ऑफ इंटरकनेक्ट (पीसी) की प्रकृति और स्थान शामिल हैं, विशेष रूप से वे जो सैटेलाइट अर्थ स्टेशन गेटवे और अन्य सैटेलाइट, मोबाइल और फिक्स्ड-लाइन नेटवर्क के साथ उनके इंटरकनेक्शन से जुड़े हैं।

सोना ₹1,300 बढ़कर 1,25,900 प्रति 10 ग्राम, चांदी ₹2,460 चढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के बीच सोमवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 1,25,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5% शुद्धता वाला सोना शुक्रवार के 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की तुलना में 1,300 रुपये बढ़कर 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

स्थानीय सर्राफा बाजार में, पिछले बाजार सत्र में 99.9% वाला सोना 1,24,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि सुरक्षित निवेश की मौजूदा मांग और कमजोर अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों के कारण सोने में सकारात्मक रुख के साथ कारोबार फिर से शुरू हुआ, जिससे अगले महीने होने वाली फेडरल रिजर्व की बैठक में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि कमजोर डॉलर ने सर्राफा को और समर्थन दिया है। एसोसिएशन के अनुसार, सोमवार को चांदी की कीमतें 2,460 रुपये बढ़कर 1,55,760 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। शुक्रवार को यह 1,53,300 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 83.12 डॉलर या 2.08 प्रतिशत बढ़कर 4,082.84 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि हाजिर चांदी 3.30 प्रतिशत बढ़कर 49.93 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के जिंस और मुद्रा के उपाध्यक्ष जतिन त्रिवेदी ने कहा कि कमजोर डॉलर और अमेरिकी सरकार के कामकाज फिर से शुरू होने के बाद सकारात्मक धारणा से सोने की कीमतों में तेजी आई।

● मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के बीच धातु बाजार ने फिर पकड़ी रफ्तार

डब्ल्यूटीओ में अमेरिका ने कहा- तांबे पर शुल्क रक्षोपाय नहीं

तांबे पर 50% शुल्क लगाने के भारत के दावे को अमेरिका ने किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका ने भारत के इस दावे को खारिज किया है कि वाशिंगटन का तांबे पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाना, विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के तहत रक्षोपाय (सेफगार्ड) है। अमेरिका ने कहा कि उसकी वस्तुओं पर शुल्क रियायतों को निलंबित करने के भारत के प्रस्ताव का कोई आधार नहीं है। ये शुल्क एक अगस्त को लगाए गए थे।

भारत अमेरिका को तांबे के उत्पादों का निर्यात करता है, इसलिए उसने सितंबर में डब्ल्यूटीओ के सुरक्षा समझौते के तहत इस मामले पर अमेरिका से परामर्श की मांग की है। भारत ने कहा कि ये शुल्क रक्षोपाय हैं। भारत की अधिसूचना के जवाब में अमेरिका की ओर से छह नवंबर को जारी एक पत्र के अनुसार, ये कदम रक्षोपाय नहीं हैं। इसलिए इन उपायों के संबंध में सुरक्षा समझौते के तहत रियायतों या अन्य दायित्वों को निलंबित करने के भारत के प्रस्ताव का कोई आधार नहीं है।

डब्ल्यूटीओ का कोई भी सदस्य देश घरेलू उद्योग को किसी भी ऐसे उत्पाद के आयात में वृद्धि से बचाने के लिए, जो उद्योग को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा हो या पहुंचा सकता हो, डब्ल्यूटीओ के सुरक्षा समझौते के तहत रक्षोपाय कर सकता है। इसके तहत किसी उत्पाद के आयात को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित या सीमित किया जा सकता है। रक्षोपाय लागू करने से पहले किसी सदस्य देश को जांच करनी होती है और अन्य सदस्यों को इस बारे में बताना होता है। अमेरिका ने कहा कि तांबे के उत्पादों पर शुल्क धारा 232 के अनुसार लगाए गए हैं, जिसके तहत अमेरिकी राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान की आशंका के मद्देनजर ये कदम उठाए।

● अमेरिका ने कहा- शुल्क रियायतों को निलंबित करने के भारत के प्रस्ताव का आधार नहीं

गोयल ने यूटा सीनेट अध्यक्ष से मुलाकात कर एआई, स्वच्छ ऊर्जा में सहयोग पर चर्चा की

नयी दिल्ली, 10 नवंबर (भाषा) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यूटा राज्य सीनेट के अध्यक्ष जे स्टुअर्ट एडम्स के नेतृत्व में एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। यूटा पश्चिमी अमेरिका का एक राज्य है। इस दौरान उन्होंने एआई, स्वच्छ ऊर्जा, खनिज, बायोटेक, एयरोस्पेस और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। गोयल ने एक सोशल मीडिया मंच पर लिखा, एआई, स्वच्छ ऊर्जा, खनिज, शिक्षा और अनुसंधान, बायोटेक, एयरोस्पेस और उन्नत विनिर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत और यूटा के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ाने की काफी संभावनाएं हैं।

राष्ट्रीय

लोकतंत्र पर हमला करना विपक्षी नेताओं की आदत

भाजपा ने राजग की निर्णायक और ऐतिहासिक जीत का जताया भरोसा

● जंगल सफारी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर रविशंकर प्रसाद ने निशाना साधा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने सोमवार को बिहार चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की 'निर्णायक और ऐतिहासिक' जीत का भरोसा जताया। साथ ही भाजपा ने मध्यप्रदेश के सतपुड़ा बाघ अभयारण्य में जंगल सफारी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा और उन्हें राजनीतिक पर्यटन का आनंद लेने की सलाह दी।

भाजपा मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने राजद) नेता तेजस्वी यादव की भी आलोचना की और उनकी ओर से निर्वाचन आयोग पर लगाए गए आरोपों को झूठा बताया। प्रसाद ने दावा किया कि मनचाहा परिणाम नहीं मिलने पर लोकतंत्र के सभी मंचों पर हमला करना विपक्षी नेताओं की आदत है। भाजपा शासित राज्यों से सुरक्षाकर्मियों की 208 कंपनियां बिहार में तैनात करने संबंधी तेजस्वी के दावे पर प्रसाद ने कहा, क्या हमने पुलिस या निर्वाचन आयोग भेजा था? झूठे आरोप लगाते हुए, वह इस स्तर तक गिर गए हैं। पहले चरण में वोट डालने वालों का डेटा सार्वजनिक नहीं किए जाने पर तेजस्वी के आयोग की आलोचना करने पर प्रसाद ने कहा कि उन्हें इंतजार करना चाहिए।

नीतीश सरकार ने शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था नष्ट कर बिहार को बर्बाद किया : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि बिहार की नीतीश सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को नष्ट कर राज्य को बर्बाद कर दिया है। राहुल ने सोमवार को जेनरेशन जेड' के समूह के साथ अपनी हालिया बातचीत का वीडियो 'एक्स' पर जारी किया और कहा कि यह पीढ़ी सत्य और अहिंसा में विश्वास करती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, भारत की 'जेनरेशन जेड' की ऊर्जा मुझे आशा देती है। यह पीढ़ी सत्य और अहिंसा में विश्वास करती है, करुणा और साहस रखती है तथा भारत को उज्ज्वल, अधिक न्यायपूर्ण भविष्य की ओर ले जाएगी। मैं उन्हें राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखते हुए देखने के लिए उत्साहित हूं। राहुल गांधी ने युवाओं के साथ कई बिंदुओं पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कह रही है कि दलित, आदिवासी, अति पिछड़ा या मुसलमान कोई भी हो, सभी को समान अवसर मिलना चाहिए और सारी संपत्ति एक या दो हाथों में केंद्रित नहीं होनी चाहिए। बिहार से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि 20 साल से वहां नीतीश की सरकार है और उन्होंने बिहार को बर्बाद कर दिया है।

बिहार पर 'बाहरी' नियंत्रण की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन जनता ऐसा नहीं होने देगी : तेजस्वी

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव ने सोमवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रभाव में काम कर रहा है और अब तक पहले चरण के मतदान में पुरुष एवं महिला मतदाताओं की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है। तेजस्वी ने कहा, पहले चरण के मतदान के बाद निर्वाचन आयोग तुरंत आंकड़े जारी करता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं किया गया। आयोग ने काम करना बंद कर दिया है और मोदी-शाह के नियंत्रण में आ गया है। तेजस्वी ने दावा किया, चुनावी ड्यूटी के लिए कुल 208 कंपनियां उन राज्यों से भेजी गई हैं, जहां भाजपा की सरकारें हैं। राजद नेता ने कहा, बिहार को 'बाहरी' लोगों द्वारा नियंत्रित करने की साजिश चल रही है, लेकिन बिहार की जनता इसे कभी स्वीकार नहीं करेगी।

बिहार संग्राम

नीतीश मुख्यमंत्री हैं और रहेंगे, इसमें भ्रम नहीं : सम्राट

पटना। बिहार के उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने बिहार चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले सोमवार को कहा कि इसको लेकर कोई भ्रम नहीं चाहिए कि नीतीश मुख्यमंत्री हैं और आगे भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता जानती है कि लालू का परिवार तथा राहुल गांधी भ्रष्टाचार के प्रतीक हैं। यदि राजग की सरकार बनी तो अदालत से आग्रह किया जाएगा कि चारा, नौकरी के बदले जमीन, बाढ़ और अलकतरा घोटाला में जब्त की गई जमीन पर स्कूल और कॉलेज स्थापित किए जाएं। चौधरी ने कहा, कानून के राज से कभी समझौता नहीं किया जा सकता।

न्यायाधीशों पर आरोप लगाने की प्रवृत्ति से सुप्रीम कोर्ट चिंतित

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने वादियों और वकीलों में अदालती फैसले उनके पक्ष में न आने पर न्यायाधीशों के खिलाफ अपमानजनक तथा निंदनीय आरोप लगाने की प्रवृत्ति बढ़ने पर सोमवार को गहरी चिंता जताई। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने वादी एन पेड्डी राजू और उसके दो वकीलों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद करते हुए यह टिप्पणी की।

कोर्ट ने राजू और उसके वकीलों को चेतावनी दी कि इस तरह का आचरण न्यायिक प्रणाली की अखंडता को कमजोर करता है और इसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। पीठ ने मामला इसलिए बंद कर दिया, क्योंकि तेलंगाना हाईकोर्ट की न्यायाधीश ने वादी और उसके दो वकीलों की ओर से मांगी गई माफी स्वीकार कर ली थी।

प्रधान न्यायाधीश ने फैसले में कहा कि हाल के दिनों में, हमने देखा है कि जब कोई न्यायाधीश अनुकूल आदेश पारित नहीं करता है, तो उसके खिलाफ अपमानजनक और निंदनीय आरोप लगाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इस तरह की प्रथा की कड़ी निंदा होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि वकीलों को न्यायाधीशों के खिलाफ अपमानजनक एवं निंदनीय आरोपों वाली याचिकाओं पर हस्ताक्षर नहीं करने चाहिए। अदालत के अधिकारी होने के नाते वकीलों को इस अदालत या हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के खिलाफ आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर हस्ताक्षर करने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। साथ ही, माफी स्वीकार की जाती है और अवमानना की कार्यवाही बंद की जाती है। कानून की गरिमा दंड देने में नहीं, माफ करने में है।

सीजेआई ने एआई के खतरों का किया जिक्र

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के खतरों पर प्रकाश डालते हुए प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने सोमवार को कहा कि छेड़छाड़ कर तैयार किए वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बारे में उन्हें पता है और उनके न्यायालय कक्ष में जूता फेंकने की घटना को गलत तरीके से दर्शाया गया है। यह टिप्पणी तब की गई जब सीजेआई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने न्यायपालिका में एआई उपकरणों के उपयोग को विनियमित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का अनुरोध करने वाली याचिका को दो सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। कार्यवाही के दौरान, याचिकाकर्ता के एक वकील ने अदालती प्रक्रियाओं में एआई उपकरणों के बेलगाम उपयोग के खिलाफ चेताते हुए कहा कि यह न्यायालय भी एआई का उपयोग कर रहा है, लेकिन बुराइयां ऐसी हैं।

एनएचएआई, सड़क परिवहन मंत्रालय से जवाब मांगा

फलोदी दुर्घटना

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के फलोदी में दो नवंबर को हुई दुर्घटना का स्वत: संज्ञान लेते हुए सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से जवाब मांगा। इस दुर्घटना में 15 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और विजय बिश्नोई की पीठ ने एनएचएआई और मंत्रालय को नोटिस जारी कर दुर्घटना के कारणों पर दो सप्ताह में जवाब मांगा है। पीठ ने क्षेत्र का सर्वेक्षण करने और फलोदी से गुजरने वाले राजमार्ग पर ढाबों की संख्या पर रिपोर्ट दाखिल देने को कहा है।

अमृतपाल सिंह की याचिका पर सुनवाई से इन्कार

सुप्रीम कोर्ट ने कट्टरपंथी उपदेशक और खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत उनकी हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इन्कार कर दिया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और एनवी अंजारिया की पीठ ने सिंह से कहा कि वह अपनी याचिका पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में दायर करें।

जम्मू-कश्मीर में पथराव करना कोई सामान्य घटना नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में पथराव करना कोई सामान्य घटना नहीं है। साथ ही, अदालत ने कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर अहमद शाह से अपनी हिरासत का आदेश प्राप्त करने के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस-नीत सरकार से संपर्क करने को कहा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप नाथ की पीठ ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को शब्बीर के नए हलफनामे पर जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया। इससे पहले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने नये तथ्यों की ओर इशारा किया और पाकिस्तान स्थित आतंकी नेटवर्क के साथ उसके संबंधों पर जोर दिया।

तेलंगाना विस अध्यक्ष के खिलाफ याचिका पर 17 को सुनवाई

बीआरएस विधायकों की अयोग्यता का मामला

सुप्रीम कोर्ट तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अवमानना कार्यवाही का अनुरोध करने वाली याचिका पर 17 नवंबर को सुनवाई करेगा। विस अध्यक्ष पर तेलंगाना में सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल हुए भारत राष्ट्र समिति के 10 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले के निर्देश का पालन नहीं करने का आरोप है। सीजेआई गवई की पीठ ने 31 जुलाई को 10 विधायकों की अयोग्यता पर 3 माह में फैसले का निर्देश दिया था।

दिल्ली दंगे: अदालत ने कपिल मिश्रा की भूमिका की आगे की जांच का आदेश किया खारिज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की अदालत ने दिल्ली पुलिस को 2020 के दंगों में कानून मंत्री कपिल मिश्रा की भूमिका की आगे की जांच करने का निर्देश देने वाला आदेश सोमवार को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि यह आदेश अधिकार क्षेत्र संबंधी गंभीर त्रुटि से ग्रस्त है।

विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि किसी के अधिकारों और स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाले न्यायिक आदेश स्पष्ट एवं परस्पर विरोधी व्याख्याओं से मुक्त होने चाहिए। अदालत मिश्रा और दिल्ली पुलिस की ओर से दायर दो पुनरीक्षण याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें मजिस्ट्रेट के एक अप्रैल 2025 के आदेश को चुनौती दी गई थी। उसने कहा कि आदेश में बार-बार आगे की जांच शब्द का इस्तेमाल किया गया था और एक बार भी प्राथमिकी दर्ज करने और जांच करने का निर्देश नहीं दिया गया था।

60 करोड़ की धोखाधड़ी को रद्द करने का शिल्पा व राज ने किया अनुरोध

मुंबई। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके व्यवसायी पति राज कुंद्रा ने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा उनके खिलाफ दर्ज 60 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले को रद्द करने का अनुरोध करते हुए मुंबई उच्च न्यायालय का रुख किया है।

दंपति ने प्राथमिकी रद्द करने के साथ अदालत से पुलिस को आरोपपत्र दाखिल नहीं करने और सुनवाई होने तक दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। उनकी याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड ने सुनवाई की।

डीयू की सभी कक्षाओं में वंदे मातरम् के सामूहिक गायन को बनाएं परंपरा : प्रधान

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की सभी कक्षा में वंदे मातरम् के सामूहिक गायन को शक्तिशाली परंपरा के रूप में स्थापित करने और इसे जन आंदोलन के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में डीयू के रामजस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि राष्ट्र गीत विकसित और समृद्ध भारत के निर्माण में मार्गदर्शक का काम करेगा।

प्रधान ने कहा, डीयू में हमारे युवा साथी वंदे मातरम् का पूर्ण संस्करण गाएं और इसकी भावना के वाहक बनें। विवि वंदे मातरम् की शाश्वत भावना को जन आंदोलन में बदलने और इससे भावी पीढ़ियों को जोड़ने में प्रमुख भूमिका निभाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि रामजस कॉलेज के छात्रों के साथ सामूहिक रूप से इस राष्ट्रीय गीत को गाने का सौभाग्य प्राप्त होना प्रेरणादायक रहा। लंबे संघर्षों और राष्ट्र-सेवकों के बलिदान के बाद, हमें 1947 में स्वतंत्रता मिली, वंदे मातरम् उस राष्ट्रीय चेतना का उद्घोष था जिसने देश को एक सूत्र में पिरोया। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अनुसार, बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित 'वंदे मातरम' अक्षय नवमी पर लिखा गया माना जाता है, जो सात नवंबर 1875 को पड़ी थी।

● विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने किया संबोधित

वर्ल्ड ब्रीफ

बिहार चुनाव के दूसरे चरण से पहले नेपाल ने अपनी सीमा सील की

काठमांडू। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले नेपाल ने भारत के साथ अपनी सीमा सील कर दी और शनिवार से वीरगंज-रक्सौल सीमा पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। अधिकारियों ने बताया कि पड़ोसी देश में चुनाव के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के तहत दक्षिणी नेपाल में भारत-नेपाल सीमा चौकियों को 72 घंटे के लिए बंद कर दिया गया है। महोत्तरी जिला पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक हेरंब शर्मा ने को बताया, भारत के बिहार राज्य में 11 नवंबर को चुनाव होने हैं। इसलिए, सुरक्षा कारणों से हमने सीमा पर वाहनों की आवाजाही रोक दी है। उन्होंने कहा, महोत्तरी जिले में सभी सीमा चौकियों को सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्त होने के बाद इन्हें फिर से खोल दिया जाएगा।

टेक्सास में युवक ने तीन सहकर्मियों की गोली मारकर हत्या की

सैन एंटोनियो। अमेरिका में टेक्सास राज्य के सैन एंटोनियो में एक कंपनी में 21 वर्षीय व्यक्ति ने अपने तीन सहकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी और फिर खुद को भी गोली मार ली। सैन एंटोनियो पुलिस विभाग के अनुसार, शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित कंपनी में शनिवार को गोलीबारी में दो पुरुषों और एक महिला की मौत हो गयी। 'केएसएटी-टीवी' की खबर के मुताबिक, जब सुबह करीब आठ बजे गोलीबारी हुई तो अन्य कर्मचारी घटनास्थल से भाग गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इलाके को घेर लिया और कुछ घंटों बाद उन्हें हमलावर मृत अवस्था में मिला, जिसके शरीर पर गोली का घाव था। पुलिस ने हमलावर की पहचान जोस हर्नांदेज गालो के रूप में की है। गोलीबारी के मकसद का पता नहीं चल सका है।

प्रमुख अधिकारियों के इस्तीफे के बाद बीबीसी में नेतृत्व संकट

लंदन। बीबीसी नेतृत्व संकट और बढ़ते राजनीतिक दबाव का सामना कर रहा है, उसके शीर्ष कार्यकारी और समाचार प्रमुख दोनों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भाषण के संपादन को लेकर इस्तीफा दे दिया है। बीबीसी के महानिदेशक टिम डेवी और समाचार प्रमुख डेबोरा टर्नेस के इस्तीफे का ट्रंप ने स्वागत किया। ट्रंप ने कहा कि जिस तरह उनके भाषण को संपादित किया गया वह राष्ट्रपति चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास था। बीबीसी के अध्यक्ष समीर शाह के भी सार्वजनिक माफी मांगने की संभावना है। बीबीसी को छह जनवरी 2021 को वाशिंगटन में कैपिटल हिल पर प्रदर्शनकारियों के धावा बोलने से पहले ट्रंप द्वारा दिए गए भाषण को संपादित करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था।

सलमान रुश्दी को अमेरिका में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

डेटन (अमेरिका)। प्रसिद्ध लेखक सलमान रुश्दी को रविवार को ओहायो में आयोजित 'डेटन लिटरेरी पीस प्राइज' कार्यक्रम में 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रुश्दी को यह पुरस्कार तीन साल पहले हुए हमले के बाद उनकी पहली काल्पनिक कथा के प्रकाशन के बाद दिया गया है।

यह पुरस्कार उन लेखकों को दिया जाता है जो साहित्यिक उत्कृष्टता के साथ अपने लेखन से शांति को बढ़ावा देते हैं। इसमें हर साल काल्पनिक, गैरकाल्पनिक कहानियां और लाइफटाइम अचीवमेंट की अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाते हैं। ओहायो का डेटन शहर 1995 में हुए डेटन शांति समझौतों के लिए प्रसिद्ध है, जिसके परिणामस्वरूप बाल्कन क्षेत्र में युद्ध का अंत हुआ था। यह युद्ध 3,00,000 से अधिक लोगों की मौत और 10 लाख से अधिक लोगों के विस्थापन का कारण बना था।

सलमान रुश्दी (78) का 1988 में प्रकाशित उपन्यास 'द सैटेनिक वर्सेज' काफी चर्चा में रहा है। इस उपन्यास के बाद उन पर ईशनिंदा के आरोप लगे थे और 1989 में ईरान के अयातुल्लाह रुहोल्ला खोमैनी ने उनकी हत्या का फतवा जारी किया था, जिसके बाद रुश्दी को छिपकर रहना पड़ा था।

पूरा होने को है नए सफर का ख्वाब

उड़ने वाली कार कुछ वर्षों पहले तक सपना थी लेकिन अब हकीकत बनने जा रही है। कई देशों में इन्हें बाजार में उतारने के लिए शुरुआत कर दी गई है। ट्रायल और परीक्षणों के लंबे दौर के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि अगले साल कुछ कंपनियां इन कारों का सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए उत्पादन शुरू कर देंगी। चीन, अमेरिका और यूरोप के कुछ देशों की कई कंपनियों के बीच होड़ भी शुरू हो गई है कि कौन अपनी कार पहले बाजार में लॉन्च करेगा। यह भी उम्मीद की जा रही है कि उड़ने वाली कारें बाजार में आने के बाद यातायात व्यवस्था में बड़े बदलाव होंगे। भारत में भी उड़ने वाली कार चर्चा में है। कई कंपनियां इसके उत्पादन की योजना बना रही हैं, हालांकि माना जा रहा है कि भारतीय बाजार में उड़ान भरने में यह कार अभी कुछ वर्षों का समय लेगी।

उड़ने वाली कार

क्या बदलेगा

दावा है कि ट्रैफिक जाम में काफी कमी आएगी, ट्रांसपोर्टेशन समय-लागत कम होगी। शहरी और ग्रामीण दोनों पहुंच में नई क्रांति आएगी। हवाई टैक्सी जैसी सेवा भी संभव।

कब तक आएगी बाजार में

- कैलिफोर्निया की कंपनी एलेफ एअरोनॉटिक्स का मॉडल- ए अगले कुछ महीनों में बाजार में आ सकता है, इसका अप्रूवल भी मिल चुका है।
- चीन की एक्सपेंग एयरोहट कंपनी ने भी फ्लाइंग कार का उत्पादन शुरू कर दिया है जिसके जल्द ही बाजार में आने का दावा किया जा रहा है।
- स्लोवाकिया की क्लेन विजन कंपनी ने दावा किया है कि उसकी एयरकार 2026 की शुरुआत में बाजार में बिक्री के लिए तैयार हो जाएगी।
- भारत में 'शून्य' नामक उड़ने वाली टैक्सी का प्रोटोटाइप 2025 के ऑटो एक्सपो में दिखाया गया था, मगर अभी उत्पादन नहीं किया जा रहा है।

तकनीक व कार्यप्रणाली

- उड़ने वाली कारों के कुछ मॉडल ड्रोन जैसी वर्टिकल टेक ऑफ एंड लैंडिंग तकनीक पर आधारित होंगे।
- ज्यादातर कारें इलेक्ट्रिक या हाइब्रिड मोटर से चलेंगी। हालांकि पारंपरिक ईंधन का भी इस्तेमाल होगा।
- कई मॉडल सड़कों पर सामान्य कार की तरह चल सकते हैं और जरूरत होने पर उड़ान भर सकते हैं।

सुरक्षा नियम निर्धारण, उच्च लागत और हवाई यातायात प्रबंधन होंगी बड़ी चुनौती।

10,000
से ज्यादा ऑर्डर मिल चुके हैं फ्लाइंग कार का उत्पादन करने वाली कंपनियों को

कीमत, कितनी लंबी उड़ान

- एलेफ एअरोनॉटिक्स के मॉडल ए की कीमत करीब तीन लाख डॉलर यानी ढाई करोड़ रुपये हो सकती है।
- क्लेन विजन की एअर कार की कीमत आठ से 10 लाख डॉलर यानी छह से आठ करोड़ रुपये तक होगी।
- ये कारें एक बार में 250 से 1000 किमी तक की उड़ान भर सकेंगी। इनकी गति 250 किमी घंटा तक होगी।

सरकारों की तैयारी

- अमेरिका में फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने उड़ने वाली कारों को कानूनन वैध बनाने के लिए एअरवर्दी सर्टिफिकेट जारी किया है।
- अमेरिका में मिनेसोटा और न्यू हैम्पशायर समेत दो राज्यों ने अब तक उड़ने वाली कारों को कानूनी वाहन के रूप में मान्यता दी है।
- यूनाइटेड किंगडम की सरकार ने आदेश जारी किया है कि इन वाहनों के उड़ने के लिए अलग रेगुलेशन और सर्टिफिकेशन अनिवार्य होंगे।

डेमोक्रेट नेताओं में दो फाड़, जल्द ही शटडाउन खत्म होने की उम्मीद बढ़ी

आठ सांसद हेल्थ केयर सब्सिडी की गारंटी के बिना सीनेट में चर्चा करने पर सहमत

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में संसद के उच्च सदन सीनेट ने सरकारी शटडाउन को समाप्त करने की दिशा में रविवार को पहला कदम उठाया। दरअसल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं के एक समूह ने स्वास्थ्य देखभाल सब्सिडी के विस्तार की गारंटी के बिना चर्चा करने पर सहमति व्यक्त की जिससे उनके 'कॉकस' के कई सदस्य नाराज हो गए। इस 'कॉकस' का कहना है कि अमेरिकी लोग चाहते हैं कि सब्सिडी को लेकर लड़ाई जारी रखी जाए।

आवश्यक प्रक्रिया की श्रृंखला के तहत पहला कदम उठाते हुए सीनेट में मत विभाजन में सरकार के कामकाज को वित्तपोषित करने के मकसद से समझौता विधेयक पारित करने के लिए 60-40 मतों से मतदान हुआ। इसने बाद में 'अफोर्डेबल केयर एक्ट टैक्स क्रेडिट' पर मतदान किया गया जो एक जनवरी को समाप्त होने वाला है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य यदि आपत्ति करते हैं और प्रक्रिया में देरी करते हैं तो इस समझौते को अंतिम रूप से पारित होने में कई दिन लग सकते हैं। यह समझौता इस बात की गारंटी नहीं देता कि 'अफोर्डेबल केयर एक्ट' के तहत सब्सिडी जारी रहेगी।

डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य लगभग छह सप्ताह से 'अफोर्डेबल केयर एक्ट' के तहत सब्सिडी जारी रखने की मांग कर रहे हैं। आठ डेमोक्रेट सांसदों को छोड़कर चक शूमर समेत सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के सभी नेताओं ने इस समझौते को आगे बढ़ाने के खिलाफ मतदान किया। तीन पूर्व गवर्नर न्यू हैम्पशायर की सीनेटर जीन शाहीन, न्यू हैम्पशायर की सीनेटर मैगी हसन और मेन के स्वतंत्र सीनेटर एंगस किंग के एक समूह ने छह सप्ताह से जारी गतिरोध को रविवार को तोड़ दिया। उन्होंने तीन द्विदलीय वार्षिक व्यय विधेयकों को आगे बढ़ाने के लिए मतदान करने और स्वास्थ्य देखभाल कर क्रेडिट को बढ़ाने पर दिसंबर के मध्य में मतदान के बदले में शेष सरकारी निधि को जनवरी के अंत तक बढ़ाने पर सहमति जताई। शाहीन, हसन और किंग के अलावा पांच अन्य डेमोक्रेटिक नेताओं ने समझौते के पक्ष में मतदान किया।

सीनेटर जीन शाहीन, मैगी हसन और एंगस किंग ने बनाया समाधान का रास्ता।

समझौता: रद्द होगी बर्खास्तगी, बकाया वेतन भी देंगे

इस समझौते में एक अक्टूबर को शटडाउन शुरू होने के बाद से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा संघीय कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर की गई बर्खास्तगी को वापस लेना भी शामिल है। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि संघीय कर्मचारियों को उनका बकाया वेतन मिल सके। सीनेट के बहुमत नेता जॉन थुने ने इस समझौते का तुरंत समर्थन किया और इसे मंजूरी देने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए तत्काल मतदान का आह्वान किया। शटडाउन के कारण देशभर में उड़ानें बाधित हो रही हैं, लाखों अमेरिकियों के लिए खाद्य सहायता पर खतरा मंडरा रहा है और संघीय कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा। राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार शाम एक फुटबॉल मैच देखने के बाद 'व्हाइट हाउस' लौटते समय यह तो नहीं बताया कि वे इस समझौते का समर्थन करते हैं या नहीं, लेकिन कहा, ऐसा लग रहा है कि हम शटडाउन खत्म होने के करीब पहुंच रहे हैं।

पहली बार 2,100 से ज्यादा उड़ानें रद्द, 8000 से ज्यादा लेट

वाशिंगटन। अमेरिकी विमानन कंपनियों ने रविवार को 2,100 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं। परिवहन मंत्री सीन डफी ने चेतावनी दी कि यदि संघीय सरकार का शटडाउन 'थैंक्सगिविंग' अवकाश तक जारी रहा है तो पूरे देश में हवाई यातायात बहुत धीमा होकर लगभग ठप पड़ सकता है। देश के 40 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों पर उड़ानों में व्यवधान तीसरे दिन भी जारी रहा जिससे स्थिति और बिगड़ने लगी है। अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने शटडाउन के बीच देशभर में उड़ानों को कम करने का आदेश दिया है। कई हवाई यातायात नियंत्रकों ने वेतन न मिलने के कारण काम पर आना बंद कर दिया है जिसके कारण यह आदेश जारी किया गया। हवाई यात्रा में व्यवधानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'फ्लाइटअवेयर' के अनुसार, अकेले रविवार को लगभग 8,000 उड़ानों में देरी की सूचना मिली और 2,100 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं। शुक्रवार को 1,000 से अधिक और शनिवार को 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। एफएए की कटौती शुक्रवार को 4 प्रतिशत से शुरू हुई थी और 14 नवंबर तक यह 10 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। यह कटौती स्थानीय समयानुसार सुबह छह से रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगी।

चीनी राजनयिक ने कहा- धड़ से अलग कर देनी चाहिए जापान की प्रधानमंत्री की गर्दन

बीजिंग, एजेंसी

ताइवान में चीन की संभावित कार्रवाई को लेकर जापान की प्रधानमंत्री सनाई तकाइची के बयान और उस पर चीनी राजनयिक की तीखी प्रतिक्रिया से दोनों देशों के बीच गंभीर कूटनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। जापान ने ओसाका में चीनी काउंसल जनरल शुए जियान की सोशल मीडिया पोस्ट पर कड़ी आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने कहा था कि तकाइची की गर्दन धड़ से अलग कर दी जानी चाहिए।

जापान के सरकारी प्रवक्ता मिनोरु किहारा ने कहा, चीनी राजनयिक मिशन प्रमुख के लिए यह टिप्पणी करना कतई उचित नहीं था। उन्होंने बताया कि यह पोस्ट अब हटा ली गई है। विवाद उस समय शुरू हुआ जब शुक्रवार को तकाइची ने एक संसदीय समिति से कहा कि ताइवान पर चीनी सैनिकों का हमला जापान के अस्तित्व के लिए खतरा साबित हो सकता है और जापान सामूहिक आत्मरक्षा के अपने अधिकार का इस्तेमाल कर सकता है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियाओ ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि तकाइची की टिप्पणी चीन के आंतरिक मामलों में गंभीर हस्तक्षेप है।

● चीन और जापान के बीच ताइवान को लेकर बड़ा कूटनीतिक विवाद

इस मामले में चीन ने टोक्यो के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। लिन ने चीनी राजनयिक की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देने से इन्कार करते हुए कहा कि यह तकाइची की ताइवान पर की टिप्पणियों का जवाब था। उन्होंने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि जापान भ्रम पैदा करना और दोषारोपण करना बंद करेगा। जापान में सत्ता संभालने के बाद से तकाइची कई बार ताइवान के मुद्दे पर चीन को असहज कर चुकी हैं। तकाइची ने संसद में कहा, ताइवान के संबंध में स्थिति गंभीर हो गई है। हमें सबसे खराब स्थिति की आशंका को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने जापान के निकट स्थित ताइवान के आसपास रक्षा अभ्यास के दौरान युद्धपोत और लड़ाकू विमान तैनात करने समेत चीन की ताजा आक्रामक कार्रवाइयों का जिक्र किया।

मालदीव में भारत की सहायता से बने हवाई अड्डे का उद्घाटन

माले। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत की ऋण सहायता से वित्त पोषित हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया और इसे देश के उत्तरी भाग के लिए समृद्धि का प्रवेश द्वार बताया। मुइज्जू ने कहा कि नया हवाई अड्डा पर्यटन, कृषि, मत्स्य पालन और अर्थव्यवस्था के साथ सामाजिक विकास को बढ़ावा देगा। समारोह में भारत के नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू और दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

फिलीपींस में तूफान फंग वोंग से 8 की मौत, 14 लाख बेघर

तूफान फंग वोंग ने फिलीपींस के रिहायशी इलाकों में भारी तबाही की है।

मनीला, एजेंसी

फिलीपींस में तूफान फंग-वोंग के कारण आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 14 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो गए।

मौसम विभाग ने बताया कि अब यह तूफान उत्तर-पश्चिम की ओर ताइवान की दिशा में बढ़ रहा है। फंग-वोंग का असर सबसे ज्यादा उत्तरी फिलीपींस पर पड़ा। इससे पहले फिलीपींस ने तूफान कालमेगी का सामना किया था, जिसके कारण कम से कम 224 लोगों की मौत हो गई थी और बाद में वियतनाम में भी पांच लोगों की मौत हुई थी।

फंग-वोंग रविवार रात को औरोरा प्रांत में 185 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तट पर पहुंचा।

● 132 गांवों में बाढ़, एक हजार से ज्यादा मकान हुए क्षतिग्रस्त

तूफान के कारण लगभग 14 लाख लोगों को पहले ही सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका था, जबकि सोमवार तक तीन लाख 18 हजार लोग राहत शिविरों में रहे। तेज हवाओं और बारिश के कारण 132 गांवों में बाढ़ आ गई और लगभग 1,000 मकान क्षतिग्रस्त हो गए।

फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने फंग-वोंग और कालमेगी से हुई तबाही को देखते हुए राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया है। इसी के साथ देश की आपात सेवाओं को युद्धस्तर पर सक्रिय किया गया है। तूफान से प्रभावित लोगों के लिए बड़ी संख्या में राहत शिविर बनाए गए हैं।

पाकिस्तान: पंजाब में 16वीं सदी की शेरशाह सूरी कालीन सराय मिली

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में पंजाब सरकार के पुरातत्व विभाग ने लाहौर से लगभग 220 किमी दूर हड़प्पा के खंडहरों के पास शेरशाह सूरी के युग की, 16वीं सदी की सराय (विश्राम स्थल) को खोजा है। यह सराय मुख्य शेर शाह सूरी मार्ग के दक्षिणी हिस्से पर स्थित है।

यह शेर शाह सूरी (1540-1545) के समय डाक काफिलों के लिए विश्राम स्थल था। शेर शाह सूरी एक अफगान शासक थे जिन्होंने मुगल साम्राज्य को कुछ समय के लिए हटाकर सूर साम्राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने 1540 में मुगल बादशाह हुमायूं को हराकर अपने वंश का साम्राज्य स्थापित किया था, लेकिन सूर साम्राज्य बहुत समय तक नहीं चला, और 1545 में सूरी की मृत्यु के बाद मुग़ल साम्राज्य ने नियंत्रण हासिल कर लिया। पंजाब के पर्यटन सचिव डॉ. एहसान भुट्टा के अनुसार, स्थल पर मिलीं ईंट हड़प्पा काल की हैं, लेकिन इसमें शेर शाह सूरी के युग की विशेषताएं भी मौजूद हैं, जैसे बरामदा, जलाशय आदि।

भारत-श्रीलंका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास

नई दिल्ली। भारत और श्रीलंका के सैनिक करीब दो सप्ताह तक चलने वाले सैन्य अभ्यास में ड्रोन रोधी और आतंकवाद रोधी अभियानों में परस्पर रण कौशल के गुर तथा अनुभव साझा करेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि दोनों देशों की सैन्य टुकड़ियों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यासअभ्यास मित्र शक्ति-2025 का 11वां संस्करण कर्नाटक के बेलगावी में 'फॉरेन ट्रेनिंग नोड' में शुरू हुआ जो 23 नवंबर तक चलेगा। अभ्यास में भारतीय सेना की राजपूत रेजिमेंट के 170 जवान और श्रीलंकाई दल में 135 जवान हैं।

बांग्लादेश: अंतरिम प्रमुख यूनुस के ग्रामीण बैंक के बाहर बम धमाका, ढाका में और बढ़ा तनाव

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के राजनीतिक परिदृश्य में बढ़ते तनाव के बीच अज्ञात हमलावरों ने सोमवार रात बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के ग्रामीण बैंक के मुख्यालय के बाहर देसी बम का इस्तेमाल करके विस्फोट किया। ढाका में तनाव बढ़ने के साथ हिंसा की लगातार घटनाएं हो रही हैं।

सोमवार तड़के उपद्रवियों ने यूनुस के एक सलाहकार के व्यापारिक प्रतिष्ठान के सामने देसी बम के जरिए विस्फोट किए और राजधानी में दो बसों को आग लगा दी। पुलिस ने कहा कि ग्रामीण बैंक और मत्स्य पालन एवं पशुधन सलाहकार फरीदा अख्तर के स्वामित्व वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठान 'प्रबर्ताना' के सामने हुए हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मीरपुर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी ने कहा, मीरपुर इलाके में ग्रामीण बैंक के सामने सुबह करीब 3.45 बजे बम विस्फोट हुआ। अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन हमने उपद्रवियों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

● उपद्रवियों ने दो बसों में आग भी लगाई, पुलिस ने शुरू की जांच

यूनुस ने 1983 में ग्रामीण बैंक की स्थापना की और गरीबी उन्मूलन और गरीब महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यों के लिए 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किए गए। पुलिस के अनुसार, मोहम्मदपुर इलाके के प्रबर्ताना के सामने जोरदार विस्फोट सुबह लगभग 7:10 बजे तब हुए, जब मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने इस प्रतिष्ठान के सामने दो देसी बम फेंके।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 11 नवंबर, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- मार्गशीर्ष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 23.08 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- पुष्य 18.17 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

मेष — आज धार्मिक अनुष्ठानों में आप रुचि ले सकते हैं। किसी घटना को लेकर मन व्यथित हो सकता है। आप थोड़े नकारात्मक मूड में हो सकते हैं। बदहजमी और गैस की शिकायत हो सकती है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

वृष — आज अपने मन की करें। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे। राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। दूसरों से अधिक सलाह न लें। मित्रों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे।

मिथुन — आज फाइनेंस संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभालकर रखें। रिश्तेदारों की चिंता हो सकती है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर चिंतित रहेंगे।

कर्क — आज कमीशन संबंधी कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। समाज में आपके अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

सिंह — आज जहां तक संभव हो यात्रा से बचें। सार्वजनिक स्थलों पर जाने से बचें। किसी परिजन को लेकर चिंता रहेगी। गलत खानपान के कारण सेहत खराब हो सकती है। मन में भविष्य को लेकर चिंता हो सकती है।

कन्या — आज अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव रहेगा। अचानक पुराने मित्रों से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे।

तुला — आज बहुप्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। विरोधियों के बीच आपका सामर्थ्य बढ़ेगा। आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे और आप से किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे।

वृश्चिक — आज पुराना लोन चुका सकते हैं। बिना मांगे किसी को राय देने से बचें। पिता को लेकर चिंता हो सकती है। अपना दृष्टिकोण सकारात्मक रखें। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा करें।

धनु — आज नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें। घर में अकेलापन और बोरियत जैसा महसूस हो सकता है। दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। मानसिक उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं। अधिक काम के कारण पैरों में दर्द हो सकता है।

मकर — आज व्यवसाय में आपका मन लगेगा। जीवनसाथी के प्रति विश्वास बनाए रखें। आप छुट्टी के मूड में हो सकते हैं। किसी नए कार्य की योजना बना सकते हैं। आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ने वाला है। आवश्यक कार्य समय से पूर्ण हो जाएंगे।

कुंभ — आज बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। ससुराल से मान-सम्मान प्राप्त होगा। सरकारी नियमों का कड़ाई से पालन करें। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित करने का प्रयास करें।

मीन — आज आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा। परिवार के साथ सुखद समय बिताएंगे। सेहत का ध्यान रखें, क्योंकि सर्दी की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में अत्यंत सक्रिय रहने वाले हैं।

सुडोकू-157

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1	2						
				4				5
			6	7				
	3		8		7			
	7	5						
			2		4			
9				3	1			
6		8						
		1				4		

सुडोकू - 156 का हल

1	4	2	9	3	5	7	8	6
6	9	7	2	1	8	3	4	5
5	3	8	4	6	7	2	1	9
9	2	1	3	4	6	8	5	7
3	8	5	7	2	9	4	6	1
7	6	4	8	5	1	9	2	3
8	1	3	5	9	2	6	7	4
4	7	6	1	8	3	5	9	2
2	5	9	6	7	4	1	3	8

25 खेलों में 320 सहायक कोच की नियुक्ति को मंजूरी दी गई है। जल क्रीड़ा, साइकिलिंग और टेनिस जैसे खेल सहित उन खेलों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनमें भारतीय खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन उनमें पदक जीतने की अपार संभावनाएं हैं।

-मनसुख मांडविया, खेल मंत्री

स्टेडियम

लखनऊ, मंगलवार 11 नवंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

लेवाडोव्स्की की हैट्रिक से बार्सिलोना जीता

मैड्रिड। रॉबर्ट लेवाडोव्स्की की हैट्रिक की मदद से बार्सिलोना शानदार जीत हासिल करके स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में शीर्ष पर काबिज रियाल मैड्रिड के करीब पहुंच गया है। रियाल मैड्रिड की अपनी बढ़त मजबूत करने की उम्मीद को तब करारा झटका लगा जब रायो वेलेकानो ने उसे गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। इसके बाद लेवांडोव्स्की और लेमिन यामल ने बार्सिलोना को सेल्टा विगो पर 4-2 से जीत दिलाई। इससे बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के बीच केवल तीन अंक का अंतर रह गया है। बार्सिलोना से हार झेलने के कारण सेल्टा की सभी टूर्नामेंटों में लगातार पांच मैचों की जीत का सिलसिला रुक गया। विलारियल ने एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर लीग में लगातार तीसरी जीत हासिल की।

मनु भाकर व ईशा सिंह पदक से चूकीं

काहिरा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और कई एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह सोमवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में पदक जीतने से चूक गईं। पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम कांस्य पदक विजेता मनु का फाइनल में प्रदर्शन अच्छा चल रहा था लेकिन 14वें निशाने में 8.8 का खराब स्कोर करने के कारण वह शीर्ष स्थान से फिसलकर सातवें स्थान पर आ गईं और 139.5 अंक के साथ पदक की दौड़ से बाहर हो गईं।

न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज के बीच मैच रद्द

नेल्सन (न्यूजीलैंड) : न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच चौथा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। न्यूजीलैंड की टीम पांच मैच की सीरीज में अभी 2-1 से आगे है। सीरीज का पांचवा और आखिरी मैच गुरुवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज ने पहला मैच सात रन से जीता था। न्यूजीलैंड ने दूसरा मैच तीन रन से और रविवार को तीसरा मैच नौ रन से जीता था। न्यूजीलैंड ने सोमवार को सैक्सटन ओवल में टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फ़ैसला किया। लेकिन केवल 6.3 ओवर का खेल ही संभव हो पाया जिसमें वेस्टइंडीज ने एक विकेट खोकर 38 रन बनाए।

नागालैंड के विनो झिमोमी का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते उप्र के खिलाड़ी। अमृत विचार

उप्र ने नागालैंड को तीसरे ही दिन निबटा दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर के ग्रीनपार्क में मेजबानों की पारी और 265 रनों से बड़ी जीत
- शतकीय पारी खेलने के साथ पांच विकेट लेने वाले शिवम मावी बने प्लेयर ऑफ द मैच

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी मुकाबले के तीसरे ही दिन नागालैंड को पारी और 265 रनों से हरा दिया। बल्लेबाजों के धमाकेदार प्रदर्शन के बाद गेंदबाजों के कहर बरपाती गेंदों के दम पर नागालैंड को दोनों पारियों में सस्ते में निपटाकर सीजन की पहली जीत हासिल की।

उत्तर प्रदेश ने 6 विकेट पर 535 रनों पर पहली पारी घोषित करने के बाद नागालैंड की पहली पारी 117 और दूसरी 153 रनों पर सिमट गई। इस मैच में नाबाद 101 रनों की शतकीय पारी व पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले शिवम मावी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत से उत्तर प्रदेश एक बोनस अंक सहित कुल सात अंक लेकर एलीट ग्रुप-ए में 14 अंक बना चुका है। उत्तर प्रदेश का अब का पांचवां मुकाबला तमिलनाडु के खिलाफ कोयम्बटूर में 16 नवंबर से खेला जाएगा।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेले गये इस मुकाबले के तीसरे दिन चार विकेट पर 77 रनों से आगे खेलने उतरी नागालैंड की पहली पारी 45.3 ओवर में मात्र 117 रनों पर ढ़ेर हो गयी। टीम से सर्वाधिक 47 रन निश्चल ने बनाए वहीं सेदेज्हेली ने 15 और सौरभ ने नाबाद दस रन बनाए शेष बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी न छू सके।

उत्तर प्रदेश से शिवम मावी ने 18 रन देकर पांच, शिवम शर्मा और आकिब खान ने दो-दो और एक विकेट कुणाल त्यागी ने लिया। इससे पहले पहली पारी में 418 रनों की लीड लेने के बाद उत्तर प्रदेश ने फॉलोऑन देते हुए नागालैंड को दोबारा खेलने को बुलाया और उसकी दूसरी पारी भी 51.1 ओवर में 153 रनों पर समेटकर एक पारी व 165 रनों की शानदार जीत हासिल की।

दूसरी पारी में नागालैंड से चेतन बिष्ट ने सर्वाधिक 53 रन बनाए वहीं निश्चल ने 23, सेदेज्हेली ने 15, युग्धंर ने 15, इम्लीवति ने 18 और रोनित मोरे ने नाबाद 12 रन बनाए। उप्र से शिवम शर्मा ने 25 रन देकर पांच, करन शर्मा ने तीन, आकिब खान ने दो विकेट लेकर टीम को तीसरे ही दिन जीत दिलाने में अहम भूमिक निभायी।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम बनेगा स्पोर्ट्स सिटी

सरकार ने शुरू की तैयारी, सभी प्रमुख खेलों के अलावा खिलाड़ियों के लिए आवासीय की सुविधा भी होगी

नयी दिल्ली, एजेंसी



जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम। फाइल फोटो

गौरवशाली रहा है जेएलएन का इतिहास जर्जर ढांचे का किया जाएगा पुनर्निर्माण

सूत्र ने बताया जेएलएन परियोजना भी बड़े पैमाने पर होगी। इस परियोजना से यह सुनिश्चित होगा कि जेएलएन के अंदर जो मौजूदा बुनियादी ढांचा जर्जर हो रहा है, उसका पुनर्निर्माण हो सके। जेएलएन स्टेडियम का निर्माण 1982 में आयोजित एशियाई खेलों के लिए किया गया था। इसने बाद में 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की, जिसके लिए इसे 900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्निर्मित किया गया था। इस स्टेडियम ने हाल ही में विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी की। इसके लिए इसमें मोंडो ट्रैक बिछा कर एक और नवीनीकरण किया गया। मोंडो ट्रैक एथलेटिक्स के लिए तेज सतह माना जाता है जो चोट के जोखिम को कम करता है। इस स्टेडियम में एथलेटिक्स की सुविधाओं के साथ एक फुटबॉल पिच भी है जहां राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैच आयोजित किए गए हैं। इसने 1984 और 1991 में कुछ क्रिकेट एकदिवसीय मैचों की भी मेजबानी की है, लेकिन तकनीकी कारणों से आईसीसी ने इसे खेल के लिए अनुपयुक्त करार दिया था। इस स्टेडियम का उपयोग गैर-खेल व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भी किया जाता है और यहां नियमित रूप से भारतीय और अंतरराष्ट्रीय गायकों के संगीत कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं।

नयी दिल्ली, एजेंसी

खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी स्थित प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम को ध्वस्त करके एक स्पोर्ट्स सिटी बनाई जाएगी। इसमें सभी प्रमुख खेलों के अलावा खिलाड़ियों के लिए आवास की सुविधा भी होगी।

स्पोर्ट्स सिटी में मुख्य रूप से एक बहु-खेल सुविधा के साथ प्रशिक्षण, प्रमुख आयोजनों के संचालन के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा उपलब्ध होता है। स्टेडियम के 102 एकड़ क्षेत्र का पूरी तरह से पुनर्निर्माण किया जाएगा, लेकिन अभी तक यह योजना केवल एक प्रस्ताव है और इसलिए परियोजना की समय-सीमा और इसमें आने वाली लागत को लेकर कुछ भी तय नहीं है।

मंत्रालय के सूत्र ने कहा स्टेडियम को ध्वस्त कर दिया जाएगा। स्टेडियम के अंदर स्थित सभी कार्यालय, जिनमें राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) शामिल हैं, स्थानांतरित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा वर्तमान में इसके अंतर्गत आने वाली 100 एकड़ से अधिक भूमि का उपयोग पूर्ण रूप से नहीं हो पा रहा है। स्पोर्ट्स सिटी यह सुनिश्चित करेगी कि हमारे पास प्रमुख खेलों के लिए मेजबानी की सुविधाएं, प्रशिक्षण सुविधाएं, प्रतिस्पर्धा करते समय एथलीटों के लिए आवास की व्यवस्था हो और यहां तक कि मनोरंजन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हों। इस स्टेडियम में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) का मुख्यालय भी है, जो इस स्थल का संचालक भी है। यहां सरकार की प्रमुख खेलो इंडिया परियोजना का कार्यालय भी है। स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के लिए शहरी विकास मंत्रालय सहित कई मंत्रालयों और विभागों के बीच तालमेल की आवश्यकता होगी। प्रक्रिया लंबी होने के कारण, इसकी तत्काल शुरुआत की संभावना कम है। सूत्र ने कहा यह अभी एक विचार है, लेकिन देखते हैं कि व्यवहार्यता अध्ययन कैसे काम करता है। मंत्रालय हालांकि इसे आगे बढ़ाने को लेकर बहुत गंभीर है। इसके तौर-तरीकों को अंतिम रूप देने के लिए कतर और ऑस्ट्रेलिया स्थिति स्पोर्ट्स सिटी का मूल्यांकन किया जा रहा है।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया हाल ही में दोहा में थे और विश्वसनीय जानकारी के अनुसार उन्होंने वहां स्पोर्ट्स सिटी का दौरा किया था। दोहा स्पोर्ट्स सिटी 617 एकड़ में फैली हुई है। इसमें एक अकादमी के अलावा फुटबॉल, जलक्रीडा और 13 विभिन्न इंडोर खेलों की सुविधाएं हैं। इसमें एक विशेष ऑर्थोपेडिक और स्पोर्ट्स मेडिसिन अस्पताल भी है। ऑस्ट्रेलिया की बहुउद्देशीय सुविधाओं में मेलबर्न स्थित डॉकलैंड्स स्टेडियम शामिल है, जो क्रिकेट, ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल, रग्बी और फुटबॉल की मेजबानी कर सकता है। अहमदाबाद का सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इसका एक उदाहरण है, जहां क्रिकेट, जलक्रीड़ा, टेनिस और एथलेटिक्स आदि के लिए सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह लगभग 250 एकड़ में फैला हुआ है और इसके निर्माण में लगभग 4600 करोड़ रुपये की लागत आयी थी। यह शहर वर्तमान में 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश कर रहा है और इसी महीने के अंत में 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी भी इसी शहर को मिलने वाली है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने हाल ही में ऐसे आयोजनों के लिए बुकिंग शुल्क में वृद्धि की है और ऐसे कार्यक्रमों के समापन पर स्टेडियम को अच्छी स्थिति में वापस न करने पर जुर्माने का प्रावधान भी रखा है।

महिला टीम को जल्द मिलेगा विदेशी स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच

नई दिल्ली। विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम को निकट भविष्य में अपना पहला विदेशी स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच मिलने की पूरी संभावना है।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पहले ही बेंगलुरु स्थित उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विभाग में कई भर्तियां की हैं। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश पुरुष टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नाथन कीली भारतीय बोर्ड के साथ बातचीत कर रहे हैं और संभावना है कि वह सीओई में शामिल हो सकते हैं। भारतीय महिला टीम की वर्तमान स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच एआई हर्षा ने विश्व कप में खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी लेकिन पता चला है कि बीसीसीआई उनको कोई और कार्य देना चाहता है। बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम के साथ काम करने के अलावा कीली ने न्यू साउथ वेल्स की प्रथम श्रेणी टीम के सहायक कोच के रूप में भी काम किया है। अब तक सीओई से जुड़े व्यक्ति को ही महिला क्रिकेट टीम का स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच नियुक्त किया जाता रहा है, लेकिन अगर कीली इसमें शामिल होते हैं तो वह पहले विदेशी कोच हो सकते हैं। भारतीय पुरुष टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच एड्रियन ली रॉ हैं।

टेस्ट सीरीज : दक्षिण अफ्रीकी टीम कोलकाता पहुंची, बावुमा भी जुड़े

कोलकाता, एजेंसी

ईडन गार्डन्स की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा कोलकाता पहुंचे। एजेंसी

विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका की टीम भारत के खिलाफ शुक्रवार से ईडन गार्डन्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए यहां पहुंच गई है। बेंगलुरु में भारत ए के खिलाफ मैच खेलने के बाद कप्तान तेम्बा बावुमा भी टीम से जुड़ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम का पहला बैच रविवार को यहां पहुंच गया था जिसमें मुख्य कोच शुकरी कोनराड, तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और मार्को यानसन तथा पाकिस्तान में सीमित ओवरों की श्रृंखला में खेलने वाले खिलाड़ी शामिल थे।

दक्षिण अफ्रीका टीम के स्थानीय मैनेजर ने पीटीआई को बताया बावुमा एक अन्य खिलाड़ी और कुछ अधिकारियों के साथ आज सुबह बेंगलुरु से यहां पहुंचे। मुख्य कोच सहित टीम के अधिकतर सदस्य रविवार को ही पहुंच गए थे। संभावना है कि दोनों टीम मंगलवार से अभ्यास शुरू करेंगी। बावुमा पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पाकिस्तान में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने मैच अभ्यास के लिए भारत ए के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में हिस्सा लिया था।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा पहली पारी में शून्य पर आउट हो गए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 101 गेंदों में 59 रन की पारी खेली, जिससे उनकी टीम रविवार को समाप्त हुए इस मैच में जीत हासिल करने में सफल रही थी। मध्यक्रम के बल्लेबाज जुबैर हमजा भी बेंगलुरु में दोनों मैच खेलने के बाद यहां मुख्य टीम में शामिल हो गए।

राष्ट्रीय पिकलबॉल चैंपियनशिप 13 से

बेंगलुरु। भारत की पहली राष्ट्रीय पिकलबॉल चैंपियनशिप 13 से 16 नवंबर तक बेंगलुरु के द स्पोर्ट्स स्कूल में आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। कर्नाटक पिकलबॉल एसोसिएशन (केपीए) इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा, जिसमें भाग लेने के लिए 20 से अधिक राज्यों से 1,200 से अधिक आवेदन मिले हैं।

यह प्रतियोगिता पुरुष, महिला और मिश्रित प्रारूपों में अंडर-12 से लेकर 70 साल की उम्र से अधिक के विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी।

महिला एशियाई कप के ग्रुप सी में भारत

नयी दिल्ली, एजेंसी

- एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप का अगले साल थाइलैंड में होगा आयोजन
- ग्रुप सी में भारत के साथ जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीमें खेलेंगी

ग्रुप ए : थाईलैंड, चीन, वियतनाम, बांग्लादेश।

ग्रुप बी : उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, उज्बेकिस्तान, जोर्डन।

ग्रुप सी : जापान, ऑस्ट्रेलिया, चीनी ताइपे, भारत।

भारत को अगले साल थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप फाइनल के कड़े ग्रुप सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है। ड्रॉ बैंकॉक में आयोजित किया गया। बीस साल बाद महाद्वीपीय महिला अंडर-20 टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत जापान के खिलाफ करेगी, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया और फिर चीनी ताइपे से भिड़ेगी।

गत उपविजेता जापान इस टूर्नामेंट का रिकॉर्ड छह बार का चैंपियन है और 2018 में फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप चैंपियन और 2024 का उप विजेता भी है। ऑस्ट्रेलिया 2024 में तीसरे स्थान पर रहा जबकि चीनी ताइपे ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था। तीनों ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम और तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली चार टीम पोलैंड में होने वाले 2026 फीफा अंडर-20 महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। ग्रुप ए में मेजबान थाईलैंड को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश के साथ रखा गया है। ग्रुप बी में वर्तमान अंडर-20 विश्व चैंपियन उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया, उज्बेकिस्तान और जोर्डन शामिल हैं।

इंग्लैंड में खेलने से इन्कार करने पर शमी की वापसी की संभावना हुई क्षीण

नई दिल्ली : मोहम्मद शमी ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी में 93 ओवर गेंदबाजी कर ली है, लेकिन भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक का दोबारा टेस्ट क्रिकेट में खेलना मुश्किल लग रहा है और उनकी वनडे टीम में भी नीली जर्सी पहनने की संभावना कम ही दिख रही है। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था लेकिन उसके बाद से उन्हें किसी भी प्रारूप की टीम में नहीं चुना गया। वह 2023 में वनडे विश्व कप के बाद एड़ी की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से बाहर रहे थे। उन्हें इस चोट से निजात पाने के लिए सर्जरी करानी पड़ी थी। वर्तमान समय में भारतीय क्रिकेट जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है उसे देखते हुए ऐसी संभावना नहीं लगती है कि शमी तीनों प्रारूपों में अब तक खेले गए 197 अंतरराष्ट्रीय मैचों में और मैच जोड़ पाएंगे। वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों में ही राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में पिछड़ गए हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और आकाशदीप के रूप में भारत के पास अच्छे विकल्प हैं। ऐसा लगता है कि उनके लिए अब केवल एक दिवसीय क्रिकेट ही बचा है। अगला वनडे विश्व कप 2027 में होगा और तब तक शमी 37 साल के हो जाएंगे। ऐसे में भारतीय टीम एक उम्र दराज तेज गेंदबाज को की टीम में रखने का जोखिम नहीं उठाएगी क्योंकि शमी का करियर चोटों से जुड़ा रहा है, जिसमें घुटने की समस्या भी शामिल है। शमी राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं और उन्होंने खुलकर कहा है कि चयनकर्ताओं ने उनसे कोई बातचीत नहीं की है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र हालांकि ऐसा नहीं मानते हैं।



गांगुली ने फिट हुए शमी का किया समर्थन

कोलकाता : पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली चाहते हैं कि मोहम्मद शमी सभी प्रारूपों में भारतीय टीम में वापसी करें क्योंकि उनका मानना है कि यह कुशल तेज गेंदबाज 'फिट है और बेहतरीन गेंदबाजी कर रहा है'। हालांकि ऐसा लगता है कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति इस 35 वर्षीय तेज गेंदबाज को नजरअंदाज कर चुकी है जिनकी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अनदेखी की गई है। गांगुली एक कार्यक्रम के इतर कहा शमी असाधारण रूप से अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। वह फिट हैं और हमने तीन रणजी ट्रॉफी मैच में देखा, जहां उन्होंने अपने दम पर बंगाल को जीत दिलाई। शमी ने अब तक 15 विकेट लिए हैं। बंगाल को शुरुआती दो मैच में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई पर त्रिपुरा के खिलाफ एक भी विकेट नहीं ले पाए थे। उन्होंने इस सत्र में तीन मैच में 91 ओवर फेंके हैं।

जताई चिंता

मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा-फिटनेस के लिहाज से हम हैं काफी पीछे

टी-20 विश्व कप के लिए अभी टीम तैयार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारियों के मामले में अभी उस स्थिति में नहीं है, जहां वह पहुंचना चाहती है। हालांकि उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए टीम के पास अभी पर्याप्त समय है।

गंभीर ने बीसीसीआई डॉट टीवी से बातचीत में फिटनेस के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस को अगले स्तर पर ले जाने की जरूरत है क्योंकि खिताब बचाने की तैयारी भारत घरेलू मैदान पर कर रहा है।

उन्होंने कहा यह एक ऐसा ड्रेसिंग रूम है जहां बहुत अधिक पारदर्शिता और ईमानदारी है। हम चाहते हैं कि यह ड्रेसिंग रूम आगे भी ऐसा ही बना रहे। उन्होंने कहा फिटनेस के नजरिए से मुझे लगता है कि टी-20 विश्व कप से पहले हम अभी उस मुकाम पर नहीं पहुंचे हैं जहां पहुंचना चाहते हैं। यही बात हमने खिलाड़ियों से भी की है। हम पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त रहना चाहते हैं। हम फिट रहना चाहते हैं। हम तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं।

भारतीय कोच ने कहा हम जितने ज्यादा फिट होंगे, मानसिक रूप से उतने ही मजबूत होंगे। क्योंकि दबाव वाले मैच और दबाव वाली स्थिति में आप जितने ज्यादा शारीरिक रूप से मजबूत होंगे, मानसिक रूप से भी उतने ही मजबूत होंगे। हमारे पास अभी भी तीन महीने हैं। टी-20 विश्व कप अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। भारत इस प्रतियोगिता का मौजूदा चैंपियन है। गंभीर ने हाल ही में भारत के एशिया कप के विजयी अभियान के दौरान पावरप्ले में जसप्रीत बुमराह से तीन ओवर कराने के पीछे के तर्क पर भी बात की। उन्होंने कहा बहुत से लोग इस टी20 टीम को एक बेहद आक्रामक बल्लेबाजी क्रम के रूप में देखते हैं। मेरे हिसाब से, पहले छह ओवरों में जसप्रीत बुमराह से तीन ओवर गेंदबाजी कराना और भी आक्रामक विकल्प था। हम ऐसी टीम नहीं बनना चाहते जिसकी पहचान सिर्फ आक्रामक बल्लेबाजी क्रम हो। हम एक ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो कुल मिलाकर एक आक्रामक टीम के रूप में जानी जाए।

श्रृंखला हारने का जश्न नहीं मनाया जा सकता

नई दिल्ली। गौतम गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में एकदिवसीय श्रृंखला में टीम की हार की आलोचना करते हुए कहा कि हार के बाद सराहनीय प्रदर्शन का कभी जश्न नहीं मनाया जाना चाहिए। वे सफल खिलाड़ियों के लिए खुश हो सकते हैं, पर किसी को भी बड़ी तस्वीर से ध्यान नहीं हटाना चाहिए और इस मामले में यह श्रृंखला में हार है। ऑस्ट्रेलिया में हुई एकदिवसीय श्रृंखला से रोहित शर्मा और विराट कोहली ने आईपीएल के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी। रोहित को तीसरे एकदिवसीय मैच में शतक लगाने के बाद मैन ऑफ द मैच व श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। रोहित ने इससे पहले दूसरे वनडे में 73 रन रन बनाए थे पर मैच में भारत को हार गया था।